मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक : 171 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

रविवार, 13 फरवरी 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक पार्टियों को पदयात्रा निकालने की छूट मिली

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक पार्टियों को पदयात्रा निकालने की छूट दे दी है। अब सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चुनाव प्रचार किया जा सकेगा। चुनाव आयोग ने शनिवार को कोरोना काल के बीच निर्वाचन संबंधी तैयारियों और नियम-कायदों की समीक्षा के दौरान ये फैसला लिया। चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा है कि अब रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ही चुनाव प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। यह पहले रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक था। राजनीतिक दलों और उम्मीदवार अब सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक प्रचार कर सकेंगे।




हालांकि इस दौरान उन्होंने कोरोना से जुड़े प्रोटोकॉल और अन्य शर्तों का पूरी तरह पालन करना होगा। राजनीतिक दल किसी खुले मैदान की 50 फीसदी क्षमता के साथ और कोविड प्रोटोकॉल के अनुरूप रैली और जनसभाएं कर सकते हैं। पदयात्रा स्वीकृत व्यक्तियों की संख्या के साथ निकाली जा सकती है। हालांकि जिलाधिकारी की पूर्व मंजूरी के साथ ही ऐसा किया जा सकेगा। चुनाव से जुड़ी अन्य शर्तों का भी इसमें पालन करना होगा।

निर्वाचन आयोग का यह फैसला ऐसे वक्त आया है, जब दूसरे चरण के लिए यूपी में विधानसभा चुनाव का प्रचार खत्म हो चुका है। साथ ही उत्तराखंड और गोवा के लिए भी प्रचार थम गया है। उत्तराखंड में 70 सीटों और गोवा में 40 सीटों पर मतदान 14 फरवरी को होगा। जबकि उत्तर प्रदेश में 55 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है।



## संक्षिप्त समाचार

### मशहूर उद्योगपति और बजाज ग्रुप के पूर्व चेयरमैन राहुल बजाज का निधन

मुंबई, एजेंसी। मशहूर उद्योगपति और बजाज ग्रुप के पूर्व चेयरमैन राहुल बजाज का 38 साल में शनिवार को पुणे में निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। राहुल बजाज ने साल 1972 में बजाज ग्रुप की जिम्मेदारी संभाली थी। वह करीब 5 दशक तक बजाज ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़े रहे। देश के सफल उद्योगपतियों में शामिल राहुल बजाज ने दुपहिया और तिपहिया वाहनों के क्षेत्र में बजाज ऑटो को खड़ाकर उस अग्रणी स्थान तक पहुंचाया। वह साल 2006 से लेकर 2010 तक राज्य सभा के सदस्य भी रहे। साल 2001 में उन्हें पद्म भूषण का सम्मान भी मिल चुका है। राहुल बजाज का जन्म 10 जून, 1938 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की थी। इसके अलावा बजाज के पास बॉम्बे विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल एमबीए की डिग्री भी थी।

### पीएम मोदी के पंजाब दौरे के दौरान राज्य भर में प्रदर्शन करेगा एसकेएम

चंडीगढ़, एजेंसी। संयुक्त किसान मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान राज्य भर में प्रदर्शन करेगा। हालांकि एसकेएम (एसकेएम) ने कहा है, कि किसान पीएम मोदी का रास्ता नहीं रोकने वाले हैं। एसकेएम का कहना है कि अभी भी किसानों की एमएसपी मांग पूरी नहीं हुई है। मोदी सरकार ने वादा किया था, कि एमएसपी को लेकर कमेटी का गठन होगा, जो अभी तक नहीं किया गया है। किसान सभी फसलों पर एमएसपी की मांग कर रहे हैं। इस बीच कांग्रेस के सांसद रवनीत बिट्टू ने कहा है कि पीएम को अपने पंजाब दौरे के दौरान हैलिकाप्टर का ही इस्तेमाल करना चाहिए उन्हें यात्रा सड़क से नहीं करनी चाहिए। भाजपा ने उनके बयान के बाद कहा है कि कांग्रेस किसानों को आंदोलन के लिए उकसा रही है। इस लेकर चुनाव आयोग को शिकायत करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता हरदीप ग्रेवाल ने कहा कि किसानों की लगभग सभी मांगों को मान लिया गया है, इसलिए प्रदर्शन करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि फिर भी किसानों को प्रदर्शन करने का हक है। वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख सकते हैं। एमएसपी को हर फसल पर लागू करने के लिए कमेटी बनाने की बात पर उन्होंने कहा कि इस कमेटी का गठन वादे के मुताबिक केंद्र सरकार चुनाव के बाद कर देगी। कमेटी में किसान नेताओं को शामिल करने के लिए केंद्र ने नाम भी मांगे हैं। ग्रेवाल ने कहा कि पीएम मोदी के पिछले दिनों फिरोजपुर में किसानों ने रास्ता रोक दिया था, जिस कारण उन्हें अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा, जबकि इस दौरान लाखों करोड़ों के विकास कार्यों का उद्घाटन होना था, इसलिए इस तरह के प्रदर्शन पंजाब के विकास कार्यों में बाधा डालते हैं।

## देश में 96 फीसदी पात्र लोगों ने कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक लगी

### 75 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को दो खुराक दी गई

नई दिल्ली, एजेंसी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में अभी तक कोविड-19 टीके के करीब 172 करोड़ इंजेक्शन लगे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 96 फीसदी पात्र लोगों ने कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक ले ली है, जबकि 75 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को दो खुराक दी गई हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ.बलराम भार्गव ने पहली खुराक के 96 प्रतिशत राष्ट्रव्यापी कोरोना टीकाकरण की सराहना कर कहा कि भारत एक वैक्सीन महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) वैक्सीन भारत में क्लिनिकल ट्रायल के तीसरे चरण में है। इस वैक्सीन के भविष्य में अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी काम आने की उम्मीद है। डॉ भार्गव ने कहा, भारत एक वैक्सीन महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है।



आईसीएमआर के महानिदेशक ने कहा कि हमारी आबादी के इतने बड़े हिस्से का टीकाकरण हो चुका है। तीसरी लहर के दौरान मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने की नौबत और मृत्यु दर के मामले में वृद्धि नहीं देखी गई। इसके पीछे बड़ी वजह 96 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की पहली खुराक से सुरक्षा प्रदान किया जाना है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक राष्ट्र के रुप में बड़ी ताकत को दशार्ता है। एमआरएनए वैक्सीन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नीति आयोग के सदस्य-स्वास्थ्य डॉ वीके पॉल ने कहा कि हमें एमआरएनए प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है, क्योंकि यह नया प्लेटफॉर्म है। हमने इस प्लेटफार्म पर वैक्सीन विकसित होते हुए देखी है। कोरोना को रोकने के लिए इस तरह की वैक्सीन बनाई गई है। दुनिया में यह प्रयोग सफल रहा है। यह वैक्सीन प्रभावी रही है।

## हिजाब मामले में सामने आई आईएसआई की भूमिका, आईबी ने राज्यों को जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्नाटक से शुरू हुए हिजाब मामले का विवाद अब देश के अन्य हिस्सों में भी पहुंच गया है। फिलहाल मामला कोर्ट में है। दूसरी ओर हिजाब मामले को लेकर पाकिस्तान की साजिश का खुलासा किया गया है। जानकारी के मुताबिक के हिजाब मामले में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई सक्रिय हो गई है। वीडियो के जरिए आईएसआई ने प्रदर्शन का समर्थन किया है।



आईबी ने सभी राज्यों को अलर्ट जारी किया है। बताया जाता है कि वीडियो के जरिए प्रदर्शन को भड़काने की कोशिश की जा रही है। आईएसआई खालिस्तानी संगठन के जरिए इस मामले को अंजाम दे रहा है। भारत में हिजाब रेफरेंडम के लिए वेबसाइट भी बना दी गई है। फिलहाल अब अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा आईएसआई ने सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरूपंतवंत सिंह पन्नू से भी वीडियो जारी करवाया है।

पन्नू ने भारतीय मुसलमानों से अपील की है कि वे हिजाब रेफरेंडम शुरू करें और भारत को उर्दुस्थान बनाने की तरफ आगे बढ़े। आईबी की ओर से दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के मुस्लिम बहुल इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। वहीं कर्नाटक में हिजाब विवाद के मद्देनजर पुलिस ने दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में एहतियात के तौर पर फ्लैग मार्च किया। हिजाब विवाद के केंद्र उडुपी के कौप, कुंडापुर, करकला, पदुबिदरी, ब्रह्मवर, बैन्दूर और शिरवा में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

दूसरी ओर कर्नाटक उच्च न्यायालय ने हिजाब विवाद से जुड़ी लंबित याचिकाओं पर अंतरिम आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार से शिक्षण संस्थानों को पुनः खोलने का अनुरोध किया है, साथ ही विद्यार्थियों को भी कक्षा के भीतर भगवा शॉल, गमछा, हिजाब या किसी तरह का धार्मिक झंडा आदि ले जाने से रोक दिया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश केवल ऐसे संस्थानों पर लागू होगा जहां महाविद्यालय विकास समिति ने विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड या यूनीफार्म लागू खइआ है।

मुख्य न्यायाधीश रितुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हम राज्य सरकार और सभी हितधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे शिक्षण संस्थानों को खोलें और विद्यार्थियों को कक्षाओं में यथाशीघ्र लौटने की अनुमति दें। संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई लंबित रहने के मद्देनजर अगले आदेश तक हम सभी विद्यार्थियों को भले वे किसी धर्म और आस्था के हों, कक्षा में भगवा शॉल, गमछा, हिजाब, धार्मिक झंडा या इस तरह का सामान लेकर आने पर रोक लगाते हैं। इस पीठ में मुख्य न्यायाधीश अवस्थी के अलावा न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित और न्यायमूर्ति जेएम काजी भी शामिल है।

## भाजपा के दिग्गज नेता नड्डा, शाह, खट्टर, वीके सिंह और हेमा मालिनी पंजाब में करेंगे प्रचार

पठानकोट, एजेंसी। देश में पांच राज्यों हो रहे विधानसभा चुनाव प्रचार अपने पूरे जोर पर है। भाजपा के स्टार प्रचारकों ने पंजाब में चुनावी रैलियां शुरू कर दी हैं। आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री वीके सिंह 12 फरवरी को पंजाब मे भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए कुल 10 जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

13 फरवरी को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पंजाब के तीन जिलों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। 13 फरवरी को भाजपा सांसद श्रीमती हेमा मालिनी भी पंजाब के विभीन जिलों में चुनावी रैलियां करेंगी। इस बात की जानकारी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं पंजाब चुनाव संचालन समिति के संयोजक जीवन गुप्ता ने दी। वह आज पठानकोट में होने वाली जनसभा की तैयारियों जायजा लेने के लिए पठानकोट पहुंचे थे, उन्होंने पत्रकारवार्ता से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 4 और मनोहर लाल खट्टर व वीके सिंह 3-3 जनसभाएं करेंगे।



जीवन गुप्ता ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 12 फरवरी को सुबह 11:15 बजे पहली जनसभा बलाचौर, दोपहर 12:45 बजे रोपड़ में, 3:15 बजे राजपुरा में और शाम 4:45 बजे घनौर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

जीवन गुप्ता ने बताया कि इसी तरह हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर 12 फरवरी को सुबह 11:15 बजे लुधियाना देहात विधानसभा क्षेत्र के गांव गिल में, दोपहर 12:15 बजे जगराओं में और दोपहर बाद 3 बजे कपूरथला में जनसभा को संबोधित करेंगे। जीवन गुप्ता ने बताया कि इसी तरह केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री वीके सिंह अमृतसर में सुबह 11:30 बजे उत्तरी विधानसभा हलका में, दोपहर 12:30 बजे अमृतसर ईस्ट मेंऔर दोपहर बाद 3:15 बजे बाबा बकाला विधानसभा क्षेत्र ने जनसभा को संबोधित करेंगे।

जीवन गुप्ता ने कहा कि 13 फरवरी को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पंजाब के तीन जिलों लुधियाना, सुनाम तथा पटियाला में प्रत्याशियों के हक में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही 13 फरवरी को भाजपा सांसद श्रीमती हेमा मालिनी भी पंजाब के अमृतसर विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों तथा बठिंडा के मौड़ मंडी में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी अन्य स्टार प्रचारकों द्वारा आने वाले दिनों में पंजाब के विभिन्न जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित किया जाएगा।

## सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, अल-बद्र के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

श्रीनगर, एजेंसी। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कश्मीर पुलिस ने सोपोर के डांगवाची इलाके में तलाशी अभियान के दौरान अल-बद्र के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इतना ही नहीं सुरक्षाबलों ने उनकी तलाशी ली, तब उनके पास से हथियार व गोलाबारूद भी बरामद किया है। गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ जारी है।



पुलिस ने बताया कि उनके सूत्रों ने सोपोर के डांगवाची गांव में कुछ आतंकवादियों के देखे जाने की सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस व सुरक्षाबलों के संयुक्त दल में इलाके में पहुंची तलाशी अभियान शुरू कर दिया। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने अल-बद्र के तीन सक्रिय आतंकवादियों को दबोच लिया। पूछताछ के आधार पर जब उन्होंने तलाशी ली, तब तीनों के पास से हथियार व गोला-बारूद भी बरामद हुआ।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर तीनों आतंकवादियां से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आतंकियों की पहचान आमिर वानी निवासी नौपोरा सोपोर, तारिक अहमद भट निवासी हंदवाड़ा और वारिस तांत्रे निवासी रवूचा रफियाबाद के रूप में हुई है। उनके कब्जे से एक एके-47, उसकी मैगजीन, एके के ही तीन राउंड, दो पिस्तौल, पिस्तौल के 37 राउंड, उसकी दो मैगजीन और 2 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। दावा किया जा रहा है, कि पूछताछ के आधार पर आने वाले दिनों में संगठन से जुड़े कई आतंकवादियों व ओवरग्राउंड वर्करों की गिरफ्तारी संभव है। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि इन आतंकवादियों को क्या दायित्व सौंपा गया था, जिसके चलते वे इलाके में छिपे हुए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच प्रक्रिय पूरी होने पर इस बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## गुजरात में बैंकिंग इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला

### 22,842 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात में बैंकिंग इतिहास के सबसे बड़े घोटाले में 8 बैंकों के साथ 22,842 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अइॠ शिपयार्ड और उसके तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल सहित 8 लोगों के खिलाफ ऋकफ दर्ज की है।

इस मामले में बैंक ने सबसे पहले 8 नवंबर, 2019 को शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर सीबीआई ने 12 मार्च, 2020 को कुछ स्पष्टीकरण मांगा था। बैंक ने उस साल अगस्त में एक नई शिकायत दर्ज कराई। डेढ़ साल से अधिक समय तक जांच करने के बाद, उइक ने 7 फरवरी, 2022 को प्राथमिकी दर्ज करने वाली शिकायत पर कार्रवाई की।

अइॠ शिपयार्ड कंपनी जहाज के निर्माण और मरम्मत का काम करती है। इसके शिपयार्ड गुजरात के दहेज और सूरत में स्थित हैं। ऋकफ के मुताबिक यह घोटाला अप्रैल 2012 से जुलाई 2017 तक का है। यह नीरव मोदी से भी बड़ा घोटाला है।

रइक के ऊॠट की शिकायत के मुताबिक कंपनी के पास कउकउक बैंक के 7089 करोड़ रुपए, कऊइक बैंक के 3634 करोड़ रुपए, रइक को 2468 करोड़ रुपए, बैंक ऑफ बड़ौदा के 1614 करोड़ रुपए, पंजाब नेशनल बैंक के 1244 करोड़, इंडियन ओवरसीज बैंक के 1228 करोड़ रुपए और छकउ को 136 करोड़ रुपए का नुकसान शामिल है।

उइक की ऋकफ के मुताबिक फ्रॉड करने वाली दो प्रमुख कंपनियों के नाम एबीजी शिपयार्ड और एबीजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड हैं। दोनों कंपनियां एक ही ग्रुप की हैं। आरोप है कि बैंकों से फ्रॉड किए गए पैसे को विदेशों में भी भेजा गया और काफी प्रॉपर्टी खरीदी गईं। तमाम नियम कानूनों को ताक पर रखकर पैसा एक कंपनी से दूसरी कंपनी में भेजा गया।

कंपनी को एसबीआई के साथ ही 28 बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने 2468.51 करोड़ रुपए के लोन की मंजूरी दी थी। ऑडिट से पता चला है कि वर्ष 2012-17 के बीच आरोपियों ने कथित रूप से मिलीभगत की और अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया, जिसमें पैसे का दुरुपयोग और आपराधिक विश्वासघात शामिल है।

एजेंसी ने अग्रवाल के अलावा तत्कालीन कार्यकारी निदेशक संथानम मुथास्वामी, निदेशकों- अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमल नेवेतिया और एक अन्य कंपनी एबीजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी कथित रूप से आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आधिकारिक दुरुपयोग जैसे अपराधों के लिए मुकदमा दर्ज किया है।

## आयुष्मान को आरोग्य सेतु ऐप से जोड़ा जाएगा


### उपयोगकर्ता को मिलेगा 14 अंको का यूनिक हेल्थ आईडी नंबर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने पीएम मोदी के महात्वाकांक्षी प्रोजेक्ट आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को स्वास्थ्य ऐप-आरोग्य सेतु के साथ जोड़ने का ऐलान किया है। इसके द्वारा 14 अंको वाले विशिष्ट आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता संख्या का लाभ आरोग्य सेतु के उपयोगकताओं को मिल सकेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण- एनएचए ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन-एबीडीएम की अपनी प्रमुख योजना के तहत आरोग्य सेतु के साथ करने की घोषणा की है। यह एकीकरण 14 अंकों की यूनीक एबीएचए-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता संख्या (एबीएचए) का लाभ आरोग्य सेतु यूजर्स तक पहुंचाएगा।




एबीडीएम के तहत कोई यूजर अपना विशिष्ट एबीएचए नंबर जनरेट कर सकता है। यूजर्स डॉक्टर के नुस्खे, लैब रिपोर्ट, अस्पताल के रिकॉर्ड आदि सहित अपने मौजूदा और नए मेडिकल रिकॉर्ड को जोड़ने के लिए एबीएचए नंबर का उपयोग कर सकता है और इन रिकॉर्ड्स को डॉक्टर या हॉस्पिटल के साथ साझा कर सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने ट्वीट कर कहा कि 21.4 करोड़ से अधिक आरोग्य सेतु उपयोगकर्ता अब ऐप से 14-अंकीय अद्वितीय आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) नंबर बना सकेंगे। यह एकीकरण डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम को मजबूत करेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण-एनएचए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आरएस शर्मा ने बताया कि आरोग्य सेतु ने कोविड महामारी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महामारी के दौरान इस मोबाइल ऐप का बड़े स्तर पर इस्तेमाल हुआ है। उन्होंने बताया कि अब जब हालात सामान्य होने की ओर हैं, ऐसे में इस डिजिटल ऐप का फिर से इस्तेमाल उपयोग करना आवश्यक था। एबीडीएम के साथ आरोग्य सेतु के एकीकरण से हम अब एबीडीएम के लाभ आरोग्य सेतु के यूजर्स को उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे। यूजर्स को उनकी सहमति से डिजिटल स्वास्थ्य ईकोसिस्टम में शामिल होने के लिए सक्षम बनाएंगे। एबीएचए का निर्माण एक शुरूआत है, और हम जल्द ही आपके डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को भी देखने की सुविधा शुरू करेंगे।

आरोग्य सेतु ऐप का बहुत बड़ा एक्टिव यूजर्स आधार है और इसका उपयोग पहले से ही कोविड-19 संबंधित संपर्क की जानकारी प्राप्त करने से लेकर जोखिम का पता लगाने के लिए किया जा रहा है। इसका उपयोग कोविड-19 वैक्सीन बुकिंग, प्रमाणपत्र डाउनलोड करने और ई-पास बनाने के लिए भी किया जा रहा है। इस ऐप के माध्यम से कोविड जांच की सुविधाएं, हेल्पलाइन संपर्क और अन्य कोविड-19 आंकड़े तथा अपडेट प्रदान करने वाली लैब की खोज भी की जा रही थी। अब एबीडीएम के साथ यह एकीकरण आरोग्य ऐप यूजर्स के लिए एबीएचए नंबर जनरेट करने का एक और फीचर जोड़ देगा। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत, एक यूजर अपना विशिष्ट एबीएचए नंबर जेनरेट कर सकता है। इसके जरिए वे डॉक्टर के नुस्खे, लैब रिपोर्ट, अस्पताल के रिकॉर्ड आदि सहित अपने सभी मौजूदा और नए मेडिकल रिकॉर्ड को जोड़ने के लिए एबीएचए नंबर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही वे अपने इन हेल्थ रिकॉर्ड्स को हेल्थ प्रोफेशनल्स और हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ शेयर कर सकते हैं।





# 40 लाख की डकैती के एक महिला सहित 5 आरोपी गिरफ्तार : उषा रंगनानी आईपीएस

विजय गौड़ विशेष संवाददाता

28.01.22 को 40 लाख रुपये की लूट की घटना की सूचना पीएस मौर्य एन्क्लेव में मिली थी, जिसमें शिकायतकर्ता सूरज कुमार ने कहा कि वह पिछले 6-7 वर्षों से अपने मालिक जो एक व्यवसायी है, के लिए काम कर रहा है। 24.01.22 को, उसके मालिक ने उसे मॉडल टाउन से अपने बिजनेस पार्टनर से 40 लाख रुपये का भुगतान लेने के लिए कहा।। इस पर शिकायतकर्ता ड्राइवर राकेश के साथ वहां गया और 40 लाख रुपये वसूल किए।। जब वे कार से दिल्ली के पीतमपुरा स्थित अपने मालिक के घर लौट रहे थे, तो उन्होंने अपनी कार पार्क की और घर में प्रवेश करने ही वाले थे कि अचानक पीछे से दो व्यक्ति बाइक पर आए और उनमें से एक ने चालक राकेश को पकड़ लिया, जबकि दूसरा व्यक्ति ने रुपये ले जा रहा बैग लूट लिया। शिकायतकर्ता से 40 लाख रुपये पिस्टल दिखाकर मौके से फरार हो गए।तदनुसार, उनके बयान के आधार पर, प्राथमिकी संख्या 223/22 यू/एस 392/397/411/34 आईपीसी के तहत पीएस मौर्य एन्क्लेव में मामला दर्ज किया गया था और जांच की गई थी। चूंकि आरोपी व्यक्तियों के बारे में कोई सुराग नहीं था। मामले की संवेदनशीलता और घटना की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, उप निरीक्षक आनंद, उप निरीक्षक दिनेश बेनीवाल, उप निरीक्षक विजेंदर नागर,सहायक उप निरीक्षक नरेश, हेड कांस्टेबल नरसी, हेड कांस्टेबल देवेंद्र, महिला कांस्टेबल रितु, कांस्टेबल अंकुश, कांस्टेबल रोहित, कांस्टेबल प्रदीप, कांस्टेबल मंजीत, कांस्टेबल सुनील, कांस्टेबल उत्तम, कांस्टेबल इंद्राज और कांस्टेबल सोमबीर सहित विशेष स्टाफ/उत्तर-पश्चिम की कई टीमों नेऔर पुलिस स्टेशन मौर्य एन्क्लेव में सब इंस्पेक्टर जोगेंडर, सब इंस्पेक्टर सनी, सब इंस्पेक्टर विपिन, हेड कांस्टेबल योगेश, महिला कांस्टेबल शामिल हैं। ममता, कांस्टेबल अमित और कांस्टेबल रवि प्रकाश, इंस्पेक्टर अमित कुमार पुलिस स्टेशन सुभाष प्लेस के नेतृत्व में, और इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, एसएचओ / पीएस मौर्य एन्क्लेव को तुरंत सहायक पुलिस आयुक्त / संचालन और सहायक पुलिस आयुक्त /सुभाष प्लेस की निगरानी में और उषा रंगनानी आईपीएस उपायुक्त पुलिस उत्तर पश्चिम जिला के समग्र पर्यवेक्षण के तहत टीमों को गठित किया गया था।। टीमों को ठीक से जानकारी दी गई और दोषियों को पकड़ने और मामले को जल्द से जल्द सुलझाने का काम सौंपा गया।जांच के दौरान, पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की और अपराधियों के सभी निकास मार्गों का विश्लेषण किया। कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के बाद, आरोपी व्यक्तियों के प्रवेश और निकास का एक रूट चार्ट तैयार किया गया। इसके अलावा, दोषियों के बारे में हर संभव सुराग पाने के लिए तकनीकी निगरानी भी लगाई गई थी और पुलिस टीम मॉडल टाउन के व्यवसायी के ड्राइवर नरेश कुमार की संलिप्तता का पता लगाने में सक्षम थी।चालक नरेश कुमार से लगातार पूछताछ पर और चरण ने कबूल किया कि वह मुख्य मास्टरमाइंड / साजिशकर्ता हेमा @ बसंती के साथ साजिश की योजना बनाने में शामिल था क्योंकि वह अपने घर के मालिक कमल जो मंगोलपुरी के बीसी हैं के माध्यम से कई



कुख्यात अपराधियों को जानती है, उसने आगे खुलासा किया कि हेमा ने उससे दोस्ती कर ली और उसने अपने बॉस की नकदी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एक हनीट्रैप स्थापित किया।तदनुसार, हेमा @ बसंती निवासी श्री कनियालाल निवासी दिल्ली और कमल पुत्र लेफ्टिनेंट कर्मचंद निवासी मंगोलपुरी, को गिरफ्तार किया गया और उन्होंने इस लूट के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उक्त हेमा के मार्गदर्शन में पूरी साजिश रची गई थी, जिसमें नकदी के बारे में जानकारी दो कुख्यात अपराधियों, अर्थात रहीश और राकेश के साथ साझा की थी। उन सभी ने लूटी जाने वाली राशि को प्रतिशत हिस्से के अनुसार बांटने का फैसला किया।जांच के दौरान आरोपी व्यक्तियों द्वारा लूटी गई नकदी को बरामद करना मुश्किल था क्योंकि उन्होंने अपने हिस्से के अनुसार नकदी आपस में बांट ली थी।आरोपी व्यक्तियों के कहने पर आरोपी नरेश से 90,000/- रुपये की बरामदगी, आरोपी कमल से 50,000/- की बरामदगी और 5,00,000/- रुपए की बरामदगी आरोपी राकेश से हुई। चूंकि रहीश एक कट्टर अपराधी था और वह अपने हिस्से की वसूली के लिए लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा था। उसके विभिन्न ठिकानों पर लगातार तलाशी ली गई और अंततः टीम रुपये की वसूली करने में सफल रही। 7,02,000/-, जिसे रहीश ने वॉशिंग मशीन के रियर कंप्रेसर साइड में छिपा दिया था।इसके अलावा, रु. आरोपी हेमा @ बसंती से 1,15,000 /- बरामद किया गया और चूंकि वह बॉलीवुड की भव्य जीवन शैली से बहुत प्रभावित थी, इसलिए उसने लूटे गए नकदी के अपने हिस्से में से एक चेन पेंडेंट और एक जोड़ी झुमके सहित सोने के गहने खरीदे, जो भी थे उसके आवास से बरामद हुए। आगे की जांच के दौरान, एक स्प्लेंडर बाइक नं। ऊछ8र उळ 6152 जिसका इस्तेमाल तत्काल डकैती करने में किया गया था, उसे मंगोलपुरी के एक पार्क से बरामद किया गया था, जिसे आरोपी रहीश ने डकैती करने के बाद वहीं फेंक दिया था। सत्यापन करने पर यह वाहन ई-एफ आई आर संख्या 027856/21 थाना सुभाष प्लेस से चोरी हुआ पाया गया। एक और स्प्लेंडर बाइक नं. डीएल4एस सीआर ३८५८ आरोपी राकेश द्वारा तत्काल लूट को अंजाम देने के बाद इस्तेमाल किया गया भी बरामद किया गया, जो ई-एफआईआर नंबर 020380/21 पीएस राजा पार्क में चोरी हुआ पाया गया। उषा रंगनानी आईपीएस उपायुक्त पुलिस उत्तर पश्चिम जिला ने बताया कि शेष मामले की संपत्ति की वसूली और अन्य मामलों में भी उनकी संभावित संलिप्तता का पता लगाने के लिए और प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अपने घोषणा पत्र में स्मार्ट कृषि योजना की बात करने वाले केजरीवाल ने किसानों को मजदूरी करने पर मजबूर किया: रमेश बिधूड़ी



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार से अगर किसानों को उनका हक चाहिए तो उसके लिए किसानों को अपने घरों से बाहर आना होगा क्योंकि अरविंद केजरीवाल एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो दिल्ली के सात गांव का नाम तक नहीं गिनवा सकते तो किसानों और मजदूरों के दर्द को क्या समझेंगे। पिछले चार दिनों से किसान लगातार दिन–रात एक कर अपनी आवाज को अंधी और बहरी केजरीवाल सरकार के पास पहुंचाने और अपने अधिकारों को पाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अभी तक केजरीवाल ने ना ही किसानों से मिलने की कोशिश की और ना ही किसी भी प्रकार का संज्ञान लेने की जहमत उठाई है। अनिश्चितकालिन धरना प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख श्री नवीन कुमार जिंदल, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री विनोद सहरावत, मोर्चा महामंत्री श्री अनूप चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं भारी संख्या में किसान–मजदूर उपस्थित थे। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए रमेश बिधूड़ी ने कहा कि अपने घोषणा पत्र में स्मार्ट कृषि योजना की बात करने वाले केजरीवाल ने कहा था कि 12 प्रकार की प्रणाली अपनाकर मिट्टी जांच कर यह पता किया जाएगा कि उनमें कौन सी फसल उगाई जाएगी लेकिन सात साल बितने के बाद भी एक भी मिट्टी की जांच अगर कराई हो तो केजरीवाल जवाब दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 70 सालों में किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया यही कारण है कि किसान दिल्ली, मुंबई इत्यादी शहरों में रोजी रोटी के लिए जाने को मजबूर हुए। आज किसान मजदूरी करने को मजबूर हैं क्योंकि वे मूलभूत जरुरतें न मिलने की वजह से खेती नहीं कर पा रहे हैं। श्री बिधूड़ी ने कहा कि आज केजरीवाल दिल्ली के लोगों को सिर्फ धोखा देने का काम कर रहे हैं और कुछ नहीं। केजरीवाल ने धारा 81–ए और धारा–33 को भी तुरंत हटाने की बात कही थी, लेकिन आज तक वह नहीं हटा पाए। केंद्र सरकार किसानों के बजट को हर वित्तीय वर्ष में बढ़ाने का काम किया है लेकिन केजरीवाल ने किसानों के बजट को कम इसलिए कर दिया क्योंकि सरकार के अनुसार दिल्ली में किसान रहते ही नहीं है। आज किसानों का परिवार बढ़ रहा है तो उन्हें अपने इच्छानुसार अपनी ही जमीन पर कुछ भी निर्माण करने का हक नहीं है अगर वह कुछ निर्माणकार्य करते भी हैं तो उसे रोकने के लिए केजरीवाल सरकार के लोग पहुंच जाते हैं।

# अब दिखने लगे कोरोना से मुक्ति के संकेत, 24 घंटों में सामने आए 50407 नए केस



नई दिल्ली, एजेंसी। देश में कोरोना के 50,407 नए मामले दर्ज किए गए जबकि 804 मरीजों की मौत हुई है। इस दौरान 1,36,962 मरीज ठीक हुए है। कोविड से रिकवर होने वालों की संख्या 4,14,68,120 पहुंच गई है। इस समय रिकवरी रेट 97.37 फीसदी है। पूरे देश में फिलहाल 6,10,443 मरीजों को इलाज चल रहा है।एक्टिव मामलों को दर 1.43 फीसदी है। कोरोना महामारी के खिलाफ वैक्सीनेशन कैंपेन जारी है। अब तक 172.29 करोड़ वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी हैं। बीते 24 घंटे में 14,50,532 कोरोना टेस्ट हुए। अब तक देश भर में 74.93 करोड़ टेस्ट हो चुके हैं। राजस्थान में शुक्रवार को कोरोना के 2,890 नए मामले सामने आए, जबकि संक्रमण से 9 मरीजों मौत हो गई। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, नए संक्रमितों में राजधानी जयपुर में 753, नागौर में 202, जोधपुर में 199, सीकर-उदयपुर में 136-136, अजमेर में 107 लोग शामिल हैं। राज्य में 6,632 और लोग संक्रमण मुक्त हो गए और इस समय राज्य में 25,779 मरीज उपचाराधीन हैं। संक्रमण से 9 लोगों की मौत हुई, जिनमें जयपुर में तीन, अजमेर, बीकानेर, झालावाड, झुंझुनूं, जोधपुर, सीकर में एक-एक मौत शामिल है।

मध्य प्रदेश में शुक्रवार को कोरोना के 2,612 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,21,361 हो गई। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में तीन लोगों की मौत इस बीमारी से हुई है। इसे मिलाकर राज्य में अब तक कुल 10,682 लोगों ने जान गंवाई है। कोरोना वायरस संक्रमण के इंदौर में 228 और भोपाल में 549 नए मामले दर्ज किए गए हैं। ये दोनों जिले इस बीमारी से प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावित हैं। वर्तमान में 26,179 मरीज उपचाराधीन हैं और पिछले 24 घंटों में 5,995 लोगों के स्वस्थ होने से राज्य में इस बीमारी को अब तक 9,84,500 लोग मात दे चुके हैं।

# घोषित अपराधी 18 साल के बाद गिरफ्तार : दीपक यादव आईपीएस



सतविंदर सिंह, एसएचओ / मंदिर मार्ग की देखरेख में घोषित अपराधी बजरंग लाल निवासी गांवः किशनपुरा, रणथंभौर रोड, जिलाः सवाई माधोपुर, राजस्थान, आयु -74 वर्ष को पकड़ने के लिए पुलिस स्टेशन मंदिर मार्ग की एक टीम का गठन किया गया जिसमें सब इंस्पेक्टर जय सिंह, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर इंदर सिंह, हेड कांस्टेबल सरवनदीप और हेड कांस्टेबल रविंदर शामिल थे, इस टीम का समग्र पर्यवेक्षक- दायित्व विनय माथुर, एसीपी/कनॉट प्लेस, नई दिल्ली को सौंपा गया। कड़े प्रयासों और गुप्त सूचना के आधार पर, टीम द्वारा एक जाल बिछाया गया और आरोपी को उसके गांव के सामने एक चाय की दुकान से गिरफ्तार किया गया। दीपक यादव आईपीएस उपायुक्त पुलिस नई दिल्ली जिला ने विजय गौड़ विशेष संवाददाता को बताया कि डकैती को लेकर देसाई राम की शिकायत पर थाना नजफगढ़ में प्राथमिकी संख्या 438/2001 दर्ज की गई थी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अपराधी बजरंग लाल जानबूझकर मुकदमे का सामना करने से भाग रहा था। इसके बाद उसे पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली द्वारा 15.12.2003 को घोषित अपराधी घोषित किया गया था।।

## 25 फरवरी से 12 मार्च तक आम्बेडकर के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन होगा: केजरीवाल



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली सरकार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 25 फरवरी से 12 मार्च तक समाज सुधारक बी आर आम्बेडकर के जीवन पर आधारित एक नाटक के बड़े पैमाने पर मंचन का आयोजन करेगी। इससे पहले, इस नाटक का मंचन पांच जनवरी से करने की योजना थी, लेकिन दिल्ली में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी के कारण इस स्थगित कर दिया गया था। केजरीवाल ने बताया कि अभिनेता रोनित रॉय बी आर आम्बेडकर की भूमिका निभाएंगे। इस नाटक का मंचन घूमने वाले 40 फुट के आकार के मंच पर किया जाएगा। उन्होंने दावा किया, ह्यह्ययह इस स्तर पर दुनिया में संभवतःसबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री ने स्वयं को आम्बेडर का ह्यह्यभक्तह्ल बताकर कहा कि वह उनकी पूजा करते हैं, क्योंकि उन्होंने गरीब के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया। नाटक का मंचन रोजाना शाम चार बजे और शाम सात बजे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नाटक के लिए टिकट निःशुल्क दिए जाएंगे, लेकिन सीट की सीमित संख्या के कारण उन्हें पहले से उन्हें बुक कराना होगा।

# पुष्कर एन्कलेव में आम आदमी पार्टी द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू किए गए





» जावेद खान, मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के पश्चिम विहार में स्थित पुष्कर एन्कलेव की सड़क का निर्माण कार्य की शुरूआत करते हुए उद्घाटन किया गया। दरअसल पुष्कर एन्कलेव के निवासियों को पिछले लंबे समय से खराब सड़क पर सफर करना पड़ रहा था। जिस कारण उन्होने स्थानिय विधायक व दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ सत्येंद्र जैन से संपर्क किया और विधायक डॉ सत्येंद्र जैन के नेतृत्व में सड़क के निर्माण कार्य का आदेश दिया गया। पुष्कर एन्कलेव की सड़क का निर्माण कार्य का उद्घाटन आम आदमी पार्टी पश्चिम विहार वार्ड 67ठ की संगठन मंत्री शालू दुग्गल द्वारा स्थानिय निवासियों के साथ मिलकर किया गया। इस उद्घाटन समारोह में स्थानिय निवासियों ने विधायक डॉ सत्येंद्र जैन और संगठन मंत्री शालू दुग्गल का आभार प्रकट किया। स्थानिय निवासियों का कहना हैं कि पिछले कई सालों से पुष्कर एन्कलेव की सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया। जिस कारण आम जनता को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। लेकिन आम आदमी पार्टी द्वारा सड़क निर्माण कार्य से पुष्कर एन्कलेव की जनता को राहत मिली हैं। इस समारोह में जनता ने आम आदमी पार्टी का समर्थन किया और कहा कि इस बार एमसीडी में जनता परिवर्तन चहाती हैं। स्थानिय लोगो ने कहा कि आम आदमी पार्टी की संगठन मंत्री शालू दुग्गल सड़क निर्माण न होने से लोगों को होने वाली परेशानी को लगातार उठाकर प्राधिकरण अधिकारियों तक पहुंचाती रही। सड़क निर्माण न होने और गड्ढों के चलते होने वाले हादसों को भी प्रमुखता से उठाया गया। इसके बाद विधायक द्वारा पुष्कर एन्कलेव की मुख्य रोड में हुए गड्ढों को भरने के बाद सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो बहुत जल्द पूरी हो जाएगी।

# भाजपा जनशक्ति को इकट्ठा कर एक मजबूत लोकतंत्र की सपने को साकार करने का काम करती है-आदेश गुप्ता




नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय संगठक श्री वी सतीश ने आज माइक्रो डोनेशन कार्यक्रम के माध्यम से वर्चुअल रूप से जुड़े कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत इस समय विश्व में एक मजबूत राष्ट्र बनकर उभरा है। पिछले दो सालों में कोविड-जैसे महामारी की वजह से पूरे विश्व को भारत की मजबूती और इसके क्षमता के बारे में जानने का मौका मिला। जो राष्ट्र खुद को विकसित और भौगोलिक रूप से ताकतवर मानते थे उन देशों का क्या हुआ, यह पूरे विश्व ने देखा। आज माइक्रो डोनेशन के माध्यम से हम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुचेंगे और उन्हें सक्रिय करेंगे क्योंकि इस डोनेशन में पैसा कोई मायने नहीं रखता मायने रखता है कि हम कितने अधिक लोगों तक पहुँच रहे हैं और उन्हें पार्टी के प्रति प्रेरित कर रहे हैं।

श्री वी सतीश ने कहा कि अगर आज भाजपा जिस मजबूती के साथ खड़ी है उसमें कार्यकताओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। तीन से 303 तक पहुँचना, विपक्ष से विकल्प तक का सफर साधारण कार्यकाताओं का सहयोग का ही देन है। हम अपने विचारों पर टिके रहे और आज उनके विचारधारा का वाहवाही हो रही है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि भारत के लोकतंत्र को बचाने एवं परिवारवाद को खत्म करने के लिए अगर किसी पार्टी ने सबसे मजबूती से कदम उठाया है तो वह एकमात्र पार्टी भाजपा है। माइक्रो डोनेशन सिर्फ दान नहीं बल्कि अपने समर्पण का भाव है। यहां पैसों की कोई जिक्र नहीं है बल्कि माइक्रो डोनेशन तो राजनीति में पारदर्शिता एवं स्वच्छता लाने का एक मात्र उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियां परिवारवाद और बड़े-बड़े साहूकारों के भरोसे या सहारे चलती है लेकिन भाजपा जनशक्ति को इकट्ठा कर एक मजबूत लोकतंत्र की सपने को साकार करने का काम करती है जिसमें जनता ही सब कुछ है

श्री गुप्ता ने कहा कि आज माइक्रो डोनेशन के मामले में देश के सभी राज्यों में दिल्ली दूसरे नम्बर पर है। गुजरात पूरे देश में पहले स्थान पर है लेकिन हमारा संकल्प अटल है और आने वाले समय में दिल्ली का देश में पहला स्थान होगा, यही हम आज प्रण करते हैं। उन्होंने कहा कि गिलहरी की एक छोटा सा योगदान भी काम आया था वैसे ही पार्टी को दिया गया एक छोटा माइक्रो डोनेशन एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करेगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री एवं दिल्ली भाजपा सह प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, सांसद श्री रमेश बिधूड़ी, नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, भाजपा संगठन महामंत्री श्री सिद्धार्थन, महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, कार्यक्रम के संयोजक और प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजीव बब्बर, कोषाध्यक्ष श्री विष्णु मित्तल सहित विधायक एवं अन्य पदाधिकारीगण प्रत्यक्ष या वर्चुअल रूप से कार्यक्रम का हिस्सा बने।

## सीएम केजरीवाल अपने चुनावी घोषणा पत्र में दिल्लीवासियों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहेः अनिल भारद्वाज

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया संचार विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुऐ मीडिया के माध्यम से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जारी 70 चुनावी घोषणाओं पर कई सवाल पूछे। उन्होंने मीडिया के माध्यम से अरविन्द केजरीवाल से सवाल किया कि पिछले 7 वर्षों से दिल्ली में आप पार्टी की सरकार है उनके द्वारा 70 चुनावी घोषणाओं में कितने वायदें उन्होंने पूरे किए और दिल्ली में जन लोकपाल बिल अभी तक क्यों लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि वें अन्य चुनाव वालें राज्यों में जाकर अपने चुनाव प्रचार में दिल्ली विकास मॉडल की जो झूठी तस्वीर दिखा रहे है और कहा रहे है कि हमने चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि अरविन्द कजरीवाल ने अपने चुनावी घोषण पत्र में जारी वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल दिल्ली की जनता की तरह अन्य राज्यों के मतदाता को लोक-लुहावनी घोषणाएं करके भ्रमित करना चाहते है। अनिल भारजद्वाज ने कहा कि जब 2013 में अरविन्द केजरीवाल ने 49 दिन की सरकार गिराई थी तो इन्होंने दिल्ली की जनता से पूर्ण बहुमत मांगा था और कहा था कि अगर आप पार्टी की सरकार पूर्ण बहुत के साथ आती है तो दिल्ली में जन लोकपाल बिल लाया जाऐगा परन्तु आप पार्टी की सरकार को 7 साल हो चुके है दिल्ली की जनता ने आप पार्टी पर भरोसा जताते हुऐ 2015 व 2020 में दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया और आज तक जन लोकपाल बिल नहीं लाया गया क्योंकि अगर दिल्ली में जन लोकपाल बिल लागू हो जाता तो आप पार्टी के 24 विधायकों पर जो 87 केस चल रहे है वे उजागर हो जाते। उन्होंने कहा कि केजरीवाल केवल चुनावी घोषणाऐं करते है, वें अपने भ्रष्ट नेताओ को बचाने के लिए जनलोकपाल बिल नहीं लाना चाहते। अनिल भारजद्वाज ने कहा कि जब दिल्ली में शीला दीक्षित की नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार थी उस समय अरविन्द केजरीवाल ने बिजली कम्पनियों का सी.ए.जी ऑडिट कराने का वादा किया था तथा तात्कालिन सरकार द्वारा दिल्ली की जनता को दी जा रही सब्सिडी को भ्रष्टाचार बताया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर सी.ए.जी. ऑडिट न कराए जाने को लेकर कई झूठे सवाल दागे थे।

संक्षिप्त समाचार

## 18 से 20 फरवरी 22 को मतदान की समाप्ति तक पूणर्रूप से बंद रहेंगी शराब व मादक पदार्थों की दुकानें

मैनपुरी। जिला मजिस्ट्रेट, लाइसेंस प्राधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह नें बताया कि विधान सभा सामान्य निवार्चन-2022 के तृतीय चरण में जनपद में 20 फरवरी को सम्पन्न हो रहे मतदान के दौरान लोक शांति बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूवर्क मतदान कराये जाने के उद्देश्य से आबकारी दुकानों को बन्दी तथा मादक वस्तुओं की बिक्री को प्रतिबन्धित किये जाने से सम्बन्धित भारत निवार्चन आयोग, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-135(ग) के खंड-(एक) में यथा उपबन्धित प्राविधान के अनुसार संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के अन्तगर्त प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जनपद की देशी, विदेशी मंदिरा, बीयर एवं भांग की फुटकर दुकानें तथा सीएल-2, एफएल-2/2बी तथा अन्य मादक वस्तुओं की समस्त दुकानें, अनुज्ञापन की समाप्ति से 48 घंटे पूर्व यानि दि. 18 फरवरी 22 को सायं 05 बजे से दि. 20 फरवरी 22 को मतदान की समाप्ति तक पूणर्रूप से बंद रहेंगी एवं मतगणना के दिन दि. 10 मार्च 22 को जनपद की उक्त समस्त आबकारी दुकानें, अनुज्ञापन पूर्ण रूप से बंद रहेंगे, इसका कोई प्रतिफल अनुज्ञापी को देय नहीं होगा।

## जिला में पार्किंग की व्यवस्था न होने से, रोजाना लगा रहता है जाम

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला के तावडू, नूंह, पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका उप मण्डल समेत पिनगवा व उप तहसील नगीना के चौक-चौराहों, अडडों व बाजारों में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं हैं, इससे ऑटो, घोडा-तांगा, ट्रैक्टर-ट्राली, थ्री व्हीलर, एसटीए परमिट के अलावा बाजारों में सामान खरीदने आए लोगों के वाहन आदि जगह-जगह खड़े होकर जहां जिला के सौन्दर्य को बिगाड़ रहे हैं तो वहीं, पूरे दिन यहां जाम की स्थिति बनी रहती हैं।

हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि, जिला के प्रवेश द्वार बडकली चौक पर यातायात थाना भी बना हुआ हैं और वहां जाम की स्थिति बेहद खराब हैं। जिलावासियों का कहना है कि समस्या समाधान के लिए शासन-प्रशासन के यहां कई बार की गई फरियाद का कोई असर नहीं हैं। आजाद, रमजान, महावीर, खुर्शीद, अब्दुल रज्जाक, समसूदीन, शेर सिंह, गोपाल शर्मा, रविन्द्र, सलीम, खुबचंद माथुर आदि ने बताया कि जिला के तावडू, नूंह, पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका उप मण्डल समेत पिनगवा व उप तहसील नगीना में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं हैं, इससे घोडा-तांगा, ट्रैक्टर-ट्राली, थ्री व्हीलर, एसटीए परमिट के अलावा डग्गामार वाहन आदि जगह-जगह खड़े होकर जहां जिला के सौन्दर्य को बिगाड़ रहे हैं तो वहीं, पूरे दिन यहां जाम की स्थिति बनी रहती हैं जिससे सडक दुर्घटनाओं में न जाने कितने परिवारों के चिराग बुझ गए हैं। इस बारे में जिला यातायात पुलिस ने माना कि बडकली चौक समेत अन्य चौराहे-तिराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था के लिए हमेंशा मुलाजिम तैनात रहते हैं और साथ ही दावा कर कहा कि पूर्व में जाम की स्थिति बनी रहती थी जबकि अब व्यवस्था पूरी तरह से कंट्रोल में हैं। फोटो केप्सन जेपीजी 12 नूंह 2 में पार्किंग न होने से आडे-तिरछे खड़े वाहन जो जाम का कारण बन रहे हैं

## शहर में इन दिनों बंदरों की गैंग से शहरवासी हल्कान



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। नूंह शहर में इन दिनों बंदरों की गैंग से शहरवासी हल्कान हैं, लोगों की माने तो बंदर झुण्ड बनाकर घूमते हैं और लोगों पर अचानक हमला करके घायल कर रहे हैं, जबकि वह लोगों के कपडे, बर्तन सहित अन्य जरूरी सामान को भी उठाकर ले जा रहे हैं। बंदरों का आंतक इस कदर है कि लोगों ने छतों पर जाना ही बंद कर दिया है। नूंह में वीरान व बंद पडे घर इन बंदरों का आलय बना हुआ हैं जबकि शहरवासियों ने बंदरों से तंग आकर सीएम विंडो, नगर परिषद नूंह आदि को शिकायतें दी है लेकिन आज तक भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। शहरवासी सुरेन्द्र जैन, गोपाल शर्मा, राजू कटारिया, बंटी मनोचा, जैकी बागडी, जीतू बघेल, रवि एलावादी, डा0 साहिल खेडा, कुक्की, गोसी आदि ने बताया कि शहर में बंदरों का आंतक थामे नही थम रहा है और बंदरों ने कईयों को जख्मी कर रखा हैं जिसके चलते लोग अब छतों पर जाने से कतराते हैं। उन्होंने बताया कि लोगों ने अपनी छतों पर काफी आर्थिक खर्चा करके लोहे की जालियां भी लगवाई है लेकिन हर किसी के यह बस की बात नही हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन तक शिकायतें देने के बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इस बारे में नगर परिषद के कर्मचारी ने बताया कि बंदरों की शिकायतें आई हुई है और साहब कार्यालय में नहीं है आने पर वह ही बेहतर जानकारी देंगे।

## बसपा प्रत्याशी अवधेश सिंह ने तिलोकपुर व चिंतापुर में वोट मांगे



मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ बसपा प्रत्याशी ठाकुर अवधेश कुमार सिंह का गांव तिलोकपुर चिंतापुर में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बसपा प्रत्याशी ठाकुर अवधेश कुमार को भारी मतों से जिता कर विधायक बनाने का ग्रामीणो द्वारा आश्वासन दिया गया। इस दौरान ठाकुर अवधेश कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा सरकार के दौरान बहन मायावती के मुख्यमंत्री काल में सर्व समाज के लोगों के लिए जन कल्याणकारी योजना चलाई गई थी। और बिना भेदभाव जातिवाद के सभी लोगों का विकास किया गया था। गांव में जनसंपर्क के दौरान बसपा प्रत्याशी का ग्रामीणों द्वारा जोरदार फूल माला पहनाकर व पटका ओढ़ाकर स्वागत किया गया

# परोपकार और पुण्य करना ही सबसे बड़ी ईश्वर भक्ति : मित्रेश चतुर्वेदी

### गांव जिरौली कलां में श्रीमद् भागवत कथा का किया शुभारंभ

» फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता

सिकंदराराऊ गांव जिरौली कलां में अंबिका मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी ने पूजा अर्चना करके श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया। संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा को सुनने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो रही है। लोग श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचकर आनंद ले रहे हैं।

श्री चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के समस्त सांसारिक कष्ट दूर हो जाते हैं। परोपकार और पुण्य करना ही सबसे बड़ी ईश्वर भक्ति है।

भागवताचार्य दुर्गेश वशिष्ठ शास्त्री जी ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति दो तरह की होती है एक साकार और दूसरी निष्काम भक्ति। उन्होने बताया कि दोनों में फर्क यह है कि साकार भक्ति जिसको व्यक्ति अपनी इच्छा पूर्ति के लिए भजन करता है, अपनी मनोकामनाएं



पूरी करने के लिए पूजा पाठ करता है और दूसरी भक्ति वह होती है, जिसमें व्यक्ति भगवान को प्रसन्न करने के लिए भजन करता है और वही सच्ची भक्ति कहलाती है। हमारे लिए देवी देवता इच्छापूर्ति करने का साधन है। हर चीज में हमारी सकामना है और इससे हमारी भक्ति क्षीण होती जाती है।

उन्होंने कथा का वाचन करते हुए कहा कि जिस दिन हम परमात्मा के लिए पूर्ण समर्पित हो जाएंगे उस दिन पत्थर की मूर्ति भी बोल उठेगी। भगवान कहते हैं कि भक्त की प्रतिज्ञा को रखने के लिए अपनी प्रतिज्ञा को भी तोड़ सकता हूं। पितामह भीष्म की प्रतिज्ञा को रखने के लिए अपनी प्रतिज्ञा को तोड़ा। भगवान कहते हैं कि अपना मान टल जाए लेकिन भक्त का नहीं।

इस अवसर पर आयोजकों ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी का फूल मालाएं एवं पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर मुकेश शर्मा प्रधान, सत्येंद्र शर्मा, अर्पित उपाध्याय, रितिक पांडेय, रवि उपाध्याय, संजय उपाध्याय, शिवम दिक्षित, अजय शर्मा, कन्हैया पचौरी, राहुल पंडित, रोहित शर्मा, मोहन भारद्वाज, मोहित शर्मा, पवन शर्मा आदि मौजूद थे।

## प्रेक्षक ने विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्र व मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। विधान सभा निवार्चन क्षेत्र मैनपुरी में तैनात प्रेक्षक अविनाश चम्पावत ने विधान सभा क्षेत्र के कई मतदान केन्द्र, स्थल का निरीक्षण कर मतदेय स्थलों पर उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने प्राथमिक पाठशाला लहरा महुअन के मतदेय स्थल संख्या-211, 212, राजकीय इंटर कॉलेज के मतदेय स्थल संख्या-198, 199, 200, 201, 202, 203, 204, 205 एवं 206, प्राथमिक पाठशाला मधाऊ के मतदेय स्थल संख्या- 215, 216 तथा बाल निकेतन प्राइमरी पाठशाला करहल रोड के मतदेय स्थल संख्या- 99, 100, 101, 102, 103, 104 का भ्रमण कर रैम्प, बिजली, पानी एवं शौचालय आदि की उपलब्धता की जानकारी की, उक्त सभी मतदेय स्थलों पर समस्त मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध पायीं।

## बजट के बाद भी मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा कर्मियों को मानदेय नही मिल सका



» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। बजट आने के बाद भी जिला के शहीद हसन खां मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज नलहड (नूंह) में सुरक्षा कर्मियों को 3-4 माह से वेतन व मार्च 2021 से एरियर ना मिलने से वह हल्कान हैं, स्कोरिटी गार्डस की माने तो पहले तो वह आस-पास से उधारी लेकर अपने परिवार का गुजारा चला रहे थे लेकिन अब उधारी मिलना भी बंद हो गई है। उन्होंने अपनी तनख्वाह बाबत जब मेडिकल कॉलेज प्रशासन व ठेका कम्पनी से कहा तो वह उनको केवल आश्वासन ही दे रही है, जबकि ठेका कम्पनी व मेडिकल कॉलेज के बीच कोई लेन देन बकाया होने की वजह से भी उनके ऊपर गाज गिर रही है।

सुरक्षा कर्मी, मुबीन, अलीशेर, सरीता, गीता, तस्सवर, साकिर, मुंतजिर अली, समयदीन, रहीस, अशोक कुमार, काशीराम, आरिफ, रूकमूदीन व राजेश आदि ने शनिवार को बताया कि मेडिकल कॉलेज में कार्यरत सुरक्षा कर्मी, स्वीपर, वार्ड बॉय आदि को पिछले 3-4 माह से वेतन व मार्च 2021 से एरियर ना मिलने से उनके समक्ष भूखे मरने की नौबत आ गई हैं, जबकि उनके द्वारा कॉलेज प्रशासन से बात करने पर बताया कि उनके पास अभी बजट नही आया है, लेकिन अब बजट को आए सप्ताहभर हो गयाा है, ठेका कम्पनी ने धमकी दी है कि अगर बजट भी आ गया तो हम तुम्हे मानदेय नही देंगे क्योंकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर अभी उनका काफी बकाया है। उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द मानदेय व एरियर उपलब्ध कराने की मांग की हैं।

इस बारे में मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डा0 महासिंह ने शनिवार सांय कहा कि कर्मचारियों को मानदेय की योजना पाईपलाईन में है और साथ ही दावा कर कहा कि जल्द ही यह प्रक्रिया पूर्ण कराई जा रही है।

## अनुपस्थित मतदाताओं से मतदान कराने हेतु तैनात कामिर्क पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों, कार्यो को दें अंजाम - निर्वाचन अधिकारी

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जिला निवार्चन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जनपद के 103 अनुपस्थित मतदाताओं को विधान सभावार अनुपस्थित मतदाताओं द्वारा दिए गए निवास के पते पर मतदान कराने हेतु तैनात मतदान अधिकारी, सहायक मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जवर्र के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अनुपस्थित मतदाताओं से मतदान कराने हेतु तैनात कामिर्क पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों, कार्यों को अंजाम दें, अपने-अपने क्षेत्र के अनुपस्थित मतदाताओं को कल शाम तक प्रत्येक दशा में उनके घर मतदान कराने की तिथि, समय की जानकारी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी, लेखपाल आदि के माध्यम से अवश्य कराई जाए और निधार्रित समय पर उसके निवास स्थान पर मतदान पाटी पहुंचकर मतदान कराएं, मतदान कराते समय भारत निवार्चन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान पाटी के साथ पोस्टल बैलेट, रजिस्टर, गोंद, पैन, वोटिंग कम्पाटमेंट हेतु निधार्रित सामिग्री, मतदाता सूची में शामिल मतदाता का क्रमांक आदि समस्त सामग्री उपस्थित रहे, बोटिंग कंपाटमेंट बनाते समय स्थान का विशेष ध्यान रखा जाए, ऐसा स्थान चिन्हित किया जाए, जहां मत की गोपनीयता भंग होने की आशंका न हो।

श्री सिंह ने कहा कि सभी मतदान अधिकारी, सहायक मतदान अधिकारी सुनिश्चित करें कि अनुपस्थित मतदाता द्वारा दिए गए निवास स्थान के पते पर ही पहुंचकर उनसे मताधिकार कराएं। उन्होने कहा कि यदि पूर्व सूचना के बाद भी मतदाता अपने निवास पर उपस्थित न मिले तो संबंधित मतदान अधिकारी लिखित रूप में



अनुपस्थित मतदाता के परिवार के किसी वयस्क सदस्य को अगली निधार्रित तिथि का समय निश्चित कर सूचित करें, यदि परिवार का सदस्य भी उपलब्ध न मिले तो उसके पड़ोसी, गांव के मुखिया को लिखित रूप में अवगत कराया जाए, यदि अगली तिथि को भी मतदाता अपने निवास स्थान पर न मिले और उसका मतदान न हो पाए तो ऐसे अनुपस्थित मतदाता का मत देने का अधिकार समाप्त हो जाएगा, वह मतदान तिथि को भी अपना वोट नहीं दे सकेंगे, इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी जाये। उन्होंने कहा कि यदि कोई दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक आयु का मतदाता मताधिकार करने में अक्षम हो तो मतदान अधिकारी उसके द्वारा किए गए क्लेम की जानकारी करें, तदोपरांत निवार्चन संचालन नियमावली के तहत फाम-14 ए भरवाकर घोषणा लेकर उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को अनुमति दी जाए और उससे भी मत की गोपनीयता भंग न करने संबंधी प्रमाण पत्र लिया जाए।

जिला निवार्चन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग पाटी का कोई सदस्य अनुपस्थित मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया के दौरान वातालार्प न करें, सभी मतदान पाटी निधार्रित तिथियों को अपने-अपने रिटर्निंग ऑफिसर के पास तहसील में प्रातः 08 बजे तक प्रत्येक दशा में पहुंच जाएं और वहां से निधार्रित रूट पर जाकर पहले अनुपस्थित मतदाता के घर प्रत्येक दशा में 09 बजे तक पहुंचकर उससे निधार्रित प्रक्रिया का शत-प्रतिशत पालन कराते हुए मतदान करायें और सायं 05 बजे तक अपने निधार्रित मार्ग पर स्थित अनुपस्थित मतदाताओं से उनके द्वारा दशार्ए गए निवास के पते पर जाकर मतदान कराएं, पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाए, सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में मत की गोपनीयता भंग न हो, पोलिंग पाटी के सभी कामिर्क निष्पक्ष रहकर अपने कार्यों को अंजाम दे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.पी. सिंह, रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल, नवोदिता शमा, राज नारायण त्रिपाठी, जय प्रकाश, राम नारायण, डिप्टी कलेक्टर प्रेंम प्रकाश, नरेन्द्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मतदान दल का कोई भी सदस्य मतदाता के पास बूथ पर नहीं जायेगा- अविनाश

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जिला निवार्चन अविनाश कृष्ण सिंह ने सुदिति ग्लोबल एकेडमी में विधान सभा सामान्य निवार्चन-2022 की मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु तैनात मतदान कामिर्कों के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र, मतदान ड्यूटी में लगे कामिर्कों द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से किये जा रहे मतदान का जायजा लेने के उपरान्त पीठासीन, मतदान अधिकारियो से कहा कि विधानसभा सामान्य निवार्चन को शान्तिपवर्क, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने के लिये आवश्यक है कि मतदान काय में लगे सभी कामिर्कों को अपने कतव्यों, दायित्वों को भलीभांति जानकारी हो, किसी भी निवार्चन को निष्पक्ष एवं शान्ति पूवर्क सम्पन्न कराने के लिये भारत निवार्चन आयोग द्वारा निधार्रित प्रक्रिया का पालन कराना और निदेर्शों की पूर्ण जानकारी होना अत्यन्त आवश्यक है, इसलिए सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी अपने-अपने दायित्वों के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त करने के साथ बहुत बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें, मतदान को निविर्घ्न सम्पन्न कराने के लिए कामिर्कों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संचालन में पूणर्रूप से परिपक्व होना अति आवश्यक है। उन्होने मास्टर ट्रेनर से कहा कि मतदान कामिर्को को इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के संचालन की गहनता से जानकारी दें और प्रशिक्षण के बाद कामिर्को से ईवीएम का संचालन कराकर देखें।



श्री सिंह ने प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर से कहा कि सभी कामिर्कों को ईवीएम में प्रदशिर्त होने वाली त्रुटियों यथा लिंक एरर, प्रेस्ड एरर, क्लाक एरर, इनवैलिड आदि के बारे में पूरी तरह प्रशिक्षित किया जाये। उन्होने कहा कि यदि कोई मतदाता रजिस्टर 17-क में अंकित होने के बाद मत देने से मना करता है और निधार्रित क्रियाविधि का अनुपालन नहीं करता है तो पीठासीन अधिकारी ऐसे निवार्चक को मत देने की अनुमति नही देगें। मतदान दल का कोई भी सदस्य मतदाता के पास बूथ पर नहीं जायेगा, उसकी कोई सहायता नहीं करेगा। उन्होने कामिर्को से सीधे संवाद करते हुए कहा कि यदि किसी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो उसे आयोग द्वारा निधार्रित वैकल्पिक फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के आधार पर मतदाता की पहचान की जाये और उसका वोट डलवाया जाये। उन्होने मतदान कामिर्कों से कहा कि मतदान प्रारम्भ होने के नियत समय करीब एक घण्टे पूव पीठासीन अधिकारी तैयारी प्रारम्भ कर दें, उस समय मतदान एजेण्ट भी मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें, मतदान अभिकताओं के उपस्थिति में मॉक-पोल की प्रक्रिया प्रत्येक दशा में करायी जाये और सीआरसी के बाद ईवीएम को सील कर समय से मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ कराये।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार प्रशिक्षण में उपस्थित कामिर्कों को उनके दायित्वों, कतव्यो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आप सब टेण्डर, चैलेन्ज वोट के बारे में पूरी तरह जानकारी करे ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की समस्या न हो। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार राय, उप जिला निवार्चन अधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.पी. सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, किशनी, करहल, कुरावली, नवोदिता शमा, राज नारायण त्रिपाठी, जय प्रकाश, राम नारायण, वीरेन्द्र कुमार मित्तल, डिप्टी कलेक्टर प्रेंम प्रकाश, नरेन्द्र कुमार सिंह, आचाय टीईपी सेंटर धीरेन्द्र कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वमा, सुदिति ग्लोबल के प्रबन्ध निदेशक डा. राम मोहन, डा. कुसुम मोहन आदि उपस्थित रहे।

## महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती व दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात।महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती व दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। जिला के तावडू स्थित शिव-शनि पीठ पर आयोजित कार्यक्रम में पीठ के महंत बाबा नरेशगिरि ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती एक भारतीय दार्शनिक, सामाजिक नेता और आर्य समाज के संस्थापक थे. उनका जन्म पूर्णिमांत फाल्गुन 12 फरवरी, 1824 को जन्मपरपारा टेंकारा में दर्शनजी लालजी कापड़ी और यशोदाबाई के घर हुआ था, दयानंद सरस्वती का मूल नाम मूल शंकर तिवारी था. स्वामी दयानंद पशु बलि, बाल विवाह और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव, जाति व्यवस्था जैसी सामाजिक बुराइयों का विरोध करने वाले पहले पुरुषों में से एक थे, उन्होंने अपने जीवनकाल में 60 से अधिक रचनाएं लिखीं, उनकी सबसे लोकप्रिय रचना है, सत्यार्थ प्रकाश, जो सभी की प्रेरणा स्त्रोत है। वहीं, उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर उनको याद करते हुए कहा कि उनका जन्म 25 सितम्बर 1916 को मथुरा जिले के नगला चन्द्रभान ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय था, जो नगला चंद्रभान (फरह, मथुरा) के निवासी थे। उनकी माता का नाम रामप्यारी था, जो धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। पिता रेलवे में जलेसर रोड स्टेशन के सहायक स्टेशन मास्टर थे। 1937 में जब वह कानपुर से बी0ए0 कर थे, अपने सहपाठी बालूजी महाशब्दे की प्रेरणा से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आये। संघ के संस्थापक डॉ0 हेडगेवार का सान्निध्य कानपुर में ही मिला। उपाध्याय जी ने पढ़ाई पूरी होने के बाद संघ का दो वर्षों का प्रशिक्षण पूर्ण किया और संघ के जीवनव्रती प्रचारक हो गये। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में श्भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। गुरुजी (गोलवलकर जी) की प्रेरणा इसमें निहित थी। 1967 तक उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे। वह मात्र 43 दिन जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 10/11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। वहीं, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल नूंह में शनिवार को आर्य समाज के संस्थापक और महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 198वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रांगण में इस शुभ अवसर पर वैदिक हवन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर धर्म सिंह राठी, पूर्व सरपंच गुलाब खान, तेजपाल शर्मा, ओमसिंह व सुत्रिमा गिरि आदि भी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### झबरेड़ा में बसपा प्रत्याशी के जनसंपर्क ने बदला माहौल



मदरलैंड संवाददाता, झबरेड़ा। झबरेड़ा विधानसभा में बसपा प्रत्याशी आदित्य बृजवाल का जनसंपर्क लगातार जारी है ! वही उनके पिता पूर्व विधायक हरिदास भी चुनाव का रूख मोड़ने में लगे हैं ! आदित्य और हरिदास के जनसंपर्क ने क्षेत्र में माहौल भी बदल दिया है । दलित समाज के साथ ही पाल, कश्यप, मुस्लिम और अन्य वर्ग भी फिलहाल बसपा के पाले में खड़ा दिख रहा है । कांग्रेस को यहां सबसे ज्यादा नुकसान होता दिख रहा है । शनिवार को भी बसपा प्रत्याशी आदित्य बृजवाल और उनके पिता हरिदास क्षेत्र में डोर टू डोर जनसंपर्क में जुटे रहे ! इस दौरान जगह जगह क्षेत्रवासियों ने दोनों का स्वागत किया और बसपा को वोट देने की बात कही ! आदित्य बृजवाल ने कहा कि बसपा ही गरीब, मजदूर, छोटे कारोबारियों के दर्द को समझ सकती है ! कांग्रेस, भाजपा बड़े लोगों की पार्टी है, जो केवल अम्बानी, अड़ानी जैसे पूंजीपतियों को जानती है ! किसान, गरीब, मजदूर, छोटे कारोबारियों से कांग्रेस, भाजपा का कोई लेना देना नहीं है ! यही वजह भी है कि आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है ! युवा पढ़ने के बाद भी बेरोजगार बनकर सड़क पर घुम रहा है ! कहा कि वह जीत के बाद क्षेत्र के विकास के साथ ही युवाओं के रोजगार के अवसर पैदा करेंगे ! किसानों को चीनी मिलों से उनका बकाया दिलाएगें।

### नंद विहार में यज्ञ कर मनाया बच्चे का जन्म दिन



मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। तपोवन आश्रम देहरादून के प्रबन्धक आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के मुख्य पदाधिकारी ई प्रेम प्रकाश शर्मा, शत्रुघ्न मोर्या प्रदेश मंत्री, ओमप्रकाश मलिक प्रदेश कोषाध्यक्ष, तोमर प्रदेश लेखाकार, वरिष्ठ उप मंत्री उत्तराखण्ड हरपाल सिंह सैनी आदि सभी रुड़की से इकट्ठा होकर ग्रांम नारसन में आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के प्रधान मानपुर सिंह राठी के निवास पर पहुंचे। जहां जनपद हरिद्वार के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ भाजपा प्रत्याशीयों के लिए प्रचार प्रसार की योजना बनाई गई। सभी ने झबरेडा, मंगलौर ,कलियर विधानसभा में भ्रमण भी किया। इसके बाद आर्य समाज नंद विहार रुड़की में हरपाल सिंह सैनी के पौत्र उत्कर्ष के जन्म दिन संस्कार के हवन यज्ञ में भाग लिया एवं बालक को आशीर्वाद दिया। यज्ञ में यशपाल आर्य प्रधान जिला सभा यशवीर सिंह आर्य, हाकम सिंह, सुंदरलाल, नंद विहार आर्य समाज से जवाहर लाल आर्य, प्रवेश धीमान, पुष्पेन्द्र आर्य, एडवोकेट अनुज सैनी, नीरज सैनी, दीपा सैनी, पूजा सैनी, मुनेश, मोना सैनी, सुदेश सैनी एवं यज्ञ के पुरोहित विद्वान सोमपाल आर्य मतलबपुर तथा यज्ञमान नीरज सैनी पुत्र हरपाल सिंह सैनी रहे।

### दीपेंद्र हुड्डा ने की मंगलौर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में सभा




मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। चैधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने शनिवार को हरजोली जट में कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन के समर्थन में सभा की। उन्होने सभी कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की और किसान समाज से आग्रह किया कि काजी निजामुद्दीन किसानों की आवाज सदन में उठाते रहेंगे उन्होंने कहा कि ऐसे किसी दल को को भाजपा की गीचीन हो वोट देने से किसान समाज बचे, इस अवसर पर राजेन्द्र चैधरी प्रदेश महामंत्री उतराखंड कांग्रेस ने सभी से अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के विकास के लिए कांग्रेस को वोट दे। इस अवसर पर काजी निजामुद्दीन ने वोट की अपील करते हुए वायदा किया कि वो युवाओं, बेरोजगारों, दलितों और किसानों का शोषण नहीं होने देंगे। सभा का संचालन राजेन्द्र चैधरी प्रदेश महामंत्री ने किया और अध्यक्षता चैधरी राजपाल सिंह ने की। इस अवसर पर प्रधान पवन सिंह, संजीव कुमार, मोनू प्रधान, ओम सिंह, राजदीप, चैधरी गोपाल सिंह, ऋषिपाल बालियान महामंत्री उतराखंड कांग्रेस, तारिक जावेद, सुहेल, इसलाम चैधरी, नसीम अहमद, मोन्टू, प्रधुम्न अग्रवाल, चैधरी धर्म वीर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य आदि लोगों ने भाग लिया

### एसएसडी में हुआ मतदाता जागरूकता पर कार्यक्रम



मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। राज्य विधानसभा निर्वाचन 2022 का जोश अपने चरम पर है। एसएसडीपीसी गर्ल्स पीजी कॉलेज रूड़की में एनएसएस एवं स्वीप की जागरूक युवा करें मतदान के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला में छात्राओं द्वारा 12 मीटर लंबी पेंटिंग के माध्यम से मतदान के महत्व, अधिकार, कर्तव्य को दशार्ने का प्रयास किया। अपनी पेंटिंग के माध्यम से छात्राओं ने उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 से संबंधित सभी प्रमुख तथ्यों को उकेरा। जिसमें प्रमुख महिला मतदान हेतु पिंक बूथ, कोविड-19 के प्रभाव को कम करने हेतु मतदान के समय सामाजिक दूरी का पालन, युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करना इत्यादि विषयों पर बने चित्रों को रंगों से सुसज्जित किया। जाह्नवी, मुस्कान, अदिति, पूजा, काजल, इकरा, पायल आदि छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ कामना जैन तथा महाविद्यालय स्वीप नोडल आफिसर डॉ किरन बाला के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या ने छात्राओं के उत्साह व प्रयासों की सराहना की और कहा कि इन कार्यों में प्रतिभाग करने से छात्राओं का बौद्धिक व रचनात्मक विकास होता है जो कि उनके संपूर्ण विकास को निखारता है।

# अंतिम दिन झोंकी प्रचार को ताकत, रैलियों, रोड़ शो से किया शक्ति प्रदर्शन





» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तमाम प्रत्याशियों ने प्रचार को लेकर पूरी ताकत झोंके रखी। रैलियों, रोड़ शो कर प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन किया। रुड़की में भाजपा प्रत्याशी प्रदीप बत्रा ने पंजाबी, ब्राहमण व दूसरे समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों के साथ बैठके कर उनसे समर्थन लिया तो खानपुर में भाजपा प्रत्याशी रानी देवयानी के समर्थन में कैलाश विजयवर्गीय ने सभा की। झबरेड़ा में बसपा प्रत्याशी आदित्य बृजवाल के समर्थन में जगह-जगह रैलियां, रोड़ शो हुए। पिरान कलियर में भाजपा प्रत्याशी मुनीश सैनी, जबकि भगवानपुर में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी प्रेम सिंह ने रोड़ शो कर अपना दमखम दिखाया। कांग्रेस प्रत्याशी फुरकान अहमद ने रामपुर व पिरान कलियर में रोड़ शो निकाला। मंगलौर में विधायक काजी निजामुद्दीन के समर्थन में रोड़ शो हुए। रैलियों, रोड़ शो से जगह-जगह हाईवे, मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिती बनी रही। प्रत्याशियों के काफिलों के बीच ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने में खाकी भी हांफ कर रह गई। राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण सुबह से ही तमाम प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन में जुटे रहें। शाम 5 बजे तक रुड़की शहर व आसपास की तमाम सीटों पर प्रत्याशियों का रैलियों, रोड़ शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन चलता रहा। शाम 5 बजते ही राज्य में चुनाव प्रचार पर रोक भी लग गई। जिसके बाद तमाम प्रत्याशी डोर-टू-डोर हो गए। राज्य में अब 14 फरवरी को जनता जनार्दन ईवीएम के जरिए प्रत्याशियों के भाग्य का बटन दबाएगी। जिसे लेकर सभी की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। जोड़ तोड़ की राजनीति को लेकर भागदौड़ बनी हुई है। कई जगहों पर प्रचार पर रोक के बाद प्रत्याशी भागम-भाग बने हैं।

## शहर में कई दलों के नेताओ ने ज्वाइन की कांग्रेस



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। सिविल लाइन में शनिवार को किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता के कार्यालय पर विभिन्न दलों के नेताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर कांग्रेस पार्टी के सभी प्रत्याशियों को समर्थन देने का निर्णय लिया। कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता के संयोजन में आयोजित सभा में किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी ने सभी को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई एवं माला पहना कर स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य ललित सैनी, भाजपा नेता अमित सैनी, मयंक सैनी, वरिष्ठ नेता संदीप सिंह प्रधान, जय हिंद जय भारत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कश्यप, श्रीमती सुमन कश्यप, सचिन कश्यप, सुनीता, जसवंत कश्यप, शबनम, मायावती, छोटेलाल शामिल रहे। सदस्यता ग्रहण समारोह में रुड़की ग्रामीण क्षेत्र के प्रभारी सुरेश रोड, राजबीर रोड, पिछड़ा विभाग कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविंद कश्यप, प्रदेश सचिव हेमेंद्र चैधरी, प्रदेश सचिव लवी त्यागी, सेवादल प्रदेश महासचिव रितु कंडियाल, पंकज सोनकर, पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महासचिव रईस अहमद, पंचायत विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, चंद्रभान स्नेही, अमित सोनकर सुशील कश्यप, सलमान, अमित सोनकर मौजूद रहे। इस दौरान किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी और किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस के प्रति जनता में माहौल बना है। 2022 में राज्य में कांग्रेस की सरकार आ रही है।

## लंढौरा में निर्दलीय प्रत्याशी उमेश कुमार ने किया शक्ति प्रदर्शन



» मदरलैंड संवाददाता

लंढौरा। खानपुर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी उमेश कुमार ने शनिवार को प्रचार के अंतिम दिन जनसभा कर शक्ति प्रदर्शन किया। सभा में उमेश कुमार ने कहा कि उन्होने यहां बगैर विधायक होते हुए भी विकास करने में अपना योगदान दिया है। आगे भी वह इसी तरह से क्षेत्रवासियों के साथ खड़ा रहेगें। उमेश कुमार ने कहा कि स्थानीय विधायक ने लोगों को गुमराह करने के अलावा कोई काम नहीं किया है, जबकि वह पूरी तरह से क्षेत्र के विकास को लेकर खड़े हैं। जनता की समस्याओं का निदान हो यही उनका प्रयास है। इस अवसर पर उमेश कुमार की पत्नी ने भी क्षेत्रवासियों को विकास का भरोसा दिलाया। कहा कि राजनीतिक दल यहां की जनता को हमेशा धोखा देते रहे हैं, जबकि वह जबसे क्षेत्र में आए हैं जनता के साथ खड़े हैं और आगे भी इसी तरह से जनता का समर्थन करते रहेगें। इस अवसर पर अरशद चेयरमैन, प्रधान दारा सिंह, जितेंद्र धीमान, इतेश धीमान, जुबेर काजमी, नवल आदि भी मौजूद रहें।

## ब्राहमण समाज ने स्वागत कर की बत्रा को समर्थन की घोषणा



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। ब्राह्मण समाज ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशी प्रदीप बत्रा का भव्य अभिनन्दन किया और प्रदीप बत्रा को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। साहित्यकार डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा अरुण की अध्यक्षता, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अनिल शर्मा के संचालन और व्यापारी नेता सौरभ भूषण शर्मा के संयोजन में सम्पन्न ब्राह्मण समाज द्वारा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप बत्रा के स्वागत कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के संरक्षक जेपी शर्मा एवं बलराज शर्मा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अतुल शर्मा, पण्डित रमेश सेमवाल एवं पण्डित रजनीश सेमवाल, पुरोहित पण्डित रोहित शर्मा एवं पण्डित सचिन शर्मा, ब्राह्मण समाज के महामन्त्री अरुण शर्मा, राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता रामगोपाल शर्मा एडवोकेट, अमरीश शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अशोक शर्मा आर्य, भारतीय ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सतीश शर्मा, पार्षद डॉ. नवनीत शर्मा, पार्षद हरीश शर्मा, पार्षद रमेश जोशी, पार्षद दया शर्मा, पार्षद राखी शर्मा, पार्षद संजीव राय टोनी, पूर्व सभासद दिनेश शर्मा, पूर्व सभासद अनिल शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, हिमांशु पण्डित, देवेंद्र दत्ता, रवि बर्थवाल, सुधांशु शर्मा, शिवकुमार भारद्वाज, आशीष पण्डित एडवोकेट, डॉ. सुरेश शर्मा, मोहित शर्मा, मुकेश शर्मा, अखिलेश मोहन शर्मा, अनुज शर्मा, शिवकुमार शर्मा, पंकज गौड़, सुशील शर्मा, डॉ. इन्द्रेश पुष्करणा, डॉ. टेक बल्लभ, अतिन शर्मा, चन्द्रकान्त शर्मा, सुबोध शर्मा, अशोक शर्मा, धर्मवीर शर्मा, राहुल शर्मा, ललित शर्मा, अरविंद शर्मा, जगपाल शर्मा, आदेश कौशिक, सत्येंद्र पुरी, रोशन कुमार, सुनील शर्मा, प्रवीण शर्मा, निरंकार शर्मा, सन्दीप भार्गव, संचित शर्मा, प्रशान्त कपिल, अमन शर्मा, अंकित शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, धनेंद्र शर्मा, स्वप्निल कुश, नवीन शर्मा, आलोक भारद्वाज, अनिकेत सेमवाल आदि ब्राह्मण समाज के अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अलावा सर्वसमाज के भी लोगों ने विधायक प्रदीप बत्रा का जोरदार स्वागत किया। सभी ने भाजपा के साथ खड़े होने की बात कही।

## मोदी के नेतृत्व में ही देश सुरक्षित, सेना का सम्मान: विजयवर्गीय




» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही देश सुरक्षित है, सेना का सम्मान है। उत्तराखण्ड भी भाजपा की ही देन है। कांग्रेस ने हमेशा इसका विरोध किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भाजपा मजबूत हुआ है। 2022 में भी प्रदेश की जनता एक बार फिर से कमल खिलाने जा रही है। कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को ढंडेरा में खानपुर से भाजपा प्रत्याशी रानी देवयानी के समर्थन में सभा की। इस दौरान उन्होने सभी से विकास और राष्ट्रवाद के नाम पर वोट मांगे। कहा कि मोदी है तो सब मुमकिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही देश सुरक्षित है। चुनाव में सभी दल जीत के दावे कर रहे हैं और जनता को गुमराह करने के लिए तमाम वादे करने में लगे हैं, लेकिन प्रदेश को तरक्की कौन दे सकता है। कौन युवाओ का ध्यान रख सकता है। गरीब, मजदूर की बात कर सकता है यह प्रदेश की जनता अच्छी तरह से जानती है। विजयवर्गीय ने यह भी साफ किया कि खानपुर ही नहीं पूरे प्रदेश में भाजपाई पूरी तरह से एकजुट हैं और अपने प्रत्याशियों को जिताने में लगे हैं। 2022 में भाजपा प्रदेश में 60 के पार पहुंच रही है। विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन ने भी सभी से विकास के नाम पर वोट मांगे। कहा कि वह इसी क्षेत्र के हैं। रिश्ते में वह किसी के भाई, किसी के बेटे और किसी के दोस्त लगते हैं, तमाम क्षेत्रवासी उनका परिवार हैं। इसलिए अंजाने में हुई गलती की वह अपने क्षेत्रवासियों से माफी भी मांगते हैं। खानपुर प्रत्याशी रानी देवयानी ने भी सभी को विकास और हर संभव साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। कहा कि भाजपा के नेतृत्व में ही क्षेत्र में विकास संभव है। भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी ने कहा कि एक पत्रकार और निर्दलीय प्रत्याशी उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत करने में लगे हैं। यानि निर्दलीय प्रत्याशी पत्रकार भाजपा के खिलाफ कुछ भी बोलते रहे और अगर वह बोले तो वह पुलिस में शिकायत कर देते हैं। नेगी ने कहा कि वह भाजपाई हैं। अगर उनकी पार्टी के खिलाफ कोई कुछ भी बोलेगा तो सोशल मीड़िया पर वह इसका जवाब तो देगें ही। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा लंढोरा मंडल अध्यक्ष किरन सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पुंडीर, रामकुमार चैधरी आदि मौजूद रहे।

## रामपुर, कलियर में हुआ विधायक फुरकान अहमद का स्वागत



» मदरलैंड संवाददाता

कलियर। कांग्रेस प्रत्याशी फुरकान अहमद ने शनिवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रामपुर, कलियर में रोड़ शो कर शक्ति प्रदर्शन किया। इससे पहले फुरकान अहमद का शुक्रवार शाम सुनेहरा में अरविंद प्रधान के आवास पर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक फुरकान अहमद ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर वोट मांगे। पिरान कलियर में पीपल चैंक पर दुकानदारों ने फूल माला डालकर विधायक फुरकान का स्वागत कर उनका समर्थन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता का जनसैलाब बता रहा है कि जनता भाजपा की नीतियों से परेशान होकर कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनाने जा रही है। भाजपा सब का साथ सबका विकास की बात करती है लेकिन सबको साथ लेकर नही चलती कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है। किसी वजह से इस बार विकास कार्यो में कुछ कमिया रह गई हैं। जिनको सरकार बनने के साथ प्रथमिकता में रखकर कार्य किया जायेगा। चुनाव का समय है आपके पास कुछ लोग आकर आपको बरगलाने की कोशिश करेंगे ।लेकिन आप सब को मिलकर ऐसे लोगो के झांसे में नही आना है ।आप सब जानते हैं उनका मकसद क्या है और किस को फायदा पहुँचना है। इस दौरान नाजिम त्यागी, अख्तर त्यागी, मुस्तफा त्यागी ,खलील सलमानी, मेहरबान सलमानी ,मुमताज, मुन्ना मलिक, डब्बू मलिक, असलम मलिक, मास्टर नूर हसन, मुनीर मिस्त्री, मौसम मास्टर, खालिक मास्टर ,जीशान मिर्जा, रईस मिस्त्री, शफकत राजा, नवाज पीरजी, शहीद, नफीस त्यागी, चमन सलमानी, गुलाम साबिर उर्फ बुला ,सोनू, शेर खान, तालिब मलिक,पप्पू पीरजी सहित आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में थमा प्रचार का शोर, अब जोड़-तोड़ पर जोर

## 14 फरवरी को डलेगें राज्य की 70 विधानसभाओं पर वोट

» राजकुमार, मदरलैंड संवाददाता

देहरादून। राज्य में विधानसभा चुनाव के प्रचार को लेकर बना शोर शुक्रवार शाम 5 बजते ही थम गया। इसके साथ ही प्रत्याशियों का भी पूरा जोर अब जोड़-तोड़ पर रह गया है। मतदाताओ को अपने पाले मेंर खींचने को प्रत्याशी डोर-टू-डोर हो चले हैं। उधर अंतिम दिन होने के कारण तमाम प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी जान फूंके रखी। रैलियां, रोड़ शो कर तमाम प्रत्याशियों ने जनता के बीच शक्ति प्रदर्शन किया। उत्तराखण्ड में 70 विधानसभा सीटों के लिए 14 फरवरी को वोट डाले जाएगें। इसे लेकर चुनाव आयोग की ओर से पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता करने के साथ ही आयोग की ओर से पेयजल, शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही मतदाताओ को मतदान स्थल तक लाने के लिए जागरूकता अभियान भी जारी है। पूरे प्रदेश में मतदाता निर्भिक होकर मतदान कर सकेगें। इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से पूरे सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। कोई भी प्रत्याशी मतदाताओ पर किसी तरह से दबाव या उन्हे लालच नहीं दे पाऐगा। राज्य में 36 घंटे पहले ही चुनाव प्रचार पर भी ब्रेक लग गया है। शाम 5 बजते ही तमाम सीटों पर बना चुनाव प्रचार का शोर शांत हो गया। इसके साथ ही अब तमाम प्रत्याशी भी डोर-टू-डोर हो चले हैं। सभी का जोर जीत को लेकर अब जोड़-तोड़ पर रह गया है। प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण तमाम प्रत्याशियों ने प्रचार को लेकर पूरी जान फूंके रखी। सियासत के रण में खुद को अव्वल साबित करने के लिए सभी प्रत्याशियों ने रैलियां, रोड़ शो कर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। जिसके चलते तमाम विधानसभा क्षेत्रों में दिनभर मेला सा लगा रहा। रैलियों, रोड़ शो के चलते हाईवे, सम्पर्क मार्गो पर भी जाम की स्थिती बनी रही। हरिद्वार, रुड़की, झबरेड़ा, भगवानपुर, रामपुर (कलियर), देहरादून, डोईवाला, ऋषिकेश में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने को पुलिस की भी सांसे फूल गई। रामपुर, भगवानपुर में जाम ने सबसे ज्यादा राहगीरों, पुलिसकर्मियों का पसीना निकाला।

संक्षिप्त समाचार

## ज्वाइंट एक्शन कमेटी के उप चेयरमैन नरिंदर कुमार बिल्ला का हुआ निधन



विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लॉयीज एंड वर्कर्स यूनियन के कंवीनर अशवनी कुमार ,चेयरमैन सुरमुख सिंह और पैटर्न राजा राम ने बताया के हमारे बहुत ही होनहार नेता हमारे बीच नही रहे उनका निधन 11 फरवरी को हुआ था और उनके निधन की खबर सुनकर चंडीगढ़ के कर्मचारियों में शोक की लहर है ।आज उनका अंतिम संस्कार उनके गांव सारंगपुर में किया गया । वह पब्लिक हेल्थ विभाग एमसी में बतौर ट्यूबवेल ऑपरेटर के पद पर काम कर रहे थे ।अशवनी कुमार ने कहा उनके निधन से यहां यूनियन को घाटा पड़ेगा वही ज्वाइंट एक्शन कमेटी को भी कभी पूरा ना होने वाला घाटा पड़ेगा ।अशवनी कुमार ने बताया के नरिंदर कुमार हमेशा कर्मचारियों की मांगों को लेकर आंदोलन में सब से आगे रहते थे । उन्होंने ने कहा के उनको सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी के जिन मांगो को लेकर ज्वाइंट एक्शन कमेटी आंदोलन कर रही थी उन मांगो को चंडीगड़ प्रसाशन से जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा ।

## सुरजीत पातर ने जारी किया जतिन सलवान का पंजाबी कविता संग्रह - फूड़ी



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । प्रसिद्ध पंजाबी कवि और पंजाब कला परिषद के अध्यक्ष सुरजीत पातर ने आज सेक्टर 16, पंजाब कला भवन में एडवोकेट जतिन सलवान द्वारा पंजाबी कविता की एक पुस्तक का विमोचन किया ।पंजाब कला परिषद के सहयोग से पंजाबी लेखक सभा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सुरजीत पातर ने जतिन सलवान की कविता की सादगी और समृद्ध शब्दावली की प्रशंसा की, जो किसी तरह पंजाब में खो गई है ।पेशे से वकील, जतिन सलवान शहर में अपनी परोपकारी पहचान के साथ-साथ हजारों पेड़ लगाने, प्रकृति और जानवरों से प्यार करने और अब पंजाब कविता लिखने के लिए जाने जाते हैं । इस अवसर पर पूर्व भारतीय सेना प्रमुख जनरल वीपी मलिक और उनकी पत्नी रंजना मलिक, पूर्व आईएएस प्रसिद्ध लेखक और प्रेरक वक्ता विवेक अत्रे, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के प्रमुख संतोख विंदर सिंह (नाभा), प्रकाशक हरदीप चांदपुरी शामिल थे । , लेखक, कवि और लाईफ कोच रेनी सिंह, पंजाब कला परिषद के सदस्य और लेखिका लिली स्वर्ण और अन्य ने भाग लिया । संचालन पंजाब राइटर्स एसोसिएशन के सचिव दीपक शर्मा ने किया ।

## बाईक चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपित से रिमांड के दौरान बाईक की बरामद

संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता, नारनौल । थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने भांखरी से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित धर्मबीर उर्फ आहो को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था । रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपित से चोरी की हुई मोटरसाइकिल बरामद की है । रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपित ने दिव्या ज्योति रिजॉर्ट में लड़ाई झगडे व लूट की वारदात में शामिल होने बारे बताया । इससे पहले आरोपित को पुलिस द्वारा बदोपुर पेट्रोल पंप पर लूट की वारदात और बैंक कर्मचारी से स्नैचिंग की वारदात के मामले में गिरफ्तार किया गया था । आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कमानियां नांगल चौधरी निवासी अक्षय ने थाना सदर नारनौल में बाईक चोरी होने की शिकायत दी, शिकायतकर्ता ने बताया कि वह गांव भांखरी में किसी काम से गया था और मकान के सामने बाईक खड़ी कर दी थी । जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा लिया गया । शिकायत पर चोरी की धाराओं के तहत थाना सदर नारनौल में मामला दर्ज कर पुलिस ने कारवाई करते हुए बाईक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया । जिसकी पहचान धर्मबीर उर्फ आहो वासी डोहर खुर्द के रूप में हुई । पुलिस ने रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपित से चुराई हुई मोटरसाइकिल बरामद की है । पूछताछ करते हुए पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित दिव्य ज्योति रिजॉर्ट में लड़ाईझ्रझगड़े व लूट के मामले में भी शामिल था । आरोपित ने बदोपुर पेट्रोल पंप पर लूट और बैंक कर्मचारी से स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था, जिनमें पुलिस द्वारा आरोपित को गिरफ्तार किया जा चुका है । आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत्मे भेज दिया गया ।

# इस वैलेंटाइन डे, केयर हेल्थ इंश्योरेंस के साथ अपने प्रियजनों के स्वास्थ्य को सुरक्षित करें

care
HEALTH INSURANCE

चंडीगढ़/ लुधियाना झ वैलेंटाइन डे नजदीक आने के साथ, यह समय है कि हम अपने प्रियजनों को उपहारों से नहलाएं। आज उपलब्ध उपहार देने के विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला, केवल उन लोगों के लिए एक आदर्श उपहार चुनते समय हमें पहेली बनाती है जिनकी हम देखभाल करते हैं। उन चीजों को ढूँढ़ना जो हमारी देखभाल के सच्चे पर्यायवाची हैं, और दिन की चमक को पार करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। जहां कपड़े और खाद्य पदार्थों का जीवनकाल सीमित होता है; गहने हमेशा के लिए रह सकते हैं, लेकिन कुछ समय बाद वे महत्व खो देते हैं, कुछ असाधारण चुनना महत्वपूर्ण है। एक स्वास्थ्य बीमा उन लोगों के लिए वास्तव में आपकी देखभाल दिखाने के लिए एक आदर्श उपहार हो सकता है, जिन्हें आप उनकी वर्तमान और भविष्य की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों से संबंधित वित्तीय असुरक्षा से बचाना चाहते हैं। आखिरकार, ऐसा कोई उपहार नहीं है जो स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी होने से मिलने वाले आराम और मन की शांति को टक्कर दे सके। यह एक व्यक्ति के जीवन भर प्रासंगिक रहता है और यदि आपके प्रियजनों को कभी भी एक चिकित्सा आपात स्थिति के दुर्भाग्य का सामना करना पड़ता है, तो यह उपहार उनके लिए किसी भी चीज की तुलना में अधिक मूल्यवान होगा। हालांकि यह विचारोत्तेजक उपहार देने का समाधान आम उपहार देने के विकल्पों से परे सोचने का एक शानदार तरीका है, ऐसे कई अन्य कारण हैं जो इसे सबसे अधिक विचारशील और आवश्यक बनाते हैं। नीचे सूचीबद्ध कारक हैं जो स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को आपके प्रियजनों के लिए अधिक विचारशील उपहार बनाते हैंःस्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती लागतः भारत में लोगों की बचत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा चिकित्सा आपात स्थिति के लिए निर्देशित किया जाता है। ऐसा देश में चिकित्सा उपचार की बढ़ती लागत के कारण है। व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा की आवश्यकताः नियोक्ताओं द्वारा पेश किया गया स्वास्थ्य बीमा पर्याप्त नहीं हो सकता है क्योंकि यह नौकरियों या सेवानिवृत्ति के बाद के बीच किसी भी कवर के बिना होने का जोखिम उठाता है; और बाद के मामले में - बढ़ती उम्र के कारण स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी में नामांकन करना चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए व्यक्तिगत या पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा एक सुरक्षित विकल्प है।

## बालीवुड स्टार हौबी गिल ने वार्ड-63 स्थित इस्लाम गंज व प्रेम नगर में डोर-टू-डोर-प्रचार किया

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियानाः विधानसभा सैंट्रल में चुनाव प्रचार करने पंहुचे बालीवुड स्टार हौबी गिल ने वार्ड-63 स्थित इस्लाम गंज व प्रेम नगर में डोर-डोर-प्रचार कर भाजपा भाजपा प्रत्याशी गुरदेव शर्मा देबी के पक्ष में मतादन करने की अपील स्थानीय लोगो से की। दूसरी तरफ गुरदेव देबी ने रणजीत सिंह पार्क, प्रेम नगर, कृपाल नगर, न्यू माधोपुरी, शिवपुरी स्थित वाल्मीकि नगर, वार्ड-52, धर्मपुरा, न्यू शिवाजी नगर, हरगोबिंद नगर में मिटिंगो को संबोधित किया। सैदां मोहल्ला, कल्याण नगर डोर-टू-डोर प्रचार कर वोटरो के साथ रुबरु हुए। चुनाव प्रचार शुरू करने से पूर्व देबी ने जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें नमन कर आशीर्वाद लिया। देबी ने विधानसभा सैंट्रल से संबधित नगर निगम दफ्तरों व पुलिस थानों में सता पक्ष की तरफ से फैलाए रिश्वत व भ्रष्टाचार रुपी कैंसर का खात्मा कर भाजपा सरकार बनने पर स्वच्छ प्रशासन उपल्बध करावएंगे। वहीं विकास कार्यो में निम्न स्तर के इस्तेमाल किए जा रहे मैटिरियल की क्वालिटी कंट्रोल के लिए व पुलिस प्रशासन में फैले भ्रष्टाचार पर नजर रखने के लिए वार्ड स्तर पर स्थानीय नागरिको पर आधारित कमेटियां गठित की जाएंगी। इस अवसर पर प्राण भाटिया, रजनीश धीमान, योगेन्द्र मकौल, जसवंत सालदी, सुभाष भाटिया, राजिन्द्र खतरी, देवी सहाय टंडन, चौधरी यशपाल,पंकज जैन,रवि बतरा,गुरप्रीत राजू, सिमरनजीत सिंह सिम्मू, विक्की सहोता, सुनील, रौनक राजू, प्रधान राकेश खन्ना, राकेश वोहरा, ज्ञान चंद अरोड़ा, दीपक, कुंज विहारी, गोविंद चंदेल, जौन मसीह,रमेश महाजन, सुनील सेखड़ी, कृष्ण आनन्द, पवन कन्नौजिया, नरेश, जतिन्द्र, गुलशन, सुरिन्द्र शिंदा,साहिद शैफी व अन्य भी उपस्थित थे ।

## दक्षिण हल्के के आजाद उम्मीदवार ने मंत्री आशु पर बैंस भाईयो की मदद करने के लगाए आरोप

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः लुधियाना के दक्षिणी हलके में कई कांग्रेसी नेताओं ने विरोध जताया की बाहरी उम्मीदवार को टिकट दी गई है इस अवसर पर कांग्रेस के ही नेता आजाद उम्मीदवार के रूप में खड़े हो गए हैं संजय कुमार आजाद उम्मीदवार ने बताया कि मंत्री भारत भूषण आशू एक कहने पर दिखते काटी गई है उन्होंने अपनी ही नजदीक लोगों को टिकट दी है क्योंकि वह ड्रेस भाइयों के नजदीकी है आतम नगर और लक्ष्मी हल्के से रोमांस भाइयों को जिताना चाहते हैं इसलिए दोनों उम्मीदवारों को इस्तेमाल कर रहे हैं संजय कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि आबकारी मंत्री ने अहंकारी मंत्री ने यह जाल बिछा रखा है और जनता को बेवकूफ बना रहा है उन्होंने कहा दक्षिणी हलके में जितने भी वोट लगे हैं उनमें चुन्नी की फोटो की बजाय मंत्री की फोटो को चमका रखा है और पिछले 10 सालों में भैंस भाइयों ने इस हल्के को नर्क बना दिया है करुणा के समय पर उन्होंने कोई मदद नहीं की जबकि इस हलके में जरूरतमंद लोग यूपी बिहार के रहते हैं आजाद उम्मीदवार ने बताया कि लोगों की मांग के ऊपर वह आजाद पड़े हुए हैं पूर्वांचल यूपी बिहार के लोग सभी उनके साथ है यहां पर सड़कों की इतनी खस्ता हालत है और पीने का पानी भी इतना गंदा है जिससे सभी लोग परेशान है उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि ईश्वर जोत चीमा ने अपने ही लोगों को ग्रांट बाटी है जबकि यूपी-बिहार जो जरूरतमंद लोग थे किसी को भी ग्रांट नहीं दी गई जिसकी वह आर टीआई द्वारा जांच करवाएंगे



## सीग्रैम्स रॉयल स्टैग ने 2022 के भारत दौरे के लिए वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम को प्रायोजित किया





अंबाला । सीग्रैम्स रॉयल स्टैग ने वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम के साथ आधिकारिक स्पॉन्सर के तौर पर साझेदारी करने की घोषणा की है। वेस्टइंडीज के मौजूदा भारत दौरे के लिये यह साझेदारी की गई है। वेस्ट इंडीज टीम को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिये जाना जाता है और उनका स्वाभाविक रूप से कैरेबियन जोश उन्हें और भी बेहतर बनाता है। उनका यह अंदाज रॉयल स्टैग ब्रांड की ह्लइट्स योर लाइफ। लिव इट लार्ज ह्व की फिलॉसफी में पूरी तरह फिट होता है। अपनी प्रतिष्ठित छवि और जेंटलमैन्स गेम के प्रति प्यार को साबित करते हुए, रॉयल स्टैग क्रिकेट के उन धुरंधरों की जड़ों को और मजबूत बना रहा है जिन्हें पूरे भारतभर में इतना पसंद किया जाता है।

क्रिकेट हमेशा से ही रॉयल स्टैग ब्रांड के प्रचार के केंद्र में रहा है। वर्षों से, दुनिया के शीर्ष क्रिकेटरों और टीमों के साथ ब्रांड की लगातार साझीदारी ने देश भर के क्रिकेट प्रेमियों के साथ अपने जुड़ाव को मजबूती दी है। इस साल, रॉयल स्टैग ने गेम की शुरूआत उस टीम के साथ साझीदारी करते हुए की है जोकि दिल और जुनून के साथ खेलती है और अपने अंदाज, भव्यता और जोश के साथ सफलता का जश्न मनाती है। ये सारी बातें ब्रांड की मूल सोच से मेल खाती है।

इस स्पॉन्सरशिप के बारे में, कार्तिक मोहिन्दर, सीएमओ, पर्नोड रिकार्ड इंडिया का कहना है, ह्लक्रिकेट प्रेमियों की एक पूरी पीढ़ी के लिये, वेस्ट इंडीज बेजोड़ टैलेंट, सकारात्मक रवैये और शानदार स्वभाव का सही तालमेल है। पिछले दशक में, इस टीम ने उस अनूठे जोश को फिर से ढूंढ निकाला है और उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने कैरेबियन को दो बार टी20 विश्व कप जीतने में मदद की है। रॉयल स्टैग ने पिछले कई सालों में उन खूबियों का पूरा लाभ उठाया है, जिसकी वजह से यह साझीदारी और भी खास हो जाती है। इसके साथ ही इस टीम के कई सारे खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में भारत में खेल बदलकर रख देने वाले प्रदर्शन की वजह से काफी पसंद किया गया। रॉयल स्टैग, लगभग दो दशकों से सीमित ओवरों वाले इस उत्साही और दिलों की धड़कन बढ़ाने वाले एक्शन का पर्याय रहा है। मौजूदा सीरीज के लिए वेस्ट इंडीज का आधिकारिक स्पॉन्सर बनकर, हम खेल के उस जादू के साथ इसी तरह जुड़े रहेंगे।ह्व

क्रिकेट वेस्टइंडीज के वाणिज्यिक निदेशक डोमिनिक वार्न ने कहाः ऱ्हमारी रोमांचक वेस्ट इंडीज मेंस टीम के साथ, भारत में रॉयल स्टैग के साथ इस नई साझेदारी से हम वाकई खुश हैं। भारत और दुनिया भर के प्रशंसकों ने वेस्टइंडीज की टीमों और खिलाड़ियों को हमेशा ही पसंद किया और उन्हें खेलते हुए देखा है। 2022 में कैरेबियन टूर के कारण भारत के साथ गहन क्रिकेट के व्यस्त वर्ष में, हम ऐक्शन से भरपूर एकदिवसीय और टी20 सीरीज के साथ इस सहयोग को लेकर बहुत उत्साहित हैं।'

## नई बीएमडब्ल्यू एम4 कॉम्पीटिशन कूपे भारत में लॉन्च



चंडीगढ़ : बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने आज नई बीएमडब्ल्यू एम4 कॉम्पीटिशन कूपे को लॉन्च किया है। पेस-सेटिंग हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स कार आज से कम्प्लीटली बिल्ट.अप यूनिट के तौर पर शॉप. बीएमडब्ल्यू.इन पर उपलब्ध है।श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, पिछले 50 सालों से बीएमडब्ल्यू एम उन लोगों के लिए बनी है जो हाई परफॉर्मेंस और बेहतरीन उत्कृष्टता का आनंद उठाते हैं। नई बीएमडब्ल्यू एम4 कॉम्पीटिशन कूपे विशिष्ट संयोजनों के साथ बिना किसी समझौते के ट्रैक एवं स्ट्रीट का अनुभव एक नए स्तर पर लेकर जाता है। शानदार इंजीनियरिंग ड्राइविंग डायनैमिक्स, एड्रेनलिन-फ्युल्ड बॉडी स्टाइलिंग, हेड-टर्निंग रोड प्रजेंस का असाधारण वादा करती है। साथ ही इसने अपनी मोटरस्पोर्ट की मशहूर लेगेसी को बरकरार रखा है।नई बीएमडब्ल्यू एम4 कॉम्पीटिशन एक्स-शोरूम में पेट्रोल वैरिएंट में उपलब्ध है शॉप.बीएमडब्ल्यू.इन पर जाकर, ग्राहक घर बैठे नई बीएमडब्ल्यू एम4 कॉम्पीटिशन कूपे को सेलेक्ट, कस्टमाइज और बुक कर सकते हैं। वे महज एक बटन के क्लिक पर सभी फीचर्स एवं पर्सनलाइजेशन के साथ वाहन के एक्सटीरियर एवं इंटीरियर का 360त्व्यू देख सकते हैं। प्रोडक्ट पर सभी पूछताछ, सर्विस पैकेजेज और फाइनेंस ऑप्शंस के बारे में डीलर रिप्रजेंटेटिव से ऑनलाइन बातचीत करके रियल-टाइम में जानकारी पा सकते हैं। वाहन के ब्रोशर्सए स्पेसिफिकेशन की जानकारी और अन्य डॉक्यूमेंट्स को बिना किसी फिजिकल कॉन्टैक्ट के ऑनलाइन शेयर किया जा सकता है। पेमेंट भी सुरक्षित ढंग से ऑनलाइन किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना का लाभ ले रहे किसान 31 मार्च तक कराएं ई-केवाईसी वेरीफिकेशन

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना के तहत लाभ ले रहे किसानों को ई केवाईसी का वेरिफिकेशन करवाना है। सरकार ने किसानों की सहूलियत के लिए 31 मार्च तक का समय निर्धारित किया गया है। कोई भी किसान आधार कार्ड साथ ले जाकर वेरिफिकेशन का कार्य किसी भी सीएससी पर जाकर करवा सकता है।





यह जानकारी देते हुए उपायुक्त श्याम लाल पुनिया ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत जो लघु एवं सीमांत किसान 6 हजार रुपए वार्षिक सहायता राशि ले रहे हैं। अब उन किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी करवानी होगी। इस योजना के लाभार्थी किसानों के ई-केवाईसी के वेरिफिकेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कार्य आगामी 31 मार्च तक पूरा किया जाना है। उसके बाद ई-केवाईसी वेरिकफकेशन करवा चुके किसान ही संबंधित सरकारी योजना का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ के सभी किसान अपना वेरिफिकेशन जरूर करवाएं ताकि उन्हें लगातार संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहे।

श्री पुनिया ने बताया कि सभी लाभार्थी किसान ई-केवाईसी अपने नजदीकी सीएससी केन्द्र से बायोमैट्रिक के द्वारा या स्वयं अपने मोबाईल फोन के माध्यम से करवा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए किसान को पीएम किसान डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर फार्मर कॉर्नर के अन्दर ई-केवाईसी पर क्लीक करके अपने आधार नम्बर भरना होगा इसके पश्चात किसान के रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आएगा जिसको भरने के बाद किसान की ई-केवाईसी पूर्ण हो जाएगी। उपनिदेशक कृषि डॉ वजीर सिंह ने बताया कि फिलहाल जिला महेंद्रगढ़ में 104348 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रतिवर्ष 6000 रुपए का लाभ ले रहे हैं। यह राशि सीधे उनके बैंक खाते में डाली जाती है ऐसे में नीति के अनुसार उसका वेरिफिकेशन जरूरी होता है।

### आत्म नगर हल्के में पिछले दस सालों में मिली टूटी सड़के और गंदा पानी

# कांग्रेस सरकार में राज में महिला भी सुरक्षित नहीं... टीना

» मदरलैंड संवाददाता




लुधियानाः विधान सभा चुनाव में इस बार उम्मीदवार बड़ी सोच समझ कर वोट डालने का सोच रहे हैं हर बार झूठा वादा करके अलग अलग पार्टियों के नेता आते हैं और जितने के बाद भूल जाते हैं जनता को सिर्फ मिलता है लॉली पॉप चुसने को दुगरी की रहने वाली टीना ने बताया कि पिछले कई सालों से सड़को की इतनी खस्ता हालत है कि लोगो का पैदल चलना ही मुश्किल हो रहा है वार्ड नं 44,43,45 के पार्षद ने पूरे पांच साल फोन नहीं उठाया और विकास के नाम पर सिर्फ दिया आत्म नगर के हल्के को लॉली पॉप गगन बेदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में औरतों के साथ बलात्कार होता है और उसको इंसाफ नहीं मिलता बल्कि कांग्रेस सरकार के नेता बलात्कारियों का साथ देते हैं आज भी पुलिस कमिश्नर दफ्तर के बाहर इंसाफ के लिए औरत बैठी है यह चंगी सरकार जो औरतों के लिए औरतों की सुरक्षा भी नहीं कर पा रही सभी महिलाओं को मिलकर कांग्रेस सरकार का बाय काट करना चाहिए और वोटों मे हराकर बाय-बाय का रास्ता दिखाना चाहिए सोनिया छाबड़ा ने कहा कि वोट सोच समझकर डालें उस इंसान को डाले जो आम आदमी हो जिसको पैसों का लालच ना हो सिर्फ सेवा करने का मकसद हो जो महिलाओं की सुरक्षा कर सके और नौजवानों को बेरोजगारी समाप्त कर रोजगार दे सके और नशे की ओर बढ़ रहे युवकों को रोक सके और पंजाब को तरक्की में लेकर जाए ऐसा उम्मीदवार होना चाहिए आतम नगर हल्के का परमिंदर कौर ने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार ने हल्के में उद्घाटन तो बहुत कर दी है मगर काम कोई भी नहीं किया दुगरी थाने से लेकर श्मशान घाट तक सड़क का काम रुका हुआ है जो थोड़ी बहुत बड़ी थी वह भी 2 दिनों में टूट कर बाहर आ गई इससे साफ जाहिर होता है कि सिर्फ चुनावी दिनों में ही विकास किए जाते हैं 5 साल सिर्फ झूठ बोल कर वादे करते हैं और भुगतना जनता को पड़ता है जिस पार्टी का एम पी दस साल नजर नही आता और फोन नहीं उठाता तो उस पार्टी के उम्मीदवार से क्या उम्मीद रखे

### गिल हल्के को बनाया नर्क बाप बेटे ने करोना समय पर किया फोन बंद

# वोट डालने से पहले इनके किए कामों पर डाले नजर... राज कौर

» मदरलैंड संवाददाता






लुधियानाः विधान सभा चुनाव में कांग्रेस सरकार ने दुबारा वही उम्मीदवार खड़ा कर दिया जिसने पिछले पांच सालों में गिल हल्के को नर्क बना दिया राज कौर ने बताया कि सड़को की इतनी खस्ता हालत है कि रोज एक्सीडेंट होते हैं औरतों की रीढ़ की हड्डी खिसक जाती है इन सड़कों में बड़े-बड़े गड्डों की वजह से मगर वह साहब वीआईपी गाड़ी में से निकलते हैं और वीआईपी कोठी में रहते हैं उनको फर्क ही नहीं पड़ता पूरे 5 साल बाप बेटे हल्के में नजर नहीं आए करोना वक्त पर जब लोगों की जरूरत थी उस समय उन्होंने फोन ही बंद कर लिया ऐसे विधायक को वोट डालने का क्या फायदा प्रिया धवन ने कहा कि जो लोग झूठ बोल कर वोट मांगते हैं वो सिर्फ एक बार ही राज करते हैं यूथ को अगर अपना भविष्य सुरक्षित रखना है तो कांग्रेस सरकार का बाय काट करना चाहिए और ईमानदार इंसान को वोट डालनी चाहिए तवेंदर कौर ने कहा कि कांग्रेस सरकार महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है पंजाब में चन्नी सरकार के होते हुए महिलाओं को इंसाफ नहीं मिलता।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# विश्व रेडियो दिवस 2022 थीम और महत्व



विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन



कम्युनिकेशन यानि संवाद का हमारे समाज और देश के विकास के लिए उतना ही महत्त्व है जितना पेड़ पौधों के लिए खाद और पानी को संवाद के बिना हम व्यक्ति, समाज और देश के आगे बढ़ने की कल्पना भी नहीं कर सकते संवाद का एक ऐसा सशक्त माध्यम है रेडियो, जिसकी देश और दुनिया को एक दूसरे से जोड़ने में अहम्-भूमिका रही है संवाद के दूसरे साधन जहाँ नहीं पहुँच पाते, वहां भी अपने शुरूआती समय से ही रेडियो दुनिया को सन्देश पहुंचाने का काम करता रहा है रेडियो के योगदान और इसकी भूमिका को याद करने के लिए एक दिन विश्व रेडियो दिवस के रूप में मनाया जाता है

रेडियो दिवस प्रति वर्ष 13 फरवरी को मनाया जाता है रोजमर्रा की जिंदगी में संचार के इस शक्तिशाली माध्यम रेडियो के योगदान को याद करने के लिए विश्व रेडियो दिवस मनाते हैं

विश्व रेडियो दिवस का इतिहास

वर्ष 2010 में स्पैनिश रेडियो अकादमी की पहल के बाद विश्व रेडियो दिवस मनाने की चर्चा शुरू हुई सयुंक्त राष्ट्र ने सदस्य देशों को रेडियो को समर्पित इस दिन पर विचार करने को कहो इसके बाद यूनेस्को ने पेरिस में आयोजित 36वें सम्मेलन के दौरान 03 नवंबर 2011 को इस दिन को स्वीकार कर लिया और विश्व रेडियो दिवस मनाने के लिए 13 फरवरी का दिन तय किया गयो 13 फरवरी को ही वर्ष 1946 में सयुंक्त राष्ट्र का यूएनओ रेडियो स्टेशन स्थापित हुआ थो 13 फरवरी 2012 को पुरे विश्व में उत्साह, उमंग और जोश के साथ पहला विश्व रेडियो दिवस मनाया गयो

रेडियो का अविष्कार

रेडियो तरंगों को पहली बार 1886 में जर्मन भौतिक विज्ञानी हेनरिक हट्र्ज द्वारा पहचाना और अध्ययन किया गया थो पहला व्यावहारिक रेडियो ट्रांसमीटर और रिसीवर 1895-1896 के आसपास इटली के गुग्लिल्मो माकोर्नी द्वारा विकसित किए गए थे, और रेडियो का उपयोग 1900 के आसपास व्यावसायिक रूप से किया जाने लगो उपयोगकताओं के बीच हस्तक्षेप को रोकने के लिए, रेडियो तरंगों के उत्सर्जन को कानून द्वारा विनियमित किया जाता है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) नामक एक अंतरराष्ट्रीय बॉडी द्वारा कोआर्डिनेट किया जाता है, जो विभिन्न उपयोगों के लिए रेडियो स्पेक्ट्रम में फ्रीक्वेंसी बैंड आवंटित करता है

विश्व रेडियो दिवस 2022 थीम

हर साल को एक अलग खास थीम पर विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है विश्व के सभी देशों के रेडियो प्रसार को और श्रोताओं को एक मंच पर लाने के मकसद से शुरू की गई यह पहल अपने उद्देश्यों में सफल होती दिख रही है

इस साल 2022 में विश्व रेडियो दिवस की थीम है ह्लरेडियो एंड ट्रस्टह्व

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार, रेडियो दुनिया में सबसे विश्वसनीय और उपयोग किए जाने वाले मीडिया में से एक बना हुआ है

भारत में रेडियो का विस्तार

रेडियो प्रसारण की लोकप्रियता और विश्वसनीयता भारत के जन-जन में है भारत में रेडियो प्रसारण की शुरूआत मुंबई और कोलकाता में साल 1927 में दो निजी ट्रांसमीटरों के जरिये हुई 1936 में इम्पीरियल रेडियो ऑफ इंडिया की शुरूआत हुई जो आजादी के बाद ऑल इंडिया रेडियो के नाम से मशहूर हुओ 1957 में ऑल इंडिया रेडियो का नाम बदलकर आकाशवाणी कर दिया गयो

02 अक्टूबर 1957 को स्थापित हुए विविध भारती ने 1967 से व्यावसायिक रेडियो प्रसारण शुरू कर नए युग में प्रवेश कियो आज भी रेडियो के कार्यक्रम देश को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य कर रहे हैं

आजादी के समय भारत में केवल 06 रेडियो स्टेशन थे, जिनके कार्यक्रमों की पहुँच सिर्फ 11 प्रतिशत आबादी तक ही थी लेकिन आज आकाशवाणी की पहुँच देश के 92 प्रतिशत भौगौलिक क्षेत्र में फैले 99.2 प्रतिशत आबादी तक है इसके साथ कई प्राइवेट एफ.एम रेडियो स्थानीय भाषा में संवाद कर रहे हैं और स्थानीय सामग्री को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं

70 के दशक में टेलीविजन के आने से लगा कि रेडियो की चमक धूमिल पड़ने लगेगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुओ रेडियो का श्रोता वर्ग उससे दूर नहीं हुआ बल्कि नए लोग इससे जुड़ते रहे आज के डिजिटल रेडियो के जमाने में श्रोता अपने मोबाइल पर रेडियो लेकर चलते हैं इसीलिए प्रधानमंत्री ने जब लोगों से सीधा संवाद करने की सोची तो मन की बात कार्यक्रम के लिए उन्होनें अपना माध्यम रेडियो को ही चुनो

बचपन में रेडियो की अपनी दुनिया होती थी जो आज भी हैं .रेडियो के समाचार में जो विवरण सुनने मिलता हैं वह कहीं नहीं हैं .

आज भी रेडियो अपनी प्रासंगिता बनाये हुए हैं .

## संपादकीय

# प्लास्टिक का खतरा



अब तक कुल 18 राज्य प्लास्टिक की थैली पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा चुके हैं। इतने बड़े पैमाने पर अगर यह पहलकदमी हुई है तो निश्चित रूप से यह पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा जब पहले की घोषणाओं की तरह इस बार भी सरकारें केवल दावों की औपचारिकता निभाने के बजाय इस दिशा में कुछ ठोस नतीजा-आधारित काम करेंगी। गौरतलब है कि एनजीटी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के क्रियान्वयन और इससे संबंधित मामलों पर दाखिल सीपीसीबी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस दौरान यह बताया गया कि 18 राज्यों ने जहां प्लास्टिक की थैलियों या उत्पादों पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी है, वहीं कुछ राज्यों ने इस मामले में आंशिक प्रतिबंध लगाया है। मगर समस्या यह है कि आज भी ऐसे कई राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं जिन्होंने इस तरह की पाबंदी लगाने की औपचारिकता पूरी करना जरूरी नहीं समझा है। जबकि इससे संबंधित कानून प्लास्टिक के उपयोग को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करते हैं। सवाल है कि जब इस मसले पर बने कानूनों को अमल में लाना कुछ राज्य सरकारों तक को जरूरी नहीं लगता, तो वैसे आम लोगों से क्या उम्मीद की जा सकती है जो पर्यावरण व प्रदूषण जैसी समस्याओं पर पर्याप्त स्तर पर जागरूक भी नहीं हैं! आज चारों तरफ प्लास्टिक की थैलियों या बोतलों से लेकर इससे तैयार सामान थोड़ी सुविधा की कीमत पर पर्यावरण और सामान्य जन-जीवन के लिए एक बड़ी समस्या बन चुके हैं। हालांकि जिन राज्यों ने प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, वहां भी यह देखना बाकी है कि व्यवहार में यह कितना लागू है। लेकिन जहां आंशिक प्रतिबंध लगाया गया है, वहां सिर्फ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस ह्यछूटह्न का फायदा किस तरह उठाया जा रहा होगा। यह पूरी तरह साफ है कि रोजमर्रा के जीवन में आम हो चुका प्लास्टिक आज किस हद तक प्रदूषण का वाहक बन गया है। शहरों-महानगरों के तमाम नाले अगर जाम होते हैं, सड़कों पर और मोहल्लों में गंदा पानी फैल जाता है, उसमें रासायनिक प्रतिक्रियाओं की वजह से हवा और पानी में जहरीले तत्व घुलते हैं तो इसके लिए जिम्मेदार बड़ी तादाद में रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाला प्लास्टिक ही है। लोग थोड़ी सुविधा के लिए प्लास्टिक की थैलियों या इससे बने सामान का उपयोग तो करते हैं, लेकिन इसके पर्यावरणीय प्रभावों की अनदेखी करते हैं। दूसरी ओर, सरकार को भी प्लास्टिक के उपयोग पर लगाम लगाने वाले नियम-कायदों को सख्ती से अमल में लाना जरूरी नहीं लगता। एक सवाल यह भी है कि अगर प्लास्टिक से तैयार सामान का उत्पादन होता रहेगा तो इसके उपयोग को प्रतिबंधित करना कितना संभव होगा! पूरे विश्व में प्लास्टिक का उपयोग इस कदर बढ़ चुका है और हर साल पूरे विश्व में इतना प्लास्टिक फेंका जाता है कि इससे पूरी पृथ्वी के चार घेरे बन जाएं। प्लास्टिक केमिकल बीपीए शरीर में विभिन्न स्त्रोतों से प्रवेश करता है।

# भारत का लोकतंत्र सबल कैसे हो?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**भारत के केंद्र और राज्यों में अक्सर सरकारें बदलती रहती हैं। लेकिन ऐसा बुलेट से नहीं, बैलेट से होता है। इसके बावजूद दुनिया के 167 राष्ट्रों की सूची में भारत का स्थान 46 वां क्यों है? वह पहला क्यों नहीं है? जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, वह सबसे अच्छा भी क्यों नहीं है? जिन दस देशों के नाम इस सूची में सबसे ऊपर हैं, वे भारत के औसतन प्रांतों से भी छोटे हैं- जैसे नार्वे, न्यूजीलैंड, फिनलैंड, स्वीडन, आयरलैंड, ताइवान आदि! भारत गर्व कर सकता है कि चीन, जो कि जनसंख्या में उससे भी बड़ा है, वह घटिया लोकतंत्रों में 5 वें स्थान पर है। उसके पहले चार सीढ़ियों नीचे बैठे हैं- अफगानिस्तान, म्यांमार, उत्तर कोरिया और लाओस। अपने मित्र चीन से दो सीढ़ी ऊपर बैठा है, पाकिस्तान! इन राष्ट्रों में या तो तानाशाही का डंका पिट रहा है या फौज का! किसी देश में लोकतंत्र है या नहीं है और कम है या ज्यादा है, यह नापने का जो पैमाना है, उसके पांच मानदंड हैं। एक, चुनाव प्रक्रिया, दो सरकारी काम-काज, तीन राजनीतिक भागीदारी, चार राजनीतिक तथा सांस्कृतिक स्वतंत्रता और पांच, नागरिक अधिकार! इन सब आधारों पर जांचने पर पता चला है कि अमेरिका जैसा समृद्ध राष्ट्र 26 वें स्थान पर है, भारत 46 वें पर और पाकिस्तान 104 वें स्थान पर है।**


दुनिया के किन-किन देशों में कैसा-कैसा लोकतंत्र है, इसका सर्वेक्षण हर साल ब्लूमबर्ग नामक संस्था करती है। इस साल का उसका आकलन है कि दुनिया के 167 देशों में से सिर्फ 21 देशों को आप लोकतांत्रिक कह सकते हैं। 56 देश खुद को लोकतांत्रिक बताते हैं लेकिन वे लंगड़ाते हुए लोकतंत्र हैं। याने दुनिया के ज्यादातर देश या तो तानाशाही में जी रहे हैं या फौजशाही में या पार्टीशाही में या परिवारशाही या राजशाही में ! उन राष्ट्रों में आम जनता के मूल अधिकारों की परवाह करनेवाला कोई नहीं है। न सरकार, न अदालत और न ही संसद ! यह संतोष का विषय है कि भारत में नागरिकों के अधिकारों का जब भी उल्लंघन होता है तो सरकारें, संसद और अदालतें उनका संज्ञान लिये बिना नहीं रहतीं। भारत को गर्व है कि आज तक उसमें फौजी तख्ता-पलट की कोई कोशिश तक नहीं हुई जबकि हमारे पड़ौसी देशों में कई बार तख्ता-पलट हो चुके हैं। इन देशों के संविधान भी कई बार पूर्णरुपेण बदल चुके हैं लेकिन भारत का संविधान अब तक ज्यों का त्यों है। भारत के केंद्र और राज्यों में अक्सर सरकारें बदलती रहती हैं। लेकिन ऐसा बुलेट से नहीं, बैलेट से होता है। इसके बावजूद दुनिया के 167 राष्ट्रों की सूची में भारत का स्थान 46 वां क्यों है? वह पहला क्यों नहीं है? जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, वह सबसे अच्छा भी क्यों नहीं है? जिन दस देशों के नाम इस सूची में सबसे ऊपर हैं, वे भारत के औसतन प्रांतों से भी छोटे हैं- जैसे नार्वे, न्यूजीलैंड, फिनलैंड, स्वीडन, आयरलैंड, ताइवान आदि! भारत गर्व कर सकता है कि चीन, जो कि जनसंख्या में उससे भी बड़ा है, वह घटिया लोकतंत्रों में 5 वें स्थान पर है। उसके पहले चार सीढ़ियों नीचे बैठे हैं- अफगानिस्तान, म्यांमार, उत्तर कोरिया और लाओस। अपने मित्र चीन से दो सीढ़ी ऊपर बैठा है, पाकिस्तान! इन राष्ट्रों में या तो तानाशाही का डंका पिट रहा है या फौज का! किसी देश में लोकतंत्र है या नहीं है और कम है या ज्यादा है, यह नापने का जो पैमाना है, उसके पांच मानदंड



हैं। एक, चुनाव प्रक्रिया, दो सरकारी काम-काज, तीन राजनीतिक भागीदारी, चार राजनीतिक तथा सांस्कृतिक स्वतंत्रता और पांच, नागरिक अधिकार! इन सब आधारों पर जांचने पर पता चला है कि अमेरिका जैसा समृद्ध राष्ट्र 26 वें स्थान पर है, भारत 46 वें पर और पाकिस्तान 104 वें स्थान पर है। पाकिस्तान में भी भारत की तरह चुनाव तो होते हैं लेकिन वहां भी अफ्रीकी देशों की तरह फौज का स्थान सर्वोपरि है। फौज पाकिस्तान की स्थायी महारानी है। सारी दुनिया की कुल आबादी में सिर्फ 6.4 प्रतिशत जनता ही स्वस्थ लोकतंत्रों में रहती है। दूसरे देशों का जो भी हाल हो, हम भारतीयों की इस खोजबीन में लगना चाहिए कि हमारे लोकतंत्र की बाधाएं क्या-क्या हैं? सबसे पहली बाधा तो यही है कि सभी पार्टियां प्रायवेट लिमिटेड कंपनियां बन गई हैं। उनमें आंतरिक स्वतंत्रता शून्य हो गई है। दूसरा, हमारे यहां मतदान के आधार प्रायः मजहब या जात बन गए हैं। तीसरा, जन-प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार जनता को नहीं है। चौथा, देश का शासन, प्रशासन, कानून और न्याय सब कुछ अब भी पुराने मालिक अंग्रेज की भाषा में ही चल रहा है। पांचवां, हमारे नेताओं का ब्रह्म सत्य सत्ता और पत्ता है। लोक-कल्याण तो माया है। उसे नौकरशाहों के हवाले कर दिया गया है। छठा, देश की ज्यादातर जनता के लिए उचित परिमाण में शिक्षा, चिकित्सा और खुराक का इंतजाम अभी तक नहीं हुआ है। इन सवालों का जवाब कोई ढूंढे तो देश में सच्चा लोकतंत्र लाने में देर नहीं लगेगी।

# आध्यात्मिक आकाश का प्रकाश

चिन्मय आकाश में न तो सूर्यप्रकाश की आवश्यकता है, न चन्द्रप्रकाश अथवा अग्नि या बिजली की, क्योंकि सारे लोक स्वयं प्रकाशित हैं। इस ब्रह्मांड में केवल एक लोक- सूर्य, ऐसा है जो स्वयं प्रकाशित है। लेकिन आध्यात्मिक आकाश में सभी लोक स्वयं प्रकाशित हैं। उन समस्त लोकों के (जिन्हें वैकुण्ठ कहा जाता है) चमचमाते तेज से चमकीला आकाश बनता है, जिसे ब्रह्मज्योति कहते हैं। इस तेज का एक अंश महत-तत्व अर्थात जगत से आच्छादित रहता है। जब तक जीव इस अंधकारमय जगत में रहता है, तब तक वह बद्ध अवस्था में होता है। लेकिन ज्यों ही वह भौतिक जगत रूपी मिथ्या, विकृत वृक्ष को काटकर आध्यात्मिक आकाश में पहुंचता है, त्यों ही मुक्त हो जाता है। तब वह यहां वापस लेकिन अपनी मुक्त अवस्था में आध्यात्मिक राज्य में प्रवेश करता है और परमेर का पाषर्द बन जाता है। वहां पर वह सच्चिदानंदमय जीवन बिताता है।



जो इस संसार से अत्यधिक आसक्त है, उसके लिए इस आसक्ति का छेदन करना दुष्कर होता है। लेकिन यदि वह कृष्णभावनामृत को ग्रहण कर ले, तो उसके क्रमशः छूट जाने की संभावना है। उसे ऐसे भक्तों की संगति करनी चाहिए जो कृष्णभावनाभावित होते हैं। उसे ऐसा समाज खोजना चाहिए, जो कृष्णभावनामृत के प्रति समर्पित हो और उसे भक्ति करनी सीखनी चाहिए। इस प्रकार वह संसार के प्रति अपनी आसक्ति विच्छेद कर सकता है। यदि कोई चाहे कि केसरिया वस्त्र पहनने से भौतिक जगत के आकषर्ण से विच्छेद हो जाएगा, तो ऐसा संभव नहीं है। उसे भगवद्भक्ति के प्रति आसक्त होना पड़ेगा। यहां परमं मम शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं। वास्तव में जगत का कोना-कोना भगवान की सम्पत्ति है, परंतु दिव्य जगत परम है और छह ऐयरे से पूर्ण है। कठोपनिषद् में भी इसकी पुष्टि की गई है कि दिव्य जगत में सूर्यप्रकाश, चन्द्र प्रकाश या तारागण की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि समस्त आध्यात्मिक आकाश भगवान की आन्तरिक शक्ति से प्रकाशमान है। उस परम धाम तक केवल शरणागति से ही पहुंचा जा सकता है, अन्य किसी साधन से नहीं।

# अमरलता स्वर की आलोकित ध्रुव तारा



हेमेन्द्र क्षीरसागर

भारत रत्न, लता मंगेशकर की मंत्रमुग्ध आवाज ने छह दशकों से भी ज्यादा संगीत की दुनिया को सुरों से नवाजा है। भारत ही नहीं जगत की ह्यस्वर कोकिलाह्ण लता मंगेशकर ने 25 भाषाओं में 50,000 से भी ज्यादा गाने गाये है। उनकी आवाज सुनकर कभी किसी की आँखों में आँसू आए, तो कभी सीमा पर खड़े जवानों को सहारा मिला। लता जी ने अविवाहित रहकर स्वयं को पूर्णतः संगीत को समर्पित कर रखा है। सुश्री लता मंगेशकर का जन्म 28 सितम्बर, 1929 इंदौर, मध्यप्रदेश में हुआ था। दीनानाथ जी ने लता को तब से संगीत सिखाना शुरू किया, जब वे पाँच साल की थी। उनके साथ उनकी बहनें आशा, ऊषा और मीना भी सीखा करतीं थीं। लता मंगेशकर हमेशा से ही ईश्वर के द्वारा दी गई सुरीली आवाज, जानदार अभिव्यक्ति व बात को बहुत जल्द समझ लेने वाली अविश्वसनीय क्षमता का उदाहरण रहीं हैं। इन्हीं विशेषताओं के कारण उनकी इस प्रतिभा को बहुत जल्द ही पहचान मिल गई थी। लेकिन पाँच वर्ष की छोटी आयु में ही आपको पहली बार एक नाटक में अभिनय करने का अवसर मिला। शुरूआत अवश्य अभिनय से हुई किंतु आपकी दिलचस्पी तो संगीत में ही थी। जो संसार में भारत की अमिट पहचान बनी।

वीभत्स, वर्ष 1942 में इनके पिता की मौत हो गई। इस दौरान ये केवल 13 वर्ष की थीं। नवयुग चित्रपट फिल्म कंपनी के मालिक और इनके पिता के दोस्त मास्टर विनायक ने इनके परिवार को संभाला और लता मंगेशकर को एक सिंगर और अभिनेत्री बनाने में मदद की। तब से चला गीतांजलि का कारवां जीवन के अंतिम पड़ाव तक निर्विवाद कंठहार चलता रहा। अभिभूत, स्वर-साम्राज्ञी, राष्ट्र की आवाज, सहराब्दी की



आवाज आदि नामों से सुशोभित भारत कोकिला लता मंगेशकर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, बंगाल फि ल्म पत्रकार संगठन पुरस्कार, फि ल्म फेयर सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका पुरस्कार, फिल्म फेयर विशेष पुरस्कार, फिल्म फेयर आजीवन उपलब्धि पुरस्कारों से अलंकृत किया गया।


स्तुत्य, सफलता की राह कभी भी आसान नहीं होती है। लता जी को भी अपना स्थान बनाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पडा.। कई संगीतकारों ने तो आपको शुरू-शुरू में पतली आवाज के कारण काम देने से साफ मना कर दिया था। उस समय की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका नूरजहाँ के साथ लता जी की तुलना की जाती थी। लेकिन धीरे-धीरे अपनी लगन और प्रतिभा के बल पर आपको काम मिलने लगा। लता जी की अद्भुत कामयाबी ने लता जी को फि ल्मी जगत की सबसे मजबूत महिला बना दिया था। फलीभूत, आये ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आँख में भर लो पानी। जो शहीद हुये हैं उनकी, जरा याद करो कुबार्नी। जब लता मंगेशकर ने इस गाने को कवि प्रदीप से सुना तब कहा जाता है कि झ्र इस गाने को सुनकर वो रो पड़ीं। तुरंत उन्होंने इसको गाने के लिए हां कर दिया। उन्होंने तब एक ही शर्त रखी कि जब इस गाने का रिहर्सल होगा तो प्रदीप को खुद मौजूद रहना होगा। प्रदीप मान गए। फिर जो कुछ हुआ, वो इतिहास बन गया। यथा लता से अमरलता स्वर की ध्रुव तारा बनकर ब्रह्मांड को आलोकित करने लगी।

प्रत्युत, लता जी को सर्वाधिक गीत रिकार्ड करने का भी गौरव प्राप्त है। फि ल्मी गीतों के अतिरिक्त आपने गैरफि ल्मी गीत भी बहुत खूबी के साथ गाए हैं। लता जी की प्रतिभा को पहचान मिली सन 1947 में, जब फि ल्म ह्लआपकी सेवा मेंह्व उन्हें एक गीत गाने का मौका मिला। इस गीत के बाद तो आपको फि ल्म जगत में एक पहचान मिल गयी और एक के बाद एक कई गीत गाने का मौका मिला। इन में से कुछ प्रसिद्ध गीतों का उल्लेख करना यहाँ अप्रासंगिक न होगा। जिसे आपका पहला शाहकार गीत कहा जाता है वह 1949 में गाया गया ह्लआएगा आने वालाह्व, जिस के बाद आपके प्रशंसकों की संख्या दिनोदिन बढ़ने लगी। इस बीच आपने उस समय के सभी प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ काम किया। सभी संगीतकारों ने आपकी प्रतिभा का लोहा माना। अपनी आवाज के जादू से आपकी लोकप्रियता में चार चाँद लगाए। कालगलवित 6 फरवरी 2022 को मुंबई स्थित ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने 92 साल की उम्र में अपनी आखिरी साँसें ली। ऐसी मां वीणा पाणी, करूणामयी वाणी को शत-शत स्वरांजलीङ्क!

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

संक्षिप्त समाचार

## ज्वेलर्स सह बर्तन दुकान में सेंधमारी सीसीटीवी कैमरे का सेटअप बॉक्स खोलकर ले गये



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। प्रखंड मुख्यालय चौक स्थित सजनी ज्वेलर्स सह बर्तन दुकान में शुक्रवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की.चोर दिवाल व रैक तोड़कर दुकान में घुसे और लॉकर का चार लॉक तोड़ दिया.साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का सेटअप बॉक्स खोल लिया. लोगों के जग जाने की आहट पाते ही चोर मौके से फरार हो गया.शनिवार की सुबह जब दुकानदार दशरथ पोद्दार दुकान खोला तो इस घटना का पता चला.सेंधमारी की घटना की जानकारी पाकर पड़ोस के दुकानदार व अन्य लोग जुट गये.और घटना की सूचना खोदावन्दपुर पुलिस को दी.सूचना पाकर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना के एएसआई बलवंत कुमार सिंह ने घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया. पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है. बताते चले कि इस दुकान में पहले भी चोरी की घटना हो चुकी है.इसको लेकर क्षेत्र के चौक चौराहों पर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## 12 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारियां शुरू



मदरलैण्ड संवाददाता, भागलपुर। वैकल्पिक विवाद समाधान लोक अदालत सुलह मध्यस्थता केंद्र जिला विधिक सेवा प्राधिकार भागलपुर के अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अतुल वीर सिंह ने बताया कि नालसा के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है , जिसके तहत 2022 में चार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें पहला राष्ट्रीय लोक अदालत 12 मार्च को संपन्न होगा, इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं । उन्होंने यह भी बताया कि आज के बैठक में सभी बैंक के अधिकारियों को बुलाकर कहा गया है जितने भी केस लंबित हैं उसे जल्द से जल्द राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह कराएं साथ ही साथ अधिवक्ताओं के साथ भी बैठक की गई इसमें कहा गया पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में जितने केस का सुलह हुआ है उससे ज्यादा सुलह इस आगामी 12 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाए।


## ग्रामीण चिकित्सक का निधन लोगो ने जताया शोक

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के दरगाह टोला स्थित वार्ड एक निवासी 55 वर्षीय ग्रामीण चिकित्सक मोहम्मद हैदर अली का इंतकाल शनिवार की दोपहर उनके पैतृक आवास पर हो गया. वे काफी मिलनसार व्यक्ति थे. उनके निधन पर पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा, सरपंच नवीन प्रसाद यादव, डीलर राजकुमार गुप्ता, समाजसेवी मोहन पासवान, मोहम्मद रुस्तम उर्फ खुरो, मोहम्मद सैयूम, मोहम्मद महबूब, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद जिलानी, परशुराम चौधरी, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद शाहबाज समेत अनेक सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया है.इस मौके पर पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा ने अपने नीजी कोष से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की.

## 27 फरवरी से वृहत स्तर पर पल्स पोलियो अभियान की होगी शुरूआतः उपायुक्त

मदरलैण्ड संवाददाता, देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जानकारी दी गई है कि पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत 27 फरवरी से जिले में की जा रही हैं। ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण के कारण 23-25 जनवरी तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान की तिथि बढ़ाकर 27 मार्च नही बल्कि 27 फरवरी की गई है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने में सभी अपना पूर्ण योगदान दें। साथ हीं 27 फरवरी बूथ डे के दिन ज्यादा से ज्यादा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही वैसे क्षेत्र जहाँ पर विगत वर्षों में पल्स पोलियो अभियान में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नही रहा है, उन सभी जगहों में स्वयं विजिट कर ग्राम सभा एवं जागरूकता के माध्यम से लोगो को जागरूक करें, ताकि अभियान में किसी भी स्तर पर कोई भी चूंक न हो। इसके अलावे उपायुक्त के द्वारा जानकारी दी गई कि 28 फरवरी और 01 मार्च को शेष बचे बच्चों को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अगले दो दिनों तक डोर-टू-डोर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलायी जायेगी, ताकि अभियान की शत प्रतिशत सफलता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उपायुक्त ने जिलावासियों से आग्रह करते हुए कहा कि पल्स पोलियो अभियान में सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने आस-पड़ोस के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि स्वस्थ बच्चे हमारे देश के बेहतर भविष्य बन सकें।

## भूमि विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन सभी मामलों निष्पादित



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। हसनगंज थाना प्रांगण में शनिवार को भूमि संबंधी समस्याओं को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में थाना क्षेत्र से भूमि संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिसमें चार मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें लंबित तीन मामले थे और एक आवेदन प्राप्त हुआ था। चारों भूमि सम्बंधित थे। सीओ उदय प्रसाद ने कहा की जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिसमें चार मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कहा कि भूमि संबंधी मामलों का निष्पादन के लिए प्रत्येक सप्ताह थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इसमें दोनों पक्षों की आपसी सहमति एवं न्याय संगत तरीके से मामलों का निपटारा किया जाता है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष रामचंद्र मंडल, अंचल कर्मी एवं फरियादी पक्ष और विपक्ष लोग उपस्थित थे।

# एलईडी स्क्रीन युक्त वाहन के माध्यम से अग्नि सुरक्षा हेतु निकाला गया जागरूकता अभियान !

## जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना

» मदरलैण्ड संवाददाता



भागलपुर। बिहार अग्निशमन सेवा भागलपुर द्वारा एलईडी स्क्रीन युक्त वाहन के माध्यम से अग्नि सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान का शनिवार से विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। इस कार्यक्रम के आयोजक जिला समादेष्टा सहित जिला अग्निशमन पदाधिकारी भागलपुर ने विशेष पहल करते हुए अग्नि से बचाव को लेकर कई मुद्दों पर प्रकाश डाला। बताते चलें कि इस जागरूकता अभियान के तहत पूरे गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आगजनी को लेकर कैसे सुरक्षित रहें उस पर प्रकाश डाला गया। वही जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जैसे ही गर्मी का दिन आना शुरू होता है आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगती है, जानमाल का काफी नुकसान होता है, उसके बचाव को लेकर आज जागरूकता रथ हर गांव में घूम घूम कर यह बताएगी कि इससे बचने के क्या उपाय हैं और आगजनी की घटना नहीं हो इसके लिए क्या करना चाहिए। यह जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के दौरान महाबोधि जन स्वास्थ्य सर्वांगीण विकास केंद्र पटना के कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। बताते चलें कि जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी भागलपुर के द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम एक सप्ताह भागलपुर में किया जाना है, उसके बाद एक सप्ताह कहलगांव में भी जन-जन में जागरूकता फैलाने को लेकर यह कार्यक्रम किया जाएगा।

# शराब तस्करी के मामले में अभियुक्त को 10 साल की सजा व एक लाख के जुर्माना की सजा!



» मदरलैण्ड संवाददाता

भगलपुर। भागलपुर के एक्साइज कोर्ट दो शरद चंद्र श्रीवास्तव की कोर्ट ने शराब तस्करी के मामले में अभियुक्त संजीव कुमार को 10 साल की सजा और एक लाख रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। परबत्ता थाना क्षेत्र के विक्रमशिला सेतु पर 13 नवंबर 2016 को पुलिस को सूचना मिली थी कि कोई गाड़ी विक्रमशिला सेतु पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। पुलिस के द्वारा जब घटनास्थल पहुंचकर छानबीन शुरू की गई इसी क्रम में ड्राइवर के द्वारा गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया गया। जिसे पुलिस ने जप्त कर जांच की तो उसमें से 113 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वही ड्राइवर संजीव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसको लेकर थाने में मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई। जिसमें आज कोर्ट के द्वारा धारा 330 ए और 41 के तहत आरोपी को सजा सुनाई गई है।

# अवसर ट्रस्ट गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। अवसर ट्रस्ट ( अन्नपूर्णा सूरज प्रसाद सिन्हा वेलफेयर एक्टिविटीज एंड सोशल अवर्नेस रिफॉर्म्स चैरिटेबल ट्रस्ट ) मेरे द्वारा वर्ष 2018 में स्थापित एक गैर-लाभकारी पूर्णत चैरिटेबल ट्रस्ट है। जिसका मूल उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को शिक्षा,चिकित्सा,रोजगार, स्वरोजगार तथा विभिन्न प्रकार के सामाजिक सरोकारों में विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा सहयोग पहुंचाना है।

इस ट्रस्ट के कल्याणकारी कार्यों को देखते हुए इसे आयकर विभाग द्वारा नियम 80 जी के तहत छूट मिली हुई है भारत सरकार के नीति आयोग तथा कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय द्वारा भी इसे कल्याणकारी कार्यों में जुडी संस्थाओं के रूप में निबंधित कर मान्यता प्रदान की गई है। अवसर ट्रस्ट प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए जरूरतमंद लोगों की सेवा में खर्च करता है, जिसमें बड़े पैमाने पर छात्रवृत्ति और गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों का उपचार, गरीब बेटियों के विवाह आदि में लगातार यथासंभव सहायता प्रदान की जाती है कोरोना काल में पूरे देश भर में कोरोना पीड़ित घर वापस लौटने वाले बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के निवासियों के भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था में अवसर ट्रस्ट ने अत्यंत ही उपयोगी एवं व्यापक जन सेवा का कार्य किया। कोरोना काल में एक बड़ी समस्या ककठ, ठकठ और इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के सामने आ खड़ी हुई क्योंकि, सारे कोचिंग इंस्टिट्यूट बंद हो गए थे तब हमने साइंस कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य और वर्तमान में नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर के.सी. सिन्हा और मैथमेटिक्स गुरु रजनीकांत श्रीवास्तव के सहयोग से गरीब बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लासेस आयोजित कर उन्हें गहन कोचिंग प्रदान की इस ऑनलाइन कोचिंग के फलस्वरूप हमारे सात बच्चे आईआईटी रुड़की, आईआईटी बीएचयू, आईआईटी धनबाद, ट्रिपल आईटी इलाहाबाद, एनआईटी पटना, एनआईटी उत्तराखंड में चुनकर गए। क्योंकि, ये बच्चे अत्यंत ही गरीब थे और देश के शीर्षस्थ संस्थानों में चयनित होने के बाद भी एडमिशन फीस तक भी जुटा पाने में सक्षम नहीं थे अतः अवसर ट्रस्ट ने निर्णय लिया कि सभी बच्चों के पूरे साल की पढ़ाई और हॉस्टल का खर्च भी अवसर ट्रस्ट ही उठाएगा ताकि सेकंड ईयर में जाने के बाद इन बच्चों को बैंक से आगे की शिक्षा प्राप्त करने हेतु आसानी से ऋण मिल सके सभी संस्थानों में प्रवेश शुल्क और पूरे साल पढ़ाई और हॉस्टल के खर्च के अतिरिक्त अवसर ट्रस्ट ने सभी बच्चों के दो जोड़े अच्छे कपड़े भी बनवाएं और आधुनिक तकनीक से लैस सभी को लैपटॉप भी प्रदान किया ताकि अपनी पढ़ाई पूरी करते वक्त इनमें किसी प्रकार की हीन भावना न आए।

अपने शिक्षकों के परिश्रम से इअवसर ट्रस्टइ अति उत्साहित है और इस वर्ष से हम 50 गरीब मेधावी बच्चों को अगले 2 वर्ष के लिए उनके रहने, खाने, हॉस्टल पठन सामग्री आदि की व्यवस्था के साथ गहन कोचिंग की व्यवस्था करेंगे, ताकि जब ये आईआईटी में प्रवेश परीक्षा में शामिल हों, तो पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बैठ सकें और बढ़िया से बढ़िया परिणाम प्राप्त कर सकें हमारी आशा है कि इस लोक कल्याणकारी योजना का संदेश बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कोने कोने में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पहुंचेगा इसी विश्वास के साथ हम यह सूचना आपको प्रेषित कर रहे हैं।

# रेलवे के जमीन अतिक्रमण से पुलिया के टुटने का भी खतरा बना




» मदरलैण्ड संवाददाता

जमुई। 'जमुई झाझा रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन के नीचे बने पुलिया संख्या 711के एक तरफ सरकारी नाले और रास्ते का जमीन अतिक्रमण कर लेने से नाले का पानी निकासी , रास्ते को लेकर झाझा रेलवे स्टेशन के बगल में बसे अंबेडकर नगर खलासी मुहल्ले के सैंकड़ो ग्रामीण परेशान तो है ही साथ ही पुलिया के पास जल जमाव से पुलिया के धसने टुटने का भी खतरा बना हुआ है'

मामले को लेकर झाझा स्टेशन के बगल में बसे अंबेडकर नगर खलासी मुहल्ले के ग्रामीणों ने अधिकारियों को भी समस्या बताई साथ ही इ अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनुमंडल जमुई में भी परिवाद दायर किया इ शिकायत उपरांत अंचल अमीन के द्वारा उक्त स्थान की मापी कराई गई और जांच पड़ताल में अतिक्रमण की पुष्टि होने के बावजूद महीनों बीत गए लेकिन सरकारी जमीन नाली , रास्ते को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका इसको लेकर एक बार फिर से ग्रामीण जमुई जिलाधिकारी से मिलकर आवेदन देकर गुहार लगाने वाले है कि उक्त स्थल को जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जा सके नाले के पानी का निकास सुचारू हो सके और रेल पुलिया संख्या 711 को किसी प्रकार का हानि न पहुंचे। झाझा अंबेडकर नगर खलासी मुहल्ला वार्ड नं0 6 के ग्रामीणों के अनुसार रेल पुल संख्या 711 के नीचे से सरकारी नाले का पानी का निकास रेलवे लाइन के दुसरे तरफ से होता था सरकारी जमीन एक स्थानीय दबंग के द्वारा अतिक्रमण कर लिए जाने के कारण पुलिया के एक तरफ नाले के पानी का जमाव हो जाता है , सरकारी जमीन अतिक्रमण कर लिए जाने को शिकायत ग्रामीणों के द्वारा अधिकारियों से की गई साथ ही अनुमंडलीय लोक शिकायत में भी ग्रामीण परिवादी मुमताज अहमद के तरफ से शिकायत की गई परिवाद संख्या 537110301072100499 , शिकायत के उपरांत अंचल अमीन के द्वारा उक्त स्थान की मापी कराई गई और जांच में पाया गया की अतिक्रमण हुआ है बावजूद इसके महीनों बीत जाने पर भी अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका।

यहां बता दे की रेल पुल संख्या 711 के दाहिने तरफ पहाड़ी के नीचे एक पूरा गांव लगभग 200 परिवार का झाझा का अंबेडकर नगर खलासी मुहल्ला वार्ड नं0 6 बसा है बरसात के दिनों में पहाड़ से गिरने वाला पानी और आम दिनों में सालों भर गांव का पानी का निकास इसी एक मात्र सरकारी नाले से होते हुऐ पुल के नीचे से बाएं तरफ वार्ड नं0 5 के तरफ जाता है और वार्ड नं0 5 में ही सरकारी जमीन अतिक्रमण कर लिऐ जाने से रेल पुलिया के पास नाले के पानी का जमाव रहता है , बरसात के दिनों में तो निकासी नहीं होने के कारण गांव भी डूब जाता है और रेल पुलिया के पास भी पानी लबालब भरा रहता है।

# परम्परागत कला, अपनी सांस्कृतिक और अपने आसपास के कामगारों को सशक्त करने में करें सहयोग-उपायुक्त

» मदरलैण्ड संवाददाता






देवघर। संथाल परगना के विभिन्न जिलों के कामगारों हेतु वस्त्र मंत्रालय भारत, सरकार, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) देवघर द्वारा अम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजना (अलश) अंतर्गत आयोजित हस्तशिल्प कार्यशाला सह सेमिनार कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान देवघर, दुमका गोड्डा व जामताड़ा जिले से आए हुनरमंद कामगारों द्वारा निर्मित सामानों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सभी जिलों से आए हमारे संस्कृति को संजोये रखने वाले इन कारीगरों को देवघर मार्ट से जोड़ने का कार्य करें। इनके सामानों की ब्राण्डिंग और मार्केटिंग हेतु राज्य एवं जिला प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध हैं, ताकि उपरोक्त कारीगरों को सामाजिक आर्थिक दृष्टि से मजबूत आधार दिया जा सके। इसके अलावे उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत गांवों का देश है यहां हस्तशिल्प की अपनी लंबी परंपरा रही है जिसका सामाजिक सांस्कृतिक महत्व है। आज हम आधुनिक तकनीक से जुड़ रहे हैं लेकिन परंपरागत हस्तशिल्प से कट रहे हैं ऐसे में इस कार्यशाला का अपना महत्व है। इसके अलावे उपायुक्त ने कहा है कि अर्थव्यवस्था और समाज की व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है कि विभिन्न ट्रेडों के हस्तशिल्पियों, कारीगरों तथा अन्य पारम्परिक उद्योगों से जुड़े महिलाओं को प्रशिक्षित कर समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जाय। उन्होंने कहा कि पारम्परिक हस्तशिल्पी व कारीगर जब खुशहाल व समृद्ध होंगे, तभी समाज खुशहाल होगा और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। साथ हीं शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के पारम्परिक कारीगर जैसे बम्बू क्राफ्ट, लाह की चूड़ी, लोहार, बुनाई करने वालों एवं जेएसएलपीएस की दीदियों, लघु-कुटीर उद्योग से जुड़े लोगों को देवघर मार्ट प्लेटफॉर्म पर लाकर उन्हें बेहतर बाजार उपलबध कराना है। इस उद्देश्य से जेएसएलपीएस की टीम, मुख्य मंत्री लघु-कुटीर उद्योग, जिला उद्योग केन्द्र, हस्तशिल्पियों एवं आरसेटी को जोड़ते हुए साकारात्मक सोच के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है, ताकि जिले के कामगारों को आत्मनिर्भर व सुदृढ़ बनाने का कार्य किया जा सके। आगे उपायुक्त ने कहा कि मिट्टी कला को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। साथ हीं मिट्टी से तैयार चीजों के आश्चर्यजनक लाभों को आम लोगों के सामने लाने की जरूरत है। इसमें तैयार खाद्य पदार्थ न केवल अधिक स्वादिष्ट और पौष्टिक हैं, बल्कि मिट्टी पके हुए भोजन में और भी अधिक स्वास्थ्य बिंदु जोड़ती है।

कार्यशाला सह सेमिनार के दौरान उपायुक्त के द्वारा देवघर मार्ट वेबसाईट से जुड़ी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सभी कामगारों एवं हुनरमंदों की सुविधा हेतु इसकी शुरूआत की गई हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ के हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट का पूरे विश्व में मांग हैं। पूरे विश्व मे ग्राहकों तक सामानों को आसानी से उपलब्ध कराने में देवघर मार्ट एक बेहतर प्लेटफार्म हैं। जिसका प्रयोग कर व्यवसायी/कलाकार अपने सामानों/कलाकृतियों को सुगमतापूर्वक देश व विदेश में पहुँचा जा सकते हैं। साथ ही आप अपने सामानों को बिना किसी बिचौलियों के मदद से बेच सकते हैं। वर्तमान में संबंधित विभागों के साथ मुख्यमंत्री लघु-कुटीर उद्योग एवं जेएसएलपीएस के प्रखण्ड समन्वयक आप सभी की सहायता करेंगे, ताकि आपके द्वारा निर्मित सामानों की गुणवता, ब्राडिंग, पैकिंग के कार्यों में आपका सहयोग किया जा सके। इसके अलावे उपायुक्त ने महिला हस्तशिल्पियों को आर्टिजन कार्ड से होने वाले फायदों व इसके उपयोग से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गयी, ताकि उन्हें इसका लाभ मिल सके और जिससे इनकी सही पहचान हो सके कि संबंधित महिला किसी खास क्षेत्र से कारीगर हैं। अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए भारत सरकार द्वारा हस्तशिल्प विकास के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों की जानकारी दी गयी और कहा कि परंपरागत लोक कला और हस्तशिल्प के प्रति ज्यादा से ज्यादा प्रारंभिक रूचि जगाने की आवश्यकता है, ताकि आगे चलकर इन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। इसके अलावे उन्होंने हस्तशिल्पि टॉल फ्री नंबर 18002084800 की जानकारी से सभी को अवगत कराया।

कार्यशाला में मौजूद देवघर एयरपोर्ट के निदेशक श्री संदीप ढींगरा ने कहा कि देवघर एयरपोर्ट पर भी इनके बनाये सामानों को प्रदर्शित किया जा सकता है, जिससे यहां पहुंचने वाले यात्री इस क्षेत्र की हस्तशिल्प उत्पाद से परिचित हो सकेंगे। इसके साथ ही इन स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित सामानों की खरीद भी कर सकेंगे।

इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित सामानों (लोगो झारखण्ड सरकार, खादी व तसर शिल्क के कपड़े, शॉल, कालीन, बांस से निर्मित सजावट व रोजाना उपयोग में होने वाले सामान, कढ़ाई-बुनाई) का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने सभी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में आप सभी द्वारा किये जाने वाले कार्यों को एक नई पहचान दिलाना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शुमार है।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे * निदेशक देवघर एयरपोर्ट संदीप ढींगरा, सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, डीएमएफटी पीएमयू के अधिकारी चिन्मय पाटिल, समन्वयक मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग नीरज कुमार,एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व प्रशिक्षक आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### थाने में भूमि विवाद से संबंधित दस में तीन निष्पादन सात रहे लंबित



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्राणपुर थाना प्रागंण में शनिवार को सीओ कुमार नलिनीकांत व थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा के संयुक्त अध्यक्षता में भूमि विवाद निष्पादन हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया।उक्त संबंध में जानकारी देते हुए सीओ नलिनीकांत ने बताया कि प्राणपुर थाना में भूमि विवाद संबंधित कुल दस मामले आए।जिसमें भूमि विवाद मामले को गंभीरता से सुनते हुए तीन मामले का आपसी समझौता के बाद निष्पादन कर दिया गया।जिसमें सात मामले में एक पक्ष उपस्थित दूसरे पक्ष अनुपस्थित एवं साक्ष्य के अभाव में लंबित रहा।जिसे सुनवाई हेतु अगली तिथि निर्धारित की गई।दूसरी ओर रोशना ओपी प्रागंण में सीओ कुमार नलिनीकांत व रोशना ओपी प्रभारी प्रेम कुमार भारती के संयुक्त अध्यक्षता में भूमि विवाद निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया।उक्त संबंध में जानकारी देते हुए सीओ नलिनीकांत ने बताया कि रोशना ओपी में भूमि विवाद संबंधित दो मामला आया।जिसमें दोनों पक्षों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आपसी समझौता के बाद एक मामले का निष्पादन कर दिया गया।एक मामले साक्ष्य के अभाव में लंबित रहा।जिसे सुनवाई हेतु अगली तिथि निर्धारित की गई हैं।

### 15 प्रतिशत वृद्धि कर वेतन निर्धारण किया जाय



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड संसाधन केंद्र मनसाही में शिक्षक संघर्ष समन्वय समिति के सदस्य के द्वारा 15 % वेतन वृद्धि के निर्धारण को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से एक ज्ञापन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के नाम कार्यालय के लेखापाल अरुण कुमार को दिया गया।जिसमे कार्यालय के लेखापाल श्री कुमार के द्वारा आश्वासन दिया गया की शिक्षकों को सिर्फ दक्षता,टीईटी, मैट्रिक का मूल प्रमाण पत्र तथा प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र तीनों की छायाप्रति ,प्रपत्र के साथ जमा करना हैं। उनके बाद 15% वेतन वृद्धि के साथ ही वेतन दिया जाएगा।इस मौके पर समन्वय समिति के ऋषि कुमार मंडल,इकबाल आजाद, उत्तम कुमार, ओम नारायण यादव,जाकिर हुसैन,जयराम पासवान,अजय कुमार,संजीव कुमार, राकेश कुमार, जयनंदन कुमार, किशोर कुमार,नजरुल हक आदि मौजूद थे।

### सर्वोदय महाविद्यालय में मनाया गया बापू का श्राद्ध दिवस




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सर्वोदय महाविद्यालय परिसर में शनिवार 12 फरवरी को सर्वोदय आश्रम प्रबंध समिति के तत्वाधान में पूज्य बापू महात्मा गांधी का गतवर्ष की भांति श्राद्ध समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर गणमान्य लोगों के द्वारा बापू के स्मृति स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके साथ ही सर्वोदय आश्रम के संस्थापक एवं दानदाता गोविंद साह एवं बौकू साह , शिक्षाविद पृथ्वी चंद्र अग्रवाल तथा पंडित भगवान स्वामी के स्मृति स्थल पर ही माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सर्वोदय आश्रम प्रबंध समिति के व्यवस्थापक – चंदन साह, प्रधान मंत्री – शन्टू कुमार यादव एवं संचालक– बिनोद राज झा , दिनेश कुमार दिनेश,शैलेंद्र साह,नरेश सिंह,रंधीर जायसवाल, बिमल मंडल, हलीम जांबाज,डॉ सत्यनारायन, सिया राम गुप्ता, रूपेश कुमार यादव, शंभु झा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### कटिहार रेलमंडल के सीनियर डी एन सुरक्षा के दृष्टिकोण से औचक निरक्षण किया



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। रेलमंडल अंतर्गत सीनियर डी एन 4 सुधांशु नगायच द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से शनिवार को औचक निरक्षण कर रेलकर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया गया। इस कर्म में डीएन 4 द्वारा रेलकर्मियों को अलर्ट रहते हुए पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करने की बात कही। वही अच्छे काम करने वाले को प्रोत्शाहित करने और कार्य में लापरवाही बरतने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की बात कही। इस कर्म में सीनियर डीएन ने सभी ट्रैक मैन आदि चतुर वर्गीय कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना। जिस दौरान आपस में फ्रेंडली रहने की बात कही। सीनियर डीएन ने कहा की हम सब एक परिवार है इसलिए सभी को मिलकर अच्छे से काम करना है। इस अवसर पर सीनियर डीएन 4 के साथ एईएन बी के दुबे सहित इंजीनियरिंग विभाग के कई रेल अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## मदरलैण्ड अखबार की खबर का हुआ असर निजी नर्सिंग होम को जिला प्रशासन ने किया सील





» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। मदरलैण्ड अखबार प्रसारित खबर का फिर से देखा गया असर फर्जी निजी नर्सिंग होम ए टू जेड को प्रशासन ने सील कर डाला है। बिना चिकित्सक और अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा नगर क्षेत्र के महमूद चौक समीप संचालित थी।ए टू जेड नर्सिंग होम कल प्रसूता तमन्ना की मौत बाद मचा बवाल पर कार्यरत स्वस्थकर्मियों की हुई थी पिटायी।पिटायी पर फजीर्वाड़े का हुआ था बड़ा खुलासा।

**प्रमुखता से मदरलैण्ड अखबार ने छापा**

जिला प्रशासन की गठित तीन सदस्यीय टीम के जांच के घेरे खड़ा हुआ।फरार संचालक परवेज का ए टू जेड नर्सिंग होम अस्पताल।

जांच टीम में शामिल अनुमंडल पदाधिकारी शंकर शरण ओमी ने कहा - अखबार एवं मीडिया और पीड़ित परिजन की शिकायत पर निजी नर्सिंग होम की व्यवस्था की जांच हुई..यहां कोई भी चिकित्सक उपलब्ध नही हुए..चिकित्सा विभाग और पुलिस प्रसाशन की देखरेख में ए टू जेड नर्सिंग होम के कार्यालय को सील कर दिया गया है..कुछ मरीज यहां अभी भी है जिनके जाने के बाद पूरी तरह से इसे सील कर दिया जाएगा।तीन सदस्यीय टीम जिला प्रशासन को यहां की व्यवस्था की रिपोर्ट सौंपेगी।

जांच टीम में शामिल स्वास्थ विभाग के चिकित्सक पदाधिकारी डॉक्टर आर एन पंडित ने कहा- मानक के विरुद्ध संचालित है यह नर्सिंग होम..संचालक समेत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी है।अप्रशिक्षित.. आईए बीकॉम पढ़ाई करने वाले छात्र के भरोसे कराया जा रहा है। इलाज संचालक परवेज है फरार।

वहीं राजद के प्रदेश युवा सचिव आशु पांडे ने नर्सिंग होम के फजीर्वाड़े की।सवाल कटिहार के सांसद-विधायक और स्वस्थ महकमे से कर रहे है।ऐसा मौत का खेल शहर में सरेआम हो रहा है जिसकी भनक सिविल सर्जन को क्यों नही थी।क्या इस फजीर्वाड़े नर्सिंग होम कांड में सिविल सर्जन नही है शामिल। और मीडिया को धन्यवाद दिया

## आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक का हुआ गर्मजोशी के साथ स्वागत



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आपके विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में मनिहारी विधानसभा के मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह मध्य विद्यालय गोरगामा अवस्थित पंचायत भवन फुलहरा के प्रांगण में आम जनता की समस्या को सुना। इस दरमियान ग्रामीणों ने सड़क, राशन कार्ड, आवास सहित अन्य जनहित से जुड़े समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए उन समस्याओं को दूर करने की मांग की।

इस मौके पर विधायक श्री सिंह ग्रामीणों की जन समस्या सुनने के बाद उनके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल करने की बात कही, साथ ही यह भी कहा कि अगर कोई पदाधिकारी बात नहीं सुनते हैं, तो उनकी शिकायत उनसे करें और ऐसे पदाधिकारियों पर त्वरित कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को भी ईमानदार बनने की जरूरत हैं, तभी भ्रष्ट अफसर भी ईमानदार लोगों से डरेंगे। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख सीता देवी, प्रतिनिधि निर्मल भगत,राजवीर भगत,राजद के जिला सचिव संतोष कुमार यादव, दिगम्बर पासवान,दीपक निराला, दीपक पासवान ,सुनील मंडल,अब्दुल मन्नान,रामानंद मंडल,नागेन्द्र निराला,महेश मंडल, विभाष कुमार हिमांशु,रमेश चंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कोशकीपुर गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा नवनिर्मित शिव मंदिर से कुसेर्ला बस्ती से कुरसेला बाजार होते हुए खेरिया गंगा नदी पंहुचकर यात्रा में शामिल सैकड़ो कुंवारी कन्या तथा महिलाओं कलश में जल भरकर माथे पर लेकर नवनिर्मित शिव मंदिर के लिए कलश यात्रा के साथ



नवनिर्मित शिव मंदिर पहुंची। कन्या तथा महिलाओं ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा और वेदी पूजन एवं भगवान शिव का अभिषेक वेदी परिक्रमा किया। उसके बाद प्रसाद ग्रहण किया।

शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में देवघर से पधारे आचार्य सूरज , रोहित मिश्रा उर्फ कारू बाबा , उपआचार्य गजेंद्र नाथ, गौरव झा ने कहा कि तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहले दिन कलश यात्रा , वैदिक मंत्रोचारण के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा और वेदी पूजन एवं दूसरे दिन भगवान शिव का अभिषेक वेदी परिक्रमा और कार्यक्रम के तीसरे एवं अंतिम दिन वेदी पूजन के साथ हवन का किया जाएगा।

इस धार्मिक आयोजन में मिथिलेश मंडल , पप्पू साह , विनोद गुप्ता , शैलेंद्र यादव, ओमप्रकाश सिंह , विनय मंडल , मुकेश मंडल , अशोक मंडल, उपेंद्र प्रसाद सहित समस्त कोशकीपुर ग्राम वासी सक्रिय भूमिका रहे हैं।

## पुणे हादसे में मृतक के परिजनों से मिले पप्पू यादव मृत्तक परिवार को दिया 15 हजार

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो पप्पू यादव सुरक्षा के बीच बारसोई प्रखंड के धचना एवं चौन्दी पहुंचे।पुणे हादसे में मृतक के परिजनों से मिले तथा उनकी आपबीती सुनी। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। पप्पू यादव ने कहा कि यह घटना दिल दहलाने वाली घटना है। बिहार सरकार को तुरंत प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा राशि पीड़ित परिवार को देनी चाहिए। नीतीश सरकार जुमले बाजो की सरकार है।बिहार में मजदूरों के हित के लिए अगर योजना चलाए जाते तो हमारा मजदूर भाई कार्य करने के लिए क्यों बाहर जाएंगे। हमारी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव मदद दी जाएगी हमारी पार्टी की ओर से प्रत्येक परिवार को 15 हजार रुपये सहायता राशि दिए जा रहा है।पार्टी सुप्रीमो पप्पू यादव ने कहा कि धचना में मोहम्मद मेजर के परिजन को 15000 रुपये सहायता राशि दिया गया है।तथा चांदी मैं मोहम्मद मोवीद के पत्नी को पार्टी की और से 15000 रुपये सहायता राशि दी गई है। वही मख्य रूप से उपस्थित इंजीनियर तनवीर समसी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एन एफ रेलवे के महाप्रबंधक ने स्टेशन का किया निरक्षण

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। एन एफ रेलवे के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कटिहार रेल मंडल के बालूघाट , एकलखी, समसी सहित कटिहार स्टेशन का निरक्षण कर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर कई दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। कटिहार स्टेशन पर सवारी एवं माल डिब्बा कटिहार द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग सुविधा युक्त सोलर लाइट रोलिंग इन आउट पॉइंट का उद्घाटन के अलावा मॉडर्न टेक्नोलॉजी के ए आर टी , टी एक्स आर कार्यालय आदि का भी निरक्षण किया गया। रेल महा प्रबंधक ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता सुरक्षा और सुरक्षित यात्रा है। इसमें वे कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। रेल में एक ही जगह पर जमे लोगो की सूची तैयार कर ली गई है। वे सभी जल्द ही हटेंगे। इंडो नेपाल प्रोजेक्ट इस वर्ष मे पूरा हो जाएगा। यात्रियों की डिमांड पर किसान रेल ट्रेन चलाई जाएगी। स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कैटरिंग और वेंडिंग स्टॉल की संख्या बढ़ाई जाएगी। वही पुराने चल रहे वेंडिंग स्टेलो को आगे रेनुवल की जायेगी। स्टेशनों पर लगेज स्कैनर मशीन, कोच इंडिकेटर सहित अतिरिक्त कई सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जीएम श्री अंशुल गुप्ता के साथ डीआरएम कर्नल शुभेंदु कुमार चौधूरी , एडीआरएम चौधरी विजय कुमार सहित सीपीआरओ के अलावा मुख्यालय और मंडल के कई अधिकारी मौजूद थे। कटिहार रेल मंडल में निरीक्षण से रेल महाप्रबंध काफी संतुष्ट होते हुए डीआरएम को धन्यवाद दिया।

## आग लग जाने से तीन दुकान जलकर राख

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। फलका प्रखंड शनिवार की अहले सुबह करीब चार बजे फलका थाना क्षेत्र के महेशपुर ग्राम स्थित हाट में आग लग जाने के कारण तीन दुकान जलकर बर्बाद हो गया है। आगलगी कि इस घटना में तीनों दुकान से लाखों रुपए के समान जलकर बर्बाद हो गया है।दुकान में आग कैसे लगी इस बात की जानकारी दुकानदार को भी नहीं है।लेकिन दुकानदार के द्वारा अज्ञात लोगों के को पर शंका जाहिर की जा रही है। जानकारी के मुताबिक महेशपुर चौकी स्थित हाट में शनिवार की अहले सुबह संजय राम के जूता चप्पल दुकान में अचानक आग लग गया। और आग की लपटें काफी भयावह हो गई। और देखते ही देखते हीरा देवी के नाश्ता दुकान एवं तिलोत राम के जूता चप्पल दुकान में आग लग गया। हालांकि ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। दुकानदार संजय राम एवं तिलोत राम ने बताया कि वे महेशपुर हाट में जूता चप्पल का दुकान करते हैं। प्रत्येक दिन की तरह शुक्रवार की संध्या दुकान बंद कर वे अपने घर भंगहां चले गए। अहले सुबह उन्हें हाट स्थित ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली कि उनके दुकान में आग लग गया है। और वे जब महेशपुर हाट पहुंचकर देखा तो उनकी दुकान में आग लग गया था और दुकान का सारा जूता चप्पल जलकर बर्बाद हो गया है। मामले में संजय राम की पत्नी नन्हकी देवी ने अपने जूता चप्पल के दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा आग लगा देने को लेकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध फलका थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## मामूली पैसे नहीं देने पर 40 वर्षीय व्यक्ति की लोहे की सरिया से सर पर वार कर हत्या

### दोस्त ने ही दिया घटना को अंजाम



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। रौतारा थाना क्षेत्र के पलटनिया हरिजन टोला में 22 जनवरी को 40 वर्षीय राजेश रविदास की अज्ञात अपराधी ने सोए अवस्था में सर पर लोहे के सरिया से वार कर हत्या कर दिया था। जिसका उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। शनिवार को समाहरणालय स्थित एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ ओमप्रकाश ने प्रेस वार्ता कर इस मामले का उद्भेदन किया है। उन्होंने बताया कि महज कुछ रुपयों के लिए उस व्यक्ति की हत्या उसी के दोस्त ने की थी। हत्या के दिन से ही पुलिस इस कांड के उद्भेदन में तफ्तीश शुरू कर दिए थे। जहां कोई भी सुराग नहीं मिल रहा था। वैज्ञानिक अनुसंधान करते हुए इस मामले का खुलासा पुलिस ने किया है और आरोपी अरविंद पासवान उर्फ गोनरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र का वितरण ससमय कराना करें सुनिश्चित: उपायुक्त

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जिला अन्तर्गत चल रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जानकारी दी गई कि देवघर जिले को पर्यटन हब के रूप विकसित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा छः पैरामिटर के तहत इसकी जांच की जायेगी। साथ हीं ऐसे में टूरिज्म के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ इस दिशा में कार्य करने का आवश्यक निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग से जुड़े विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए जानकारी दी गयी कि सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 96 प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित किया गया है। वहीं उन्होंने धान अधिप्राप्ति से जुड़े प्रगति कार्यें पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए धान अधिप्राप्त के तहत किये जाने वाले कार्यों में गति लाने का निदेश दिया।



बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के साथ कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय उच्च पथ, पशुधन योजना, विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सोना सोबरन धोती सारी योजन, पेट्रोल सब्सिडी योजना, फूलों झानो आशीर्वाद योजना आदि के तहत चल रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा करते धीमी गति से चल रहे कार्यों पर रोष प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उन्होंने प्रखंडवार तरीके से आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि जल्द से जल्द मामलों का निराकरण करते हुए उपायुक्त कार्यालय को प्रगति प्रितिवेदन समर्पित करें। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदनों का सत्यापन करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया, ताकि आवश्यक कार्रवाई इस संबंधित की जा सके। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जाति, आवासीय एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कैम्प मोड में कार्य करने का निदेश दिया।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ व पथ प्रमंडल विभाग से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा करते हुए भू-अर्जन व भू-हस्तांतरण से जुड़े मामलों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। साथ हीं करौं पेयजलापूर्ति योजना, देवीपुर पेयजलापूर्ति योजना व पालोजोरी पेयजलापूर्ति योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा घरों में नल से जलापूर्ति कार्य के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर संबंधित कार्यपालक अभियंता को चल रहे कार्यों को गति देने का निर्देश दिया।

## बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन और एटक की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेतिया। बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन एटक पं चम्पारण जिला कार्यकारिणी की बैठक बेतिया बलिराम भवन के सभागार में पम्मी कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में सेविका सहायिका से संबंधित विभिन्न विषयों पर गंभीरता से विचार किया गया, केन्द्रों को साधन मुहैया किये बिना जांच करना और अनियमितता बता कर सेविका सहायिका को परेशान करने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, केन्द्रों को साधन सम्पन्न बनाने, बाजार भाव के अनुसार पोषाहार की राशि उपलब्ध कराने, नव निर्वाचित सेविका सहायिका को मानदेय भुगतान करने तथा केन्द्रों पर पोषाहार देने, तीन बर्षो से पोशाक राशि का वितरण नहीं होने की स्थिति में बच्चों को पोषाक में नहीं रहने पर कारण पृच्छा नोटिस देने, आदि सवालों पर विचार करते हुए, इसके खिलाफ संघर्ष करने का निर्णय लिया गया, आंगनबाड़ी संघर्ष मोर्चा के आहवान पर 14 फरवरी को काला बिल्ला लगाकर काम करने, 21 फरवरी को सभी परियोजना कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने, 8 मार्च को जिला कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने, 25 मार्च को बिहार विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन करने एवं 28,29 मार्च के राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल करने का निर्णय लिया गया, सेविका को ग्रेड सी एवं सहायिका को ग्रेड डी का कर्मचारी घोषित करने, जब तक सरकारी कर्मचारी की घोषणा नहीं होती तब तक सेविका को 24 हजार और सहायिका को 18 हजार मानदेय देने, आंगनबाड़ी के निजिकरण की साजिश बंद करने, पर्यवेक्षिका की बहाली में 50 प्रतिशत सेविका को आरक्षण देने, आदि मांगों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन की शुरूआत किया जा रहा है, एटक नेता ओम प्रकाश क्रांति ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा मुहैया कराये बिना आंगनबाड़ी केन्द्रों की जांच कर उल्टा पुल्टा प्रतिवेदन देकर सेविका सहायिका को मानसिक रूप से उत्पीड़ित करने पर रोक नहीं लगाया गया तो यूनियन हाथ पर हाथ रखे नहीं बैठेगा, बल्कि अनवरत संघर्ष चलाया जायेगा, इस महंगाई के समय में सेविका सहायिका को बाजार भाव से पोषाहार की राशि नहीं देना घोर अन्याय हैं, पूर्व में लिए गये निर्णय के आलोक में हर छ माह पर बाजार भाव के अनुसार पोषाहार के राशि का निर्धारण होना चाहिए, साथ ही केन्द्र पर बच्चों के हिसाब से साधनों की मात्रा उपलब्ध कराई जानी चाहिए,

पं चम्पारण बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन सदैव सेविका सहायिका के हीत में संघर्ष करता रहा है और आगे भी करता रहेगा, बैठक में जिला महासचिव सुमन वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष गोदावरी देवी, हसीना खातून, मीना देवी, अर्पणा राय, सीता देवी, सुधा कुमारी, रेश्मा शर्मा, मंजू देवी, देवन्ती देवी, अजय वर्मा, सोमेश्वर शर्मा, भीखारी महतो, शिव महतो, विनय श्रीवास्तव, सोनू तिवारी, कृष्णा सिंह, उदय कान्त शुक्ल, खालिद अंसारी, आदि उपस्थित रहे,

## रेवेन्यू ऑफिसर व थानाध्यक्ष ने लगाया जनता दरबार

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेतिया। साठी बढ़ते भूमि विवाद के मामलों से जहां एक ओर अधिकारी परेशान हैं तो वही पूर्व के जमीनी विवाद मामलों का निपटारा करना प्रशासन के लिये चुनौती बन गया है। शनिवार को साठी थाना परिसर में भूमि विवाद मामले के निष्पादन के लिए साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार और लौरिया अंचल के रेवेन्यू ऑफिसर शशि रंजन प्रसाद द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर आधा दर्जन भूमि विवाद मामले का निष्पादन किया गया।

जहां रेवेन्यू ऑफिसर शशि रंजन ने बताया कि साठी थाना परिसर में आयोजित भूमि संबंधी जनता दरबार में साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार के साथ भूमि विवाद मामले के निष्पादन किया गया जिसमें आधा दर्जन भूमि विवाद मामले पर सुनवाई की गई। जिसमें दो मामले का निष्पादन मौके पर ही किया गया। कुछ मामले को अगले शनिवार के लिए समय सीमा निर्धारित किया गया।

रेवेन्यू ऑफिसर ने बताया कि लौरिया अंचल क्षेत्र के वर्तमान में आवेदक द्वारा जिस विपक्षी द्वारा भूमि रोक लगाया जा रहा है इसकी सुनवाई करते हुए विपक्षी को अगले जनता दरबार में उपस्थित होने के लिए नोटिस भेजा जाएगा। जिनके भूमि का पैमाइश कर अगले जनता दरबार में इस पर सुनवाई होगी। साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि जनता दरबार इसी तरह लगाया जाए तो भूमि विवाद के मामले में कमी आएगी। जनता दरबार में आए फरियादी थानाध्यक्ष और रेवेन्यू ऑफिसर के कार्यवाही से संतुष्ट नजर आए। मौके पर दिलिप तिवारी, रणविजय सिंह, सहित तमाम पुलिस कर्मी और फरियादी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो साइकिल एक मोटरसाइकिल के साथ 12 बोरा खाद जब्त,तस्कर फरार

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ बॉर्डर इलाके से इन दिनों रासायनिक खाद की तस्करी जारी है। प्रतिदिन मोटरसाइकल, साइकिल व अन्य वाहनों से सीमावर्ती छेत्रो में खाद की तस्करी हो रही है। वही इनरवा 47वीं बटालियन एसएसबी के जवानों ने तस्करी के नियत से भारत से नेपाल ले जा रहे 12 बोरा खाद के साथ एक मोटरसाइकल तथा दो साइकिल जब्त किया। इंस्पेक्टर राकेश मणिपाल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एक मोटरसाइकिल तथा दो साइकल पर लदे 12 बोरा खाद को जब्त कर लिया गया है। सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर पिलर संख्या 419 से तस्करी के नियत से भारत से नेपाल की ओर खाद लेकर जा रहे हैं सूचना पाते ही पिलर संख्या 419 पर जवानों द्वारा नाका लगा दिया गया। इस दौरान जवानों को देखकर तस्कर साइकिल तथा मोटरसाइकिल पर लदे खाद को छोड़कर नेपाल की ओर फरार हो गए। एसएसबी के जवानों ने खाद्य तथा वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई के लिए कस्टम ऑफिस को सौंप दिया।

### अबदालपुर गाँव में भक्तिमय हुआ महौल




मदरलैंण्ड संवाददाता, पटना। फतुहा के अबदालपुर गाँव में अखंड पूजन के लिए देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को जलभरी कलश यात्रा निकाली गई। फतुहा स्थित त्रिवेणी गंगा घाट से कलश में जलभरकर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ अबदालपुर पहुंचे। अबदालपुर निवासी कुणाल यादव ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा को ले यहा पाच दिवसीय अखंड पूजन का आयोजन किया गया है। बुधवार को यज्ञ की पूणार्हुति एवं भंडारा के साथ यज्ञ सम्पन्न हो जायेगी। देव प्रतिमाओ की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर बाहर से आये प्रख्यात पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। इस अखंड पूजन में सहयोग करने वालो में कुणाल यादव, मनोहर, चंदू, संतोष, रितेश,विपीन , नवीन,अरुण सभी का सहयोग है।

### थाने में तीन मामलों का हुआ निष्पादन




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। फलका थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित किया गया भूमि विवाद परामर्श जनता दरबार। फलका थाना परिसर में भूमि विवाद परामर्श जनता दरबार का निपटारा करते हुए थाना अध्यक्ष रमेश पासवान, अंचल अधिकारी दिवाकर कुमार के द्वारा बताया गया कि भूमि विवाद से संबंधित पुराने 3 मामला था जिसका आपसी सहमति से निष्पादन कर दिया गया वही नया चार मामला प्राप्त हुआ था जिसका सुनवाई करते हुए साक्ष्य के अभाव में अगले तारीख तक के लिए स्थगित कर दिया गया इस मौके पर अंचल निरीक्षक मोहम्मद आरिफ हुसैन ,अंचल लिपिक राम कृष्ण झा के साथ फलका थाना परिसर में दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रमाणीतकृत दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन




मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। सरकार के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के मध्यनजर अगस्त 2022 तक सभी प्रमाणितकृत दिव्यांगजनों का यूनिक डिसिबलिटी आईडी कार्ड देने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके आलोक में 11/02/2022 शुक्रवार से 18/02/2022 तक यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविर आयोजन किया जाना है। विवरण इस प्रकार हैं- दिनांक 11/02/2022 को 10 पूर्वा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरगामा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतगंज 12/02/2022, अनुमंडल रेफरल अस्पताल फारबिसगंज 14/02/2022, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिक्टी एवं कुसाकाटा 15/02/2022, रेफरल अस्पताल जोकीहाट एवं पलासी 17/02/2022, एवं रेफरल अस्पताल रानीगंज एवं बुनियाद केंद्र अररिया में दिनांक 18/02/022 को 10 बजे पूर्वा० से विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## बाबा बैद्यनाथ धाम का प्रसाद पेड़ा जल्द पहुंचेगा देश और विदेश के श्रद्धालुओं तकः उपायुक्त

» मदरलैंण्ड संवाददाता



देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में पेड़ा व्यवसाय को बढ़ावा देने के अलावा देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों से बाबाधाम के पेड़ा की आपूर्ति एवं जीआई टैगिंग को लेकर किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि देवघर जिलान्तर्गत संचालित सभी उद्योगों को विश्वपटल पर लाने एवं निर्यात को बढ़ावा देने के दिशा में समिति द्वारा कार्य किया जाय, ताकि जिले एवं राज्य का नाम के साथ-साथ इन उद्योगों से जुड़े हुए लोगो को भी आर्थिक रूप से सुदृढ़ और सशक्त किया जा सके।

इसके अलावे बैठक के दौरान रिजनल इंचार्ज एपीईडीए कोलकाता संदीप साहा ने पेड़ा निर्यात को लेकर की जाने वाले विभिन्न कार्यों की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। साथ ही बैठक में उपस्थित पेड़ा उद्योग, चावल उद्योग एवं संथाल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने अपने-अपने सुझावों को उपायुक्त समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने पेड़ा उद्योग का जियो टैगिंग से जोड़ने के चल रहे कार्यों की जानकारियों से अवगत हुए, ताकि इसकी सुगमता उपलब्ध्ता आसानी से हो सके और बाबाधाम के प्रसाद पेड़ा को सही तरीके से प्रचारित और प्रसारित किया जा सके। आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने देवघर के प्रसाद पेड़ा को देश विदेश तक पहुंचाने के कार्यों को लेकर किये गये विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्यात, पैकेजिंग, सामानों की डिलिवरी व गुणवत्ता को लेकर किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ हीं लंबे समय तक सामानों की गुणवता बनी रहे इस हेतु किये जाने वाले पैकेजिंग को लेकर उपायुक्त ने एपीईडीए के अधिकारियों को आवश्यक सहयोग करने की बात कही, ताकि इस कार्य योजना को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जा सके। आगे चावल निर्यात को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी, ताकि आने वाले समय में जिले से चावल का निर्यात विदेशों तक किया जा सके। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को एपीईडीए के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए इस दिशा में कार्य करने का निदेश दिया, ताकि तय समयानुसार कार्यों को पूर्ण किया जा सके।

*इस दौरान उपरोक्त के अलावे* रिजनल इंचार्ज एपीईडीए कोलकाता संदीप साहा, महा प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र सैमरॉम बारला, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीसी सेल के अधिकारी चिन्मय पाटिल, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योक के समन्वयक नीरज कुमार, विभिन्न प्रखण्डों के प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व संथाल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य, पेड़ा व्यवसाय के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए सात अभियुक्त को किया गिरफ्तार



» मदरलैंण्ड संवाददाता

भागलपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये विशेष समकालीन अभियान के तहत रात्री में ईशाकचक थाना से एक विशेष टिम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर भागलपुर के निर्देश पर गठित कि गई, जिसमें दो पुलिस वाहनों पर सशस्त्र बल के साथ पु०नि० सह थानाध्यक्ष अशोक कुमार, पंकज कुमार धर्मेंद्र कुमार थे।

रात्रि को करीब एक बजे पुलिस बल भोलानाथ पुल के पास पहुँची तो एक ब्लु रंग के प्लसर मोटरसाईकिल पर बैठा व्यक्ति एवं एक ब्लु रंग के टोटो पर बैठा दो लड़कों में बातचीत करते हुए देखा तो पुलिस को देखते ही ये सभी भागने का प्रयास करने लगे. जिसके उपरांत पुलिस दल ने प्लसर पर बैठे साजन कुमार को तथा टोटो पर बैठा रोहित कुमार एवं सुरज कुमार को पकड़कर पूछताछ किया तो इनसवों ने बताया कि ये सभी उक्त टोटो को रजौन थाना क्षेत्र से चुराकर लाये है. इन्हें ये बेचने वाले थे।

इसके उपरांत इनसबों के निशानदेही पर किये गये छापेमारी के दौरान चोरी किए गए तीन ई-रिक्शा और तीन मोटरसाइकिल के साथ सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

यह जानकारी सीटी डीएसपी प्रकाश कुमार ने इशक्कक थाने में प्रेस वार्ता कर दी, उन्होंने कहा छापेमार जारी है तथा पूछताछ के उपरांत अन्य चोरी के वाहनों का भी बरामदगी करने का प्रयास किया जा रहा है वही सभी अभियुक्तों का अपराधिक इतिहाश पता किया जा रहा है।

## दर्जनों कार्यकताओं ने ली राजद की सदस्यता



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। शनिवार को कारगिल भवन खोदावन्दपुर में राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता अभियान चलाया गया. इस मौके पर चेरिया बरियारपुर विधायक राजवंशी महतो ने राष्ट्रीय जनता दल से जुड़ें कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता दिलवायी. इसकी जानकारी देते हुए विधायक राजवंशी महतो ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद नये सिरे से राजद का सदस्य बनाया जा रहा है. जिसमें खोदावन्दपुर, चेरियाबरियारपुर एवं छौड़ाही प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों पार्टी के कर्मठ, सुयोग्य एवं जुझारू कार्यकर्ता शामिल हैं.मौके पर राजद नेत्री कुमारी सावित्री देवी, युवा राजद जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार, भुवन कुमार प्रियरंजन, प्रखंड राजद अध्यक्ष जियाउर रहमान उर्फ सैफी, चेरियाबरियारपुर के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र राम, सकरबासा के सरपंच श्यामल पासवान, पूर्व मुखिया राम लखन यादव, नवीन कुमार झुना, रामबालक महतो, राधाकृष्ण यादव, कृष्ण मोहन यादव, ब्रहमदेव यादव, मोहम्मद कियाम सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## राजद ने चलाया सदस्यता अभियान, दर्जनों हुए शामिल, विधायक रहे मौजूद!

» मदरलैंण्ड संवाददाता




बाँका। राजद प्रखंड कार्यालय रजौन में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत दर्जनों लोगों को राजद की सदस्यता ग्रहण किया मालूम हो कि 2022 और 2025 राष्ट्रीय जनता दल ने सदस्यता अभियान की शुरूआत की है। जिसके तहत शनिवार को राजद के धोरैया विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूदेव चौधरी ने सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ प्रखंड मुख्यालय के राजद कार्यालय में इसकी शुरूआत की जिसके बाद उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य रजौन प्रखंड में ही रखा गया है। और इसके लिए प्रभारी भी बूथ स्तर से गठन किए जाएंगे। कार्यकर्ता बूथ तक जाए गांव गांव का भ्रमण कर सदस्यता बढ़ाने की अपील की तो सत्तासीन सरकार पर जमकर बरसे। और जिसके बाद उन्होंने कहा कि बिहार में सबसे बड़ी पार्टी है अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल सदस्यता अभियान की शुरूआत से रजौन प्रखंड में भी कर दी गई। वही शनिवार की सुबह 10:00 बजे से ही राजद कार्यकताओं का लगातार प्रखंड के इर्द-गिर्द जमावड़ा लगा रहा। तो सदस्यता अभियान समारोह में राजद प्रखंड अध्यक्ष बबलू सिंह, पूर्व मुखिया जवाहर प्रसाद यादव, मिलन मिलन यादव, दिवाकर प्रसाद यादव, समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजद को मजबूत करने में जुटे लालू यादव सदस्यता अभियान की करायी शुरूआत

» मदरलैण्ड संवाददाता




पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव इन दिनों पटना में हैं. राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद अब राजद ने सदस्यता अभियान की शुरूआत की है. आरजेडी सुप्रीमो ने इसकी शुरूआत कराई है. लालू यादव अपने हर आयोजन को कुछ अलग अंदाज में शुरू कराते हैं और सदस्यता अभियान शुरू करने से पहले भी राबड़ी आवास में मछली लाया गया. कहा जा रहा है कि मछली -भात खाकर लालू यादव ने इस अभियान को शुरू किया. आरजेडी अब पार्टी को मजबूत करने की कवायद में जुट गयी है. राजद को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ा जा रहा है. राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने शनिवार को पार्टी के कुछ पदाधिकारियों को सदस्यता दिलाकर इसकी शुरूआत की. वहीं इसकी शुरूआत से पहले राबड़ी आवास में मछली मंगाया गया. मछली-भात खाने के बाद इसे शुरू किया गया.राजद ने इस बार सदस्यता शुल्क 10 रुपये रखा है. इस अभियान के लिए यह एक शर्त रखी गयी है कि जो व्यक्ति शराब का सेवन नहीं करता हो, वहीं आरजेडी का सदस्य बन सकता है. सदस्यता अभियान को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि पार्टी को मजबूती देने के लिए लगना होगा. उन्होंने सदस्यता दिलाने के लिए लालू प्रसाद यादव का धन्यवाद किया.गौरतलब है कि बिहार में 24 सीटों के लिए विधान परिषद का चुनाव होना है. बताया जाता है कि इसबार पंचायत चुनाव में राजद के समर्थन वाले उम्मीदवार अधिक संख्या में जीते हैं. राजद ने अब आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी को मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है. पार्टी ने माइक्रो मैनेजमेंट पर अधिक जोर दिया है. पंचायतों में भी अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए राजद जुट गयी है.

इस अभियान को लेकर तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राजद सदस्यता अभियान की शुरूआत आज से की है और राजद ने एक करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है.

## पीएम आवास योजना की राशि लेकर घर नहीं बनाने वाले 32 लाभुकों पर केस

» मदरलैण्ड संवाददाता



अररिया। नरपतगंज प्रखण्ड में भी प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) की राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुकों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखण्ड अंतर्गत कुल 2600 लाभुकों का मकान अपूर्ण हैं। जिस पर उजला व लाल नोटिस किया गया हैं। ग्रामीण आवास सहायक के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में लाभुकों को मकान निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया गया लेकिन लाभुकों को द्वारा गंभीरता से नही लिया गया। मामले को संज्ञान में लेते हुवे प्रखण्ड प्रशासन ने 10 पंचायतों के 32 लाभुकों के विरुद्ध नीलम पत्र वाद दायर किया गया हैं। विवरण निम्नवत हैं- गोखलापुर 06, बासमातिया 01,तामगंज 06,फतेहपुर 08,मानिकपुर 02, भंगही 01, रामघाट कोशकापुर 02, दरयहिगंज 02, सोनापुर 02, एवं रेवाहि 02 लाभुकों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर किया गया और उनसे राशि वसूल की जाएगी।

**क्या कहते हैं आवास पर्यवेक्षक, चंदन कुमार**

2600 लाभुकों को नोटिस निर्गत किया गया हैं, अभी 32 लाभुकों पर कार्रवाही किया गया हैं। यह कृत सरकारी राशि का गवन करने कि मंशा को परिलक्षित करता हैं।

# अपने फ्लैगशिप ब्रांड रेनो7 सीरीज का 5जी परीक्षण सफलतापूर्वक करने के लिए ओप्पो ने जिओ के साथ गठजोड़ किया

चंडीगढ़ : भारत में 5जी सेवाओं को वास्तविकता में लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रमुख वैश्विक स्मार्ट-डिवाइस ब्रांड ओप्पो इंडिया ने भारत के सबसे बड़े दूरसंचार सेवा प्रदाता जिओ के सहयोग से 5जी स्टैंडअलोन तथा नॉन-स्टैंडअलोन नेटवर्क परीक्षण किया। रेनो7 सीरीज का अल्ट्रा-फास्ट तथा कम लेटेंसी का 5जी ट्रायल एक डेमो सेट-अप के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस ट्रायल के अंतर्गत बिना रूकावट का 4के वीडियो स्ट्रीम, सुपर फास्ट अपलोड तथा डाउनलोड की सुविधाएं प्राप्त की जा सकीं।ओप्पो के वैल्यू प्रपोजल और फ्यूचरिस्टिक इनोवेशन को दशार्ते हुए, नवीनतम और 5जी सक्षम रेनो 7 सीरीज का उद्देश्य फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स की तकनीकी सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए, ग्राहकों की प्रगतिशील जीवन शैली में हिस्सा बनाना है। ओप्पो का यह शानदार फ्यूचरिस्टिक रेनो7-प्रो स्मार्टफोन देश के किसी भी कोने में निर्बाध 5जी नेटवर्क प्रदान करने के लिए 10 बैंड तक का




समर्थन करता है, तथा रेनो7 स्मार्टफोन 13 बैंड तक का समर्थन करता है। श्री तस्लीम आरिफ, वाइस प्रेसिडेंट, इंडिया आरएंडडी हेड, ओप्पो इंडिया, ने कहा हम अपने उपयोगकताओं को 5जी सक्षम डिवाइस की एक पूरी सीरीज देना चाहते हैं तथा देश में एंड-टू-एंड 5जी इकोसिस्टम का निर्माण करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। संचार के माध्यम के रूप में 5जी तकनीक पूरी दुनिया को बदल रही है तथा इस तरह के परीक्षण इंडस्ट्री में हमारे प्रयासों को और मजबूत करेंगे जिससे कि हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम अनुभव दे सकेंगे। हम एक इनोवेटिव ब्रांड हैं एवं 5जी सुविधाओं को भारत में आगे बढ़ाना जारी रखेंगे जिससे कि हमारे उपयोगकताओं को अगली पीढ़ी के कनेक्शन का फायदा मिल सके। रेनो7 के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहा, ह्लतकनीकी कला के माध्यम से हमारा उद्देश्य जीवन को ऊपर उठाने का है। बेहद बारीक रूप से इंजीनियर किए गए हमारे रेनो7 सीरीज के 5जी सक्षम स्मार्टफोन अपने ग्राहकों को सबसे उत्तम अनुभव देंगे।

# आने वाले समय में सोने के मुकाबले चांदी दे सकती है कई गुना रिटर्न

## 12 से 15 महीने में 80,000 तक जा सकते हैं चांदी के भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर इस समय आप चांदी में निवेश करते हैं तो आने वाले समय में यह आपको मालामाल कर सकती है। बाजार के जानकारों के मुताबिक चांदी आने वाले समय में म्यूचुअल फंड और सोने के मुकाबले कई गुना ज्यादा रिटर्न दे सकती है। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि इस साल की तीसरी तिमाही तक कोरोना महामारी खत्म होने के बाद अनिश्चितता कम होगी, जिससे सोने में निवेश घट सकता है। तेजी को देखते हुए लोग चांदी की ओर आकर्षित होंगे। एमओएफएसएल का मानना है कि अगले 12-15 महीनों में चांदी की कीमतें 80,000 रुपए तक जा सकते हैं। सिल्वर इंस्टीट्यूट के अनुसार वैश्विक चांदी की मांग 2022 में 1.112 बिलियन औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक पहुंचने का अनुमान है। भौतिक चांदी निवेश मांग 2022 में 13 फीसदी उछलने का अनुमान है, जो 7 साल का उच्च स्तर है। चांदी फिलहाल 61,000 के आसपास है। इस लिहाज से यह इस 33 फीसदी और वर्ष 2024 तक 250 फीसदी तक रिटर्न दे सकती है।



म्यूचुअल फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स में अब ज्यादा लोग निवेश करने लगे हैं। यही वजह है कि ईटीएफ का दायरा बढ़ रहा है और अब लोग सिल्वर ईटीएफ में निवेश का रुख कर रहे हैं। सेबी ने हाल ही में सिल्वर ईटीएफ को मंजूरी दी थी। इस साल अब तक दो सिल्वर ईटीएफ बाजार में आ चुके हैं। ईटीएफ सिक्योरिटीज और शेयर जैसे एसेट का एक बास्केट है। इसकी खरीद-बिक्री एक्सचेंज पर होती है। इसलिए इनके फीचर्स और फायदे शेयरों में निवेश की तरह हैं, लेकिन ये म्यूचुअल फंड्स और बॉन्ड जैसे इंस्ट्रूमेंट्स के भी लाभ देते हैं। किसी एक कंपनी के शेयर की तरह ईटीएफ की ट्रेडिंग भी दिनभर होती है। इनके दाम एक्सचेंज पर सप्लाई और डिमांड के हिसाब से घटते-बढ़ते रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इलेक्ट्रिक अवतार में आई 'लखटकिया' कार नैना

नई दिल्ली, एजेंसी। स्वदेशी कार निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने कुछ सालों पहले भारतीय बाजार में अपनी लखटकिया कार टाटा नैनो लांच की थी,तब ऑटोमोबाइल मार्केट में तूफान आ गया था ।उस समय हर एक की जुबान पर बस टाटा नैनो का ही नाम था। फिलहाल कंपनी ने इसका प्रॉडक्शन बंद कर दिया है। लेकिन अब पुणे की कंपनी इलेक्ट्रा ईवी ने टाटा की छोटी कार का इलेक्ट्रिक वेरियंट तैयार किया है। हाल ही में टाटा संस के चेयरमैन रतन टाटा ने भी टाटा नैनो ईवी का सफर किया। इलेक्ट्रा ईवी ने अपने लिंक्ड इन पेज पर इस बेहद खास लम्हें की तस्वीर भी शेयर की है ।तस्वीर में रतन टाटा टाटा नैनो के बगल में खड़े नजर आ रहे हैं ।फोटो में रतन टाटा के सहयोगी शांतनु नायडू भी नजर आ रहे हैं। इलेक्ट्रा ईवी के मुताबिक रतन टाटा को न सिर्फ नैनो का इलेक्ट्रिक वर्जन काफी पसंद आया बल्कि उन्होंने कार से सफर भी किया। ह्यह टीम इलेक्ट्रा ईवी के लिए मूमेंट ऑफ ट्रूथ है,जब हमारे फाउंडर ने कस्टम-बिल्ट नैनो ईवी की सवारी की, जो इलेक्ट्रा ईवी के पावरट्रेन पर तैयार है। हम रतन टाटा की नैनो ईवी डिलीवर कर और उनसे फीडबैक पाकर गौरव महसूस कर रहे हैं।

### चाय निर्यात घटकर 17.53 करोड़ किलो रहा

कोलकाता, एजेंसी। भारत का चाय निर्यात वर्ष 2021 के पहले 11 महीनों के दौरान घटकर 17.53 करोड़ किलो रह गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 18.98 करोड़ किलो था। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार कंटेनरों की कमी, समुद्री माल ढुलाई की कीमतों में वृद्धि और भुगतान के मुद्दों के कारण आकर्षक ईरान बाजार के कम उठाव के कारण चाय का निर्यात घटा है। स्वतंत्र देशों केराष्ट्रकुल (सीआईएस) ने इस अवधि के दौरान सबसे अधिक 4.17 करोड़ किलोग्राम चाय का निर्यात किया, जो 2020 में इसी अवधि के दौरान किए गए 4.63 करोड़ किलो के निर्यात से कम है। बोर्ड के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार ईरान 2.30 करोड़ किलो की खरीद के साथ भारतीय चाय का दूसरा सबसे बड़ा आयातक था। ईरान ने हालांकि एक साल पहले की अवधि में भारत से 3.16 करोड़ किलो चाय खरीदी थी। इसके अलावा अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन ने भारत से सबसे अधिक चाय खरीदने वाले देश रहे।

### एनएचपीसी का मुनाफा दिसंबर तिमाही में घटकर 888.8 करोड़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 7.5 प्रतिशत घटकर 888.76 करोड़ रुपए रह गया। मुख्य रूप से आय में कमी की वजह से कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी जानकारी में कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 961.64 करोड़ रुपए था। वही आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी की आय घटकर 2,373.72 करोड़ रुपए रह गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह 2,610.69 करोड़ रुपए थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में 2021-22 के लिए 10 रुपए अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर पर 13.10 प्रतिशत (1.31 रुपए प्रति इक्विटी शेयर) की दर से अंतरिम लाभांश के भुगतान की घोषणा की। निदेशक मंडल ने कंपनी के प्रतीक चिन्ह में भी बदलाव के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

### एनएचपीसी का मुनाफा दिसंबर तिमाही में घटकर 888.8 करोड

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 7.5 प्रतिशत घटकर 888.76 करोड़ रुपए रह गया। मुख्य रूप से आय में कमी की वजह से कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी जानकारी में कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 961.64 करोड़ रुपए था। वही आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी की आय घटकर 2,373.72 करोड़ रुपए रह गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह 2,610.69 करोड़ रुपए थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में 2021-22 के लिए 10 रुपए अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर पर 13.10 प्रतिशत (1.31 रुपए प्रति इक्विटी शेयर) की दर से अंतरिम लाभांश के भुगतान की घोषणा की। निदेशक मंडल ने कंपनी के प्रतीक चिन्ह में भी बदलाव के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 631.953 अरब डॉलर

मुंबई, एजेंसी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार फरवरी को समाप्त सप्ताह में 2.198 अरब डॉलर बढ़कर 631.953 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वहीं 28 जनवरी को समाप्त पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.531 अरब डॉलर घटकर 629.755 अरब डॉलर हो गया था। यह तीन सितंबर, 2021 को समाप्त सप्ताह में 642.453 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में वृद्धि के कारण दर्ज की गई। एफसीए समग्र भंडार और स्वर्ण भंडार का एक प्रमुख घटक है।

# वीराम सिक्योरटीज का स्टॉक सारी सीमाएं पार करके एक माह में 76 प्रतिशत उछला

हिसारः वीराम सिक्योरटीज लिमिटेड जो कि ब्रांडेड ज्वेलरी और आभूषणों में प्रमुखता से व्यापार करते हैं, ने हाल ही में आयोजित अपनी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में इक्विटी शेयर पर विचार किया और इसे जारी करने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य 50 लाख अतिरिक्त इक्विटी शेयर रुपये 10 प्रति शेयर के मान से रुपये 5 करोड़ की पूंजी बढ़ाना है।

बोर्ड ने यह भी अनुशंसा की है कि कंपनी का नाम बदलकर वीराम रियलिटीज लिमिटेड किया जाए। वर्तमान में कंपनी ज्वेलरी क्षेत्र में कार्यरत है और अपनी ज्वेलरी और आभूषणों का निर्माण विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की मांग के अनुसार तैयार करते हैं, जो कि विविध प्रकार की संस्कृतियों और आयु वर्ग से आते हैं। इसके उत्पादों की आपूर्ति विभिन्न मूल्य वर्गों में की जाती है और इसके ग्राहक उच्च तथा मध्यम से आते हैं, ह्यवीरामह्न कस्टमाइज्ड ज्वेलरी भी बनाते हैं। इसके सोने, चांदी के पारम्परिक ज्वेलरी और आभूषण या तो कुंदन, जेम स्टोन आदि के साथ बनाये जाते हैं या सादे सोने या चांदी में बनाये जाते हैं। साथ ही रियलटी क्षेत्र की ओर भी कदम बढ़ाए।

अप्रतिम डिजाइन को ध्यान में रखते हुए भी आधुनिक समय और आवश्यकताओं के अनुरूप बनाये जाते हैं, जिनकी मांग लम्बे समय तक बनी रहती है। उच्च स्तरीय गुणवत्ता और क्राफ्ट को ध्यान में रखकर प्रत्येक आभूषण को इस प्रकार गढ़ा जाता है कि वह निश्चित ही दीर्घकाल तक संजोया जा सके।

कंपनी द्वारा तैयार किए जा रहे आभूषणों में अंगूठियां, कंगन, नेकलेसेस, कर्ण चेन, इयररिंग्स, पेन्डेन्ट्स आदि प्रमुख हैं। कंपनी के शेयर की कीमत पिछले छह माह में 132 प्रतिशत बढ़ी है तथा एक माह के समय में 76 प्रतिशत बढ़ी और हाल में 174 रूपए पर है।

# जी5 ने इंडिया का बिंज ए थान कैंपेन लांच किया

रोहतक। घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 ने अपने चौथीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए 3 दिवसीय कैंपेन जी5 इंडिया का बिंज-ए-थॉन के लॉन्च की घोषणा की है।

इस पहल का उद्देश्य मंच के मनोरंजन समावेशन के दीर्घकालिक लक्ष्य को पूरा करना है, यहां उपभोक्ता तीन दिनों के लिए शीर्ष प्रीमियम वेब श्रृंखला और विभिन्न भाषाओं में फिल्मों का आनंद मुफ्त उठा सकेंगे। उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक, 14 फेरे, डायल 100, साइलेंस?, कैन यू हियर इट, सनफ्लावर, स्टेट ऑफ सीजः 26/11, रंगबाज, और अभय एस1 हिंदी में और तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, बांग्ला और मराठी में लोकप्रिय फिल्मों और शो सेलेब्रेट्री ऑफर के तहत फ्री में उपलब्ध होंगे।




आगामी चौथी वर्षगांठ पर ब्रांड की एक और पेशकश, जी5 स्पार्क भी शामिल है, जिसका उद्देश्य जी5 की पहले से ही दमदार एवीओडी कंटेंट लाइब्रेरी को अहाना कुमरा, अमोल पाराशर, अदा शर्मा, प्रियांक शर्मा, नवीन कस्तूरिया इत्यादि जैसे अभिनेताओं द्वारा अभिनित कुछ बहुचर्चित वेब श्रृंखला जैसे हॉलिडे, रेडी 2 मिंगल, डूड, द ग्रेट इंडियन वेडिंग, हैप्पी एवर आफ्टर को पेश करके और मजबूत करना है। स्पार्क पर लोकप्रिय अभिनेता जैसे तापसी पन्नू, नसीरुद्दीन शाह, अनुपम खेर, नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ द्वारा अभिनित लघु फिल्में जैसे बारिश और चाउमीन, हाफ फुल, खुजली, खीर इत्यादि की एक विशाल लाइब्रेरी भी एवीओडी उपयोगकताओं के लिए उपलब्ध होगी।

# बीएसएनएल का लंबी वैलिडिटी वाला धमाकेदार प्लान !

नई दिल्ली, एजेंसी। बीएसएनएल पिछले कुछ समय से नए-नए आकर्षक प्रीपेड रिचार्ज प्लान्स लेकर आ रहा है। जहां प्राइवेट टेलिकॉम कंपनियां जैसे की जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया रिचार्ज प्लान महंगे कर रही हैं, वहीं बीएसएनएल कम कीमत में ज्यादा सुविधाओं के साथ नए-नए प्लान पेश कर रहा है। बीएसएनएल के लेटेस्ट 110 दिनों की वैलिडिटी वाले प्लान में 2जीबी डेली डेटा प्रदान किया जाता है, इसकी कीमत 666 रुपए है। बीएसएनएल का नया 666 रुपए का प्रीपेड रिचार्ज प्लान 110 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है। यूजर्स को पूरे वैलिडिटी पीरियड में रोजाना 2जीबी डेटा मिलता है। इसके अलावा यह प्लान अनलिमिटेड फ्री वॉयस कॉल, प्रति दिन 100 एसएमएस, मुफ्त पीआरबीटी, एक मुफ्त ज़िंग म्यूजिक सब्सक्रिप्शन है। यूजर्स बीएसएनएल सेल्फ केयर ऐप और बीएसएनएल रिचार्ज पोर्टल के माध्यम से अपने बीएसएनएल




नंबर को नए बीएसएनएल 666 रुपए के प्रीपेड रिचार्ज प्लान के साथ रिचार्ज कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त टोल-फ्री नंबर 1503 पर कॉल करके या 9414024365 नंबर पर व्हाट्सऐप मेसेज भेजकर प्लान के बारे में अधिक जानकारी एकत्र की जा सकती है। इसके अलावा, टेल्को ने एक नया 499 रुपए का प्रीपेड रिचार्ज प्लान पेश किया है, जो 2जीबी डेटा, प्रति दिन 100 मुफ्त एसएमएस, सही मायने में अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग, बीएसएनएल ट्यून्स और ज़िंग तक मुफ्त पहुंच प्रदान करता है। पैक 90 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है।

# बीते सप्ताह शेयर बाजार में एक फीसदी की गिरावट रही

- सेंसेक्स 773.11 अंक गिरकर 58,152.92 पर बंद
- निफ्टी 231.10 अंक गिरकर 17,374.75 पर बंद

मुंबई, एजेंसी। बीते सप्ताह भारी उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। कारोबारियों का कहना है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति चार दशकों के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच जाने से फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में बढ़ोतरी की आशंका पैदा होने से वैश्विक बाजारों में बिकवाली का दौर देखा गया।




इसका असर घरेलू स्तर पर भी कारोबारी धारणा पर पड़ा। इसके साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में तीव्र गिरावट आने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने से बाजार पर दबाव बना रहा। सप्ताह भर के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सोमवार को 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 225.04 अंक की गिरावट लेकर 58,419.78 पर खुला और 1,023 अंक की गिरावट के साथ 57,621.19 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 69.55 अंक की गिरावट के साथ 17,446.75 पर खुला और 302.70 अंक लुढ़ककर 17,213.60 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 156.46 अंक की बढ़त लेकर 57,777.65 पर खुला और 187.39 अंक मजबूत होकर 57,808.58 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 48.75 अंक की वृद्धि के साथ 17,262.35 पर खुला और 53.15 अंक लाभ के साथ 17,266.75 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 413.19 अंक बढ़कर 58,221.77 पर खुला और 657.39 अंक की बढ़त के साथ 58,465.97 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 118 अंक की तेजी के साथ 17,384.75 पर खुला और 197.05 अंक उछलकर 17,463.80 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 111.34 अंक बढ़कर 58,577.31 पर खुला और 460.06 अंक चढ़कर 58,926 पर बंद हुआ। निफ्टी 34 अंक की तेजी के साथ 17,497.80 पर खुला और 142.05 अंक बढ़कर 17,605.85 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 891.39 अंक की गिरावट के साथ 58,034.64 पर खुला और 773.11 अंक गिरकर 58,152.92 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 271.20 अंक की गिरावट के साथ 17,334.65 पर खुला और 231.10 अंक की गिरावट के साथ 17,374.75 अंक पर बंद हुआ।

# यूको और सेंट्रल बैंक ने एफडी ब्याज दरें बदलीं

मुंबई, एजेंसी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक ने सावधि जमा (एफडी) ब्याज दरों में बदलाव किया है। एफडी पर ये नई दरें 10 फरवरी, 2022 से प्रभावी हो गई हैं। रकम के हिसाब से 2 करोड़ रुपए से कम पर लागू है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट के मुताबिक बैंक में डिपॉजिट करने वाले ग्राहक अब अलग-अलग अवधियों में 2.75 फीसदी से 5.15 फीसदी तक की दर से ब्याज ले सकेंगे। अब 7-14 दिनों के बीच की अवधि वाली डिपॉजिट, 13-45 दिनों के बीच की अवधि वाली डिपॉजिट पर ब्याज दर क्रमशः 2.75 फीसदी और 2.90 फीसदी है। 45-90 दिनों के बीच की डिपॉजिट पर 3.25 फीसदी ब्याज, 91-179 दिनों में मैच्योर होने वाली जमाओं पर 3.80 फीसदी का ब्याज मिलेगा। इसी तरह 180 से 364 दिनों में मैच्योर होने वाली जमाओं पर अब 4.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अब एक साल से दो साल से कम की जमा पर 5 फीसदी और दो साल से पांच साल से कम की जमा पर 5.10 फीसदी की ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। वहीं 5 साल से 10 साल के बीच मैच्योर होने वाली जमाओं पर अब 5.15 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। यूको बैंक की 1-3 साल के बीच मैच्योर होने वाली 2 करोड़ रुपए से कम की डिपॉजिट पर अधिकतम ब्याज दर 5.10 प्रतिशत प्राप्त होगी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज दर 5.60 प्रतिशत है। 3 साल से ऊपर और 5 साल से कम की अवधि के लिए वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली ब्याज दर 5.30 फीसदी और 5.80 फीसदी है।



# 31 हजार में बिकी हापुस आम की पहली टोकरी!

नई दिल्ली, एजेंसी। देवगढ़ रत्नागिरी से हापुस आम की पहली फसल पुणे के एपीएमसी बाजार में पहुंची तो खरीदारों में उसे पाने के लिए होड़ मच गई। विक्रेता ने भी मौके का पूरा लाभ उठाने के लिए आम की बाकायदा नीलामी शुरू कर दी और शुरूआती कीमत 5 हजार रुपए लगाई। आखिर में हापुस आमों की यह टोकरी 31 हजार रुपए में बिकी। एक ट्रेडर ने बताया कि यह सीजन का पहला आम था। हर साल हम परंपरा के तौर पर सीजन के पहले आम की नीलामी आयोजित करते हैं, जिससे अगले दो महीने तक बेहतर बाजार का रास्ता तय होता है। इस बार की नीलामी 50 साल में सबसे महंगी रही है। ट्रेडर्स ने बताया कि 31 हजार की नीलामी से पहले आम की अन्य टोकरियों के दाम भी हजारों में लगे। एक टोकरी 18 हजार रुपए में बेची गई तो दूसरी 21 हजार रुपए में एक विक्रेता ने खरीदी! तीसरी और चौथी आम की टोकरी भी 22,500 रुपए बिक गई। एक ट्रेडर ने बताया



Image credit: istockphoto.com/natbits

कि कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो साल हमारे लिए काफी कठिन रहे और कारोबारी पूरी तरह ठप पड़ गया। हमें कारोबार में काफी घाटा भी उठाना पड़ा। अब चीजें वापस सामान्य हो रही हैं और हम जल्द शुरूआत करना चाहते हैं। यही कारण है कि हमने इतने ऊंचे रेट पर भी आम की फसल को खुशी-खुशी खरीद लिया।

# ईपीएफओ दे रहा बेरोजगारों को रोजगार के अवसर, जल्द करें रजिस्ट्रेशन

## कंपनी में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के पीएफ का भुगतान करेगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) युवाओं को आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाय) के तहत आसानी से नौकरी पाने का अवसर दे रहा है ।ईपीएफओ ने कहा है कि रोजगार की तलाश कर रहे युवक एबीआरवाय के तहत अपना रजिस्ट्रेशन अब 31 मार्च, 2022 तक कर सकते हैं। इस पंजीकरण के जरिये किसी कंपनी में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के पीएफ का भुगतान सरकार करेगी। इतना ही नहीं कंपनी की ओर से पीएफ में जाने वाली राशि का भुगतान भी सरकार की ओर से किया जाएगा। एबीआरवाय योजना के तहत सरकार 2 साल तक कर्मचारी और नियोक्ता के हिस्से का योजना भविष्य निधि में करेगी। इससे कंपनियों को भी ज्यादा संख्या में रोजगार देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। योजना का लाभ नौकरी लगने के बाद से 24 महीनों तक उठाया जा सकता है। इसमें सरकार वेतन का 24 फीसदी अंशदान करेगी। 12 फीसदी कर्मचारी की ओर से और 12 फीसदी नियोक्ता की ओर से। सरकार ने कहा है कि एबीआरवाय योजना का लाभ उन्हीं कर्मचारियों को दिया जाएगा जिनका वेतन 15 हजार रुपए मासिक से कम होगा। जैसे ही कर्मचारी का वेतन 15 हजार मासिक की सीमा को पार करेगा, उनके पीएफ खाते में सरकार की ओर से किया जाने वाला अंशदान बंद कर दिया जाएगा।

इसके अलावा जिस कंपनी में कर्मचारियों की संख्या 1,000 से ज्यादा होगी, उसे भी योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने बताया है कि योजना के जरिये करीब 71.8 लाख नए कर्मचारियों को लाभ मिलने का अनुमान है। ऐसे कर्मचारी जो ईपीएफओ के साथ 31 मार्च, 2022 तक रजिस्ट्रेशन कराएंगे, उन्हें अगले दो साल तक सरकार की ओर से पीएफ अंशदान का लाभ दिया जाएगा। योजना ऐसी कंपनियों के लिए लागू होगी, जिनका ईपीएफओ के साथ अक्टूबर, 2020 से पहले पंजीकरण हो चुका है।

# कांबली बोले- टीम इंडिया में टकराव ठीक नहीं, जो हो रहा है वह अच्छा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया इन दिनों परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। विराट कोहली का नेतृत्व खत्म हो चुका है। भारत की वनडे और टी20 टीम को रोहित शर्मा के रूप में नया कप्तान मिल चुका है। टेस्ट टीम को भी अगले सप्ताह नया कप्तान मिल सकता है। लेकिन लगता है कि यह बदलाव टीम में तनाव लेकर भी आया है। पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने तो सार्वजनिक तौर पर ऐसी बात कही है जो तनाव की इन खबरों को बल देता है। विनोद कांबली ने टीम इंडिया और खिलाड़ियों को अहंकार से बचने की सलाह दी है। 90 के दशक के स्टार क्रिकेटर विनोद कांबली ने भारतीय टीम को लेकर कू पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, ह्यआता मांझी सटकली.. अहंकार का यह टकराव भारतीय क्रिकेट टीम के लिए अच्छा नहीं है। विराट और रोहित दोनों ही भारतीय टीम के लिए काफी अहम हैं और जो कुछ हो रहा है



वह अच्छा नहीं है।ह्ल सचिन तेंदुलकर के दोस्त विनोद कांबली ने अपने इस पोस्ट के साथ विराट कोहली, रोहित शर्मा और इंडियन टीम को टैग किया है।

क्रिकेट प्रेमी जानते हैं कि विराट कोहली ने टी20 टीम कप्तानी अपनी मर्जी से छोड़ी थी, लेकिन वे वनडे और टेस्ट मैच के कप्तान बने रहना चाहते थे। लेकिन बीसीसीआई ने उनसे वनडे की कप्तानी इस आधार पर छीन ली कि वह वनडे और टी20 फॉर्मेट में एक ही कप्तान चाहता है। इसके कुछ दिन बाद विराट ने टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी। क्रिकेट प्रेमी यह भी जानते हैं कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच तनातनी की खबरें काफी पहले से आती रही हैं। विराट ने बतौर कप्तान सार्वजनिक तौर पर ऐसे बयान दिए थे, जिनसे पता चलता था कि उनके और रोहित के बीच संवादहीनता है। हालांकि, टी20 विश्व कप समेत कई मौकों पर जब भी रोहित आउट ऑफ फॉर्म हुए तो विराट उनका बचाव भी करते नजर आए।

# (आईपीएल) कमिंस को हुआ नुकसान, पिछली बार से आधी कीमत ही मिली

बेंगलुरु, एजेंसी।इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) के 15 वें सत्र के लिए जारी नीलामी के पहले दिन करोड़ों की रकम लगी। इसमें कई खिलाड़ियों को जमकर लाभ हुआ।जहां कोलकाता नाइटराइडर्स ( केकेआर ) ने श्रेयस अय्यर पर सबसे बड़ी 12.25 करोड़ रुपये की लगायी। वहीं केकेआर ने ही ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कमिंस को 7.25 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि पिछली बार साल 2020 में हुई नीलामी में उन्हें केकेआर ने 15.50 करोड़ रुपये में खरीदा था।इस प्रकार कमिंस को पिछली बार की अपेक्षा आधी रकम ही मिल पायी है। कमिंस को खरीदने के लिए नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स ने भी बोली लगायी थी पर बाजी केकेआर ने मारी। वहीं भारतीय टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाजी शिखर धवन की भी अच्छी मांग रही ओर राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच इस बल्लेबाज को लेने की होड़ मची थी पर आंखिकार पंजाब ने उन्हें 8.25 करोड़ में खरीदा। दिल्ली डेयरडेविल्स, मुंबई इंडियंस, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स (पहले डेयरडेविल्स) के बाद पंजाब आईपीएल में धवन की पांचवीं टीम होगी। वहीं अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के लिए दिल्ली और राजस्थान के बीच मुकाबला हुआ पर अंत में राजस्थान ने उन्हें 5 करोड़




में खरीदा। अश्विन इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स में रहे हैं। टीम होगी। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने अपनी पूर्व टीम दिल्ली और गुजरात से काफी दिलचस्पी दिखाई।इसके अलावा दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कासिगो रबाडा के लिए भी राजस्थान ओर पंजाव ने 8 करोड़ रुपये की बोली लगाई लेकिन पंजाब ने रबाडा को 9.25 करोड़ रुपये में हासिल किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश राणा पर बरसा पैसा , केकेआर ने आठ गुना अधिक कीमत पर खरीदा

बेंगलुरु, एजेंसी।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में दिल्ली के युवा बल्लेबाज नीतीश राणा की एक प्रकार से लाटरी ही खुल गयी। नीतीश को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने उनके आधारमूल्य से आठ गुना अधिक रकम पर खरीदा।केकेआर ने राणा को आठ करोड़ रुपये में खरीदा जबकि उनका आधार मूल्य एक करोड़ रुपये था। नीतीश को खरीदने के लिए मुंबई इंडियंस और केकेआर में कांटे की टक्कर हुई, इसके अलावा नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी उनके लिए बोली लगाई पर अंत में बाजी केकेआर के हाथ लगी।नीतीश ने पूर्व में मुम्बई और केकेआर दोनो के लिए ही खेला था। नीतीश के पास 139 टी20 मैचों का अनुभव है और उनके इस प्रारुप में 22 अर्धशतकों की सहायता से कुल 3184 रन हैं।इस बल्लेबाज ने भारतीय टीम की ओर से अब तक एक वनडे और 2 टी20 के साथ ही भारतीय टीम की ओर से तीन मैच खेले हैं।वहीं फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 6 शतक और 9 अर्धशतक लगाये हैं।

### (आईपीएल) नीलामी के दौरान गिरे नीलामीकर्ता एडमीड्स

बेंगलुरु, एजेंसी।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए यहां जारी मेगा नीलामी में एक नीलामीकर्ता ह्यूज एडमीड्स अचानक ही गिर पड़े।इससे सभी सकते में आ गये और नीलामी को रोकते हुए मेडिकल इमर्जेंसी के तहत उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया।यह हादसा तब हुआ, तब श्रीलंकाई खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा पर बोली लगाई जा रही थी। इसका प्रसारण चल रहा था कि अचानक एडमीड्स बोली की घोषणा करते हुए गिर पड़े।यह देखकर पहले तो सभी हतप्रभ रह गया पर बाद में तत्काल हरकत में आते हुए उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया। हादसे के बाद लंच घोषित कर दिया गया। वहीं बाद में कहा गया कि एडमीड्स ठीक हैं और अगली नीलामी के लिए वह उपलब्ध होंगे।इसके मामले पर बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'हमारे नीलामीकर्ता एडमीड्स अब ठीक हैं , वह नीलामी में अगले सेट के दौरान उपलब्ध रहेंगे।' माना जा रहा है कि उनका रक्तचाप कम हो गया था जिसके कारण वह अचानक ही बेहोश हो गए थे।एडमीड्स ब्रिटेन के रहने वाले हैं और 2019 से ही आईपीएल नीलामी में नीलामीकर्ता की भूमिका निभा रहे हैं.


# सचिन के पास जाएं विराट : गावस्कर



मुम्बई, एजेंसी। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली का बल्ला पिछले दो साल से खामोश बना हुआ है। वेस्टइंडीज के खिलापफ एकदिवसीय सीरीज में भी वह रन नहीं बना पाये हैं। विराट पिछले दो साल से एक शतक भी नहीं लगा पाये हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों के कुल रनों को मिला भी दें तो वह पचास तक के आंकड़े पर भी नहीं पहुंचे हैं। इसी को देखते हुए टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि विराट को महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से सलाह लेनी चाहिये। गावस्कर ने यह बात इसलिए कही है क्योंकि अपने करियर के दौरान सचिन भी इस समस्या से गुजरे हैं ओर ऐसे में वह विराट को बता सकते हैं कि किस प्रकार इस परेशानी से बाहर आयें।

गावस्कर के अनुसार विराट की परेशानी का हल तेंदुलकर के पास मिल सकता है।गावस्कर ने कहा, 'मैं कोहली को तेंदुलकर के पास जाने के लिए कहूंगा। यदि मैं होता, तो उन्हें धैर्य रखने के लिए कहता। उनके पैर हिल रहे हैं। उनके सिर की पोजिशन भी अच्छी है। उनकी तकनीक में भी कुछ कमी नहीं है। इसके बाद भी वह एक ही तरीके से आउट हुए।इसी लिए कहा जाता है कि आपको थोड़े भाग्य की भी जरूरत होती है।'

कोहली कवर ड्राइव या ऑफ ड्राइव करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच दे रहे हैं।वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे में विराट ने 8 जबकि दूसरे एकदिवसीय में 18 रन बनाये थे। पिछले कुछ समय से वह बल्लेबाज के तौर पर नाकाम रहे हैं। गावस्कर इस बात से हैरान हैं कि बदकिस्मती उनका पीछा नहीं छोड़ रही। उन्होंने कहा, 'तीसरे एकदिवसीय मैच में इंडीज गेंदबाज अलजारी जोसफ की गेंद को कोहली यदि नहीं छेड़ते तो वह वाइड जा सकती थी पर लेग साइड में खेलने की कोशिश में वह अपना विकेट खो बैठे।'



बीजिंग में महिलाओं के शार्ट ट्रेक स्पीड स्केटिंग मुकाबले में भाग लेती हुई बेल्जियम की हन्ना डेसमेट व नीदरलैंड की सुजाने स्कलटिंग।

# आईपीएल मेगा नीलामी से पहले राहुल , पंड्या और विलियमसन की फिटनेस को लेकर आशंकाएं लगीं

बेंगलुरु, एजेंसी। यहां आईपीएल के 15 वें सत्र के लिए आज से शुरू हो रही दो दिवसीय नीलामी से पहले ही तीन टीमों के कप्तानों की फिटनेस को लेकर आशंकाएं लगायी जाने लगी हैं। इस नीलामी में भारत सहित 15 देशों के कुल 590 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इस बार नीलामी में आठ की जगह दस टीमें उतर रही हैं।लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के रूप में दो नई टीमें आईपीएल से जुड़ी हैं।इस दौरान हर टीम को 90 करोड़ रुपए खिलाड़ियों को खरीदने के लिए दिये गये हैं। ऐसे में कुल 900 करोड़ रुपए से दस टीमें खिलाड़ियों को खरीदेंगी।




नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान ही चोटिल हो गये। वह चोट के कारण ही तीसरे मैच में भी नहीं उतरे।इसके अलावा वे टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं।उनकी मांसपेशियों में भी खिंचाव है। दूसरी नई टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या भी कमर की सर्जरी के बाद से ही पूरी तक फिट नहीं हुए है। पिछले साल टी20 में वह उतरे थे पर गेंदबाजी नहीं कर पाये थे। इसके साथ ही वह आईपीएल के पिछले सत्र में गेंदबाजी नहीं कर पाये थे। अब देखना है कि पंड्या की फिटनेस इस सीरीज में कैसी रहती है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद (एसआएच) के कप्तान केन विलियमसन भी कोहनी की सर्जरी के बाद से ही रिहैब पर हैं हालांकि उन्होंने आईपीएल से पहले मार्च-अप्रैल में नीदरलैंड्स के खिलाफ होने वाली सीरीज तक भी फिट होने की उम्मीद जताई है।अब देखना है कि ये तीनों कप्तान मुकाबलों से पहले पफिट हो पाते हैं या नहीं।


# विराट के फार्म को लेकर परेशान नहीं हैं रोहित




अहमदाबाद, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के बल्लेबाजी में खराब प्रदर्शन के बाद भी टीम प्रबंधन परेशान नहीं है। प्रबंधन के अनुसार विराट जिस स्तर के बल्लेबाज है उसको देखते हुए उन्हें किसी प्रकार की सलाह की जरुरत नहीं है। विराट ने पिछले दो साल से कोई शतक नहीं लगाया है।इस सीरीज में भी वह अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं।विराट ने अब तक इस सीरीज में एक बार भी 20 रनों के ऊपर नहीं पहुंचा पाये हैं।उनका अधिकतम स्कोर 18 रन ही रहा है। विराट के इस सीरीज में लगातार खराब प्रदर्शन से उनके प्रशंसकों में निराशा है पर नये कप्तान रोहित शर्मा बिलकुल भी परेशान नहीं हैं। रोहित ने इसी कारण कहा कि विराट को किसी सहायता की जरुरत नहीं हैं।

विराट ने अब तक तीनों एकदिवसीय मुकाबलों में जल्दबाजी में अपना विकेट खोया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में विराट ने अर्धशतक लगाया था पर वह उसके शतक में नहीं बदल पाये। रोहित ने कहा, 'यह एक अलग बात है कि वह शतक नहीं लगा पाए हैं पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने तीन मुकाबलों में 2 बार अर्धशतक लगाया है।ऐसे में मुझे नहीं लगता है कि उन्हें बल्लेबाजी में कोई परेशानी है। टीम मैनेजमेंट भी इस मामले में परेशान नहीं है।

# आईपीएल मेगा नीलामी में शाहरुख के बच्चों ने संभाली केकेआर की टेबल



बेंगलुरु, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शनिवार से शुरू हुई दो दिवसीय मेगा नीलामी में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के मालिक शाहरुख खान नजर नहीं आये पर उनके दोनों बच्चे आर्यन खान और सुहाना खान केकेआर की टेबल पर उनकी जिम्मेदारी निभाते दिखे। इसके बाद से ही आर्यन और सुहाना सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं।केकेआर के प्रशंसक आर्यन के इस बदले रुख से खुश हैं। आर्यन पिछल साल ड्रग्स मामले में फंसे थे और उन्हें जेल तक जाना पड़ा था।इस मामले को लेकर शाहरुख को भी विपरीत हालातों का सामना करना पड़ा था। वहीं अब हालात सामन्य हो गये हैं। शाहरुख अपने काम में व्यस्त हैं इस दौरान उन्होंने अपने दोनों बच्चों को अनुभव के लिए आईपीएल नीलामी में भेजा। आर्यन और सुहाना को केकेआर की टीम के साथ सलाह करते हुए देखा गया। आर्यन ड्रग्स मामले के बाद काफी समय तक घर में ही रहे और नीलामी के जरिये वह पहली बार लोगों के सामने आये हैं। आर्यन और सुहाना नीलामी के दौरान काम में पूरी तरह से व्यस्त दिखे। आर्यन इस दौरान टीम से बात करते भी दिखे। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई हैं।माना जा रहा है कि शाहरुख खान काम के चलते नीलामी में नहीं आ पाये थे , इस कारण उन्हें इस काम की जिम्मेदारी आर्यन और सुहाना को सौंपी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहरुख आजकल अपनी फिल्म 'पठान' की शूटिंग में लगे हैं जिसमें दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम दिखाई देंगे।इसके अलावा वह सलमान खान की फिल्म में भी कैमियो में नजर आएंगे। आर्यन को साल 2021 में एनसीबी ने मुंबई क्रूज ड्रग्स केस में गिरफ्तार किया था। इस मामले में वह एक महीने तक जेल में भी थे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में हमने जो चाहा हासिल किया : रोहित

अहमदाबाद, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 3-0 की जीत के बाद कहा कि टीम जो चाहती थी उसने वह हासिल किया है।रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम की जीत के साथ अच्छी शुरूआत हुई है। तीसरे एकदिवसीय में मिली जीत के बाद रोहित ने कहा, 'हमने इस सीरीज में बहुत सी बातों को परखा है।हम इस सीरीज से जो कुछ भी चाहते थे, उसे हमने हासिल किया है।' उन्होंने साथ ही कहा, ह्यजब तक हम खेल रहे हैं कई प्रकार की बातें होती रहेंगी।हम जानते हैं कि हम भारत में उच्च स्तर का खेल खेल रहे हैं और लोगों की निगाहें हम पर हैं , इसलिए हमें मामूम है कि किस चीज पर ध्यान केंद्रित करना है।'

रोहित ने कहा, 'बाहर क्या बातें हो रही हैं इसका ड्रेसिंग रूम के माहौल पर प्रभाव नहीं पड़ता।हमसे जो उम्मीद की जा रही है, हम वैसा प्रदर्शन करते हैं तो यह अहम है।' उन्होंने तेज



गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की फिर से प्रशंसा की जिन्होंने तीन विकेट लिए और जिन्हें तीन मैचों में नौ विकेट लेने के लिए सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। रोहित ने कहा, ह्यहम चाहते थे कि गेंदबाज पिच से उछाल हासिल करें।हमारे पास ऐसा गेंदबाज है जो उस लेंथ से गेंदबाजी करके बल्लेबाजों को परेशान कर सकता है। हमारे तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा। यहां तक कि युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने जिस तरह से गेंदबाजी की उससे भी मैं प्रभावित था।शार्दुल ठाकुर, दीपक हुडडा को भी अच्छे अवसर मिले हैं।' वहीं स्पिनर कुलदीप यादव की सफल वापसी के बारे में कप्तान ने कहा, 'कुलदीप और चहल दोनों हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं।उन्होंने एक समूह के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है।' वहीं टीम की खराब शुरूआत के बाद मध्यक्रम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर कप्तान ने कहा कि यह देखकर उन्हें खुशी हुई है।

# आईपीएल नीलामी में केकेआर ने अय्यर को 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा

बेंगलुरु, एजेंसी।इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) के 15 वें सत्र के लिए शनिवार से दो दिवसीय नीलामी शुरू हुई। आईपीएल चेयरमैन बृजेश पटेल के संबोधन के साथ यह नीलामी शुरू हुई इस नीलामी में अब बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सबसे बड़ी रकम मिली हैं। अय्यर को तक कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सबसे ज्यादा रकम 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा है।मेगा ऑक्शन की शुरूआत मार्की प्लेयर्स पर बोली लगने के साथ हुई है।

वहीं सबसे पहले बोली शिखर धवन के लिए लगी। धवन को पंजाब किंग्स ने खरीदा जबकि आर अश्विन और शिमरोन हेटमायर राजस्थान रॉयल्स और की ओर से खेलेंगे। 1.50 करोड़ के आधारमूल्य पर हेटमायर को 8.50 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा है।

नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने एक करोड़ रुपये के आधार मूल्य वाले मनीष पांडे को 4.60 करोड़ रुपये में खरीदा है।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को 6.25 करोड़ रुपये में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा है।वॉर्नर इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान थे पर पिछले सत्र में उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया था।

वहीं 2 करोड़ रुपये आधारमूल्य वाले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस को विराट कोहली की रॉयल



चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 7 करोड़ रुपये में खरीदा है।

2 करोड़ रुपये मूल्य वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को 6.25 करोड़ रुपये में गुजरात टाइटन्स ने खरीदा है।

वहीं न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को 8 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज

कगिसो रबाडा को पंजाब किंग्स ने 9.25 करोड़ रुपये में खरीदा है।


ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 7.25 करोड़ रुपये में खरीदा है।

अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को राजस्थान रॉयल्स ने 5 करोड़ रुपये में खरीदा है।

सबसे पहली बोली शिखर धवन की लगी है, जिनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये है. दिल्ली कैपिटल्स ने सबसे पहले शिखर धवन के लिए बोली लगाई, जिसके बाद राजस्थान रॉयल्स ने शुरूआत की. दिल्ली और राजस्थान के बीच शिखर धवन के लिए लंबी रेस चली. पंजाब किंग्स ने शिखर धवन को 8.25 करोड़ रुपये में खरीद लिया है.

नीलामी के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिक शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान, बेटी सुहाना खान भी आईपीएल नीलामी में भाग लेने पहुंचे हैं।

# लिवर की सफाई करते हैं ये पांच फल



लिवर शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है। यह शरीर का मुख्य कार्य करता है। बता दें कि जहां आजकल बॉडी को डिटॉक्स करने की बात की जाती है लिवर वहीं कार्य करता है। यह शरीर से विषाक्त तत्वों को बाहर निकालता है। आप जो भी खाते हैं उसे पचाने में मदद करता है। प्रमुख रूप से प्रोटीन का निर्माण करता है। जरूरी पोषक तत्वों को फैट में परिवर्तित करता है। लंबे वक्त तक लिवर को हेल्दी रखने के लिए डाइट में सुधार करना जरूरी होता है। क्योंकि लिवर खराब होने के बाद अन्य बीमारियां भी हो सकती है। इसलिए लंबे वक्त तक लिवर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो अपनी डाइट में ये 5 फल जरूर शामिल करें।

**सेब :** अंग्रेजी में एक कहावत है an apple a day keeps the doctor away यानी प्रतिदिन एक सेब डॉक्टर से दूर रखता है। यह आपके लिवर को डिटॉक्स करता है। सेब शरीर में आयरन की कमी को दूर करता है। इसमें मौजूद पेक्टिन तत्व कोलेस्ट्रॉल, डाइजेस्टिव सिस्टम को ठीक करता है।

**बेरीज :** इसमें मौजूद पॉलीफेनॉल लिवर को स्वस्थ रखते हैं। इस फल का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उचित मात्रा में बेरीज में पोषक तत्व होते हैं।


**नींबू :** इसमें सबसे अधिक विटामिन सी मौजूद होता है। कोविड काल में डॉक्टर ने भी विटामिन सी सेवन करने की सलाह दी। यह इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। नींबू में मौजूद तत्व लिवर की कोशिकाओं को सक्रिय करते हैं।

**केला :** केला कई सारी बीमारियों का इलाज करने में मदद करता है। पेट संबंधित, अपच की समस्या, कमजोरी लगने पर केले का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, जब लिवर पर सूजन आती है तो खाना आसानी से नहीं पचता है। ऐसे में सुपाच्य भोजन ही करना चाहिए। डॉक्टर की सलाह से केले का सेवन कर सकते हैं।

**अंगूर :** अंगूर सभी को पसंद होते हैं। बच्चे भी बड़े चाव से इसे खाते हैं। अंगूर भी कई प्रकार के होते हैं। लाल, हरे, काले जिनमें जरूरी न्यूट्रिएंट्स मौजूद होते हैं। वहीं काले और लाल अंगूर का सेवन करने से लिवर स्वस्थ रहता है। लिवर में हुई सूजन, इन्फेक्शन को कम करने में मदद मिलती है। इसलिए अंगूर का सेवन करते रहना चाहिए।

## शारदीय नवरात्र अंतिम दिन

# नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गा प्रकीर्तिताः



माता दुर्गा के नौ वें स्वरूप का नाम सिद्धिदात्री है. ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं. भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थीं. इनकी ही अनुकंपा से भगवान शिवजी का आधा शरीर देवी का हुआ था, इसी कारण शिवजी 'अर्धनारीश्वर' के नाम से प्रसिद्ध हुए. माता सिद्धिदात्री चार भुजा धारी हैं. इनका वाहन सिंह है. कमल के पुष्प पर विराजित माता के दाहिने भुजाओं में चक्र और गदा तथा बायीं भुजाओं में शंख और पुष्प धारण है. नवरात्रि के अंतिम दिन इनकी उपासना की जाती है. माता सिद्धिदात्री की उपासना पूर्ण करने पर साधकों की लौकिक और पारलौकिक सभी कामनाएं पूर्ण होती है. इस दिन माता की पूजा इस मंत्र से की जाती है.

**वन्दे वांछित मनोरथार्थ चन्द्रार्घकृत शेखराम्।**
**कमलस्थितां चतुर्भुजा सिद्धीदात्री यशस्वनीम्॥**

–भृगुसंहिता आचार्य पं. रामप्रसाद मिश्र

# तनाव दूर करने के साथ कई बीमारियों से बचाता है बलासन



**बालासन के अभ्यास से घुटने में भी खिंचाव आता है और राहत मिलती है. इसके अभ्यास से पैरों की मांसपेशियों के साथ ही जोड़ भी हील होते हैं और उन्हें आराम से चलाने में मदद मिलती है. यह आसन, शरीर की खोई हुई ऊर्जा को वापस लौटाने वाला और शांति देने वाला है, जो, शरीर को आराम और ताजगी देता है.**

### क्या है बलासन

बालासन संस्कृत का शब्द है, जहां बाल का अर्थ बच्चे हैं. इस आसन को करते समय जमीन पर लेटे बच्चे की तरह आकृति बनती है और कूल्हे जमीन से ऊपर उठे हुए एवं घुटने जमीन से चिपके होते हैं. इसलिए इस आसन को बालासन पोज कहा जाता है. बालासन का अभ्यास सही तरीके से करने से यह शरीर के कई विकारों को दूर करने में मदद करता है.

### बालासन की विधि

बालासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं.
अब दोनों हाथों को आगे की ओर करें और सिर को जितना हो सके नीचे की ओर झुकाएं.
अपने हाथों को सिर से लगाते हुए आगे की ओर सीधा रखें और हथेलियां जमीन रखें.
शुरुआत में 15 से 20 सेकेंड इस आसन का अभ्यास करें, बाद में समय बढ़ा सकते हैं.

### बालासन करने के फायदे


इस आसन के अभ्यास के दौरान रीढ़ की हड्डी या स्पाइनल कॉलम में राहत मिलती है.
बालासन शरीर में मांसपेशियों को राहत देता है और पीठ दर्द को दूर करने में मदद करता है.
बालासन करने के शरीर के अंदरूनी अंगों में लचीलापन आता है.
कमर दर्द, कंधे, गर्दन, पीठ तथा जोड़ों के दर्द और मांसपेशियों के दर्द में यह बहुत लाभकारी है.
महिलाओं को पीरियड्स के दौरान होने वाला दर्द खत्म होता है.
बलासन का नियमित अभ्यास दिमाग का तनाव दूर शांति देता है.

### बलासन के दौरान रखें ये सावधानियां

घुटनों में किसी तरह की चोट लगी हो तो बालासन का अभ्यास न करें.
डायरिया से पीड़ित लोगों को बालासन करने से परहेज करना चाहिए.
प्रेगनेंट महिलाएं इस आसन का अभ्यास न करें.

स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं ये

# आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां



महामारी के कारण हम में से बहुत से लोग अभी भी घर से काम कर रहे हैं. घर से काम करना, एक ही जगह बैठे-बैठे घंटों बिताना, किसी भी तरह की शारीरिक गतिविधि में शामिल न होना, इस दौरान हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को नुकसान पहुंचाता है. इस वजह से पीठ दर्द, सिरदर्द, सर्दी, खांसी, थकान जैसी कुछ सामान्य स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं जिनका सामना बहुत से कामकाजी लोग करते रहे हैं. जहां हम कई स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज करते रहते हैं, वहीं कुछ गंभीर हो सकती हैं और लंबे समय में हमें नुकसान पहुंचा सकती हैं. कुछ आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है.

**सौंफ :** सौंफ हर भारतीय रसोई में आसानी से मिल जाती है. हम नियमित रूप से सौंफ का इस्तेमाल भोजन के बाद करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन बीजों में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं. खाने के बाद इसका सेवन करने के अलावा और भी कई तरह से इनका सेवन किया जा सकता है. इसका इस्तेमाल कई तरह के व्यंजनों में भी किया जाता है.

**आंवला :** आंवले के कई स्वास्थ्य लाभ हैं. आपके बालों और त्वचा से लेकर स्वास्थ्य तक आंवला बेहद फायदेमंद है. ये आपके बालों को बढ़ाने में मदद करता है. ये आपकी आंखों की रोशनी में सुधार करने में प्रभावी है. आंवला एक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है. इसमें विटामिन सी होता है जो आपकी इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करता है. आंवला लिवर से संबंधित समस्याओं को भी ठीक करता है और आपके दैनिक पाचन में मदद करता है. आंवला को अपने आहार में शामिल करने के कई तरीके हैं – आंवला जूस, कच्चा आंवला, आंवला अचार, आंवला डिटॉक्स वॉटर.

**इलायची :** इलायची हमारी रसोई में इस्तेमाल होने वाला एक और आम मसाला है. इलायची के कई स्वास्थ्य लाभ हैं. आम खांसी और जुकाम के लिए इलायची काफी फायदेमंद होती है. ये आमतौर पर चाय और अन्य व्यंजनों की तैयारी में पाउडर के रूप में इस्तेमाल की जाती है. इलायची का तेल बैक्टीरिया और फंगस को मारने में मदद करता है. इलायची को अपने दैनिक भोजन में शामिल करने से आपके हृदय की कार्यक्षमता में सुधार होता है और मसूड़ों की बीमारियों का इलाज होता है.

**हल्दी :** हल्दी का इस्तेमाल नियमित रूप से मसाले के रूप में किया जाता है. हल्दी में औषधीय गुण होते हैं. ये जोड़ों के दर्द, सूजन, सिरदर्द, खासकर माइग्रेन से राहत दिलाने में मदद करता है. बुखार होने पर आप हल्दी वाला दूध पी सकते हैं. हल्दी इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करती है और त्वचा संबंधी समस्याओं में भी फायदा करती है.

**दालचीनी :** दालचीनी अपने एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों के लिए जानी जाती है. इसके अद्भुत गुण ऑक्सीडेटिव क्षति को रोकते हैं. ये आपके मेटाबॉलिज्म और पाचन में सुधार करती है. ये ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद करती है यहां तक कि रक्त प्रवाह को भी बढ़ाती है.

# सौंदर्य के अलावा स्वास्थ्य के लिए भी वरदान है एवोकैडो



एवोकैडो एक अत्यधिक पौष्टिक फल है. ये मिनरल और विटामिन से भरपूर होता है. इसमें उच्च मात्रा में प्रोटीन के साथ-साथ फैट भी होता है. इसमें मोनोअनसैचुरेटेड फैट होता है जो स्वस्थ हृदय को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है. एवोकैडो न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी लाभदायक है. इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं. आइए जानें एवोकैडो के लाभ.

ये फल सुपरफूड के रूप में जाना जाता है. ये एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन बी6, ए, ई और सी से भरपूर होता है. ये कैल्शियम और पोटैशियम से भरपूर होता है. ये न केवल बाहरी सुंदरता के लिए बल्कि आंतरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है. ये कोलेस्ट्रॉल कम करके हृदय को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है. इसमें फाइबर होता है जो पेट के लिए फायदेमंद है.

### पोषक तत्वों से भरपूर

विटामिन शरीर की मेटाबॉलिज्म प्रक्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं. ये स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है. एवोकैडो में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं. इम्युनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन सी बहुत अच्छा है. ये आपको बीमार होने से बचाता है. विटामिन सी त्वचा की उम्र बढ़ने के संकेतों को भी रोकता है. एवोकैडो में पाया जाने वाला विटामिन बी त्वचा की नई कोशिकाओं के निर्माण में मदद करता है. विटामिन ए और ई आपकी त्वचा को जवां और बालों को स्मूद बनाते हैं. एवोकैडो फेस पैक त्वचा के रूखेपन को दूर करने में मदद करता है. ग्लोइंग त्वचा के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.

### एवोकैडो का तेल

एवोकैडो तेल त्वचा और बाल दोनों के लिए बहुत ही पौष्टिक होता है. ये हर्बल क्रीम, क्लींजर, शैंपू, बॉडी बटर, बाथ ऑयल, फेस और हेयर पैक में पाया जाता है. एवोकैडो खाने और तेल लगाने से स्कैल्प को पोषण मिलता है और बाल जड़ से मजबूत होते हैं.

### इसका इस्तेमाल कैसे करें

एवोकैडो को मैश करें, इसमें थोड़ा सा नींबू का रस और थोड़ा शहद मिलाएं. अपने बालों में हेयर पैक की तरह लगाएं. इसे 30 मिनट तक लगा रहने दें. इसके बाद धो लें. ये आपके बालों को चमकदार और मुलायम बनाने में मदद करेगा.

# फोरहेड के अनचाहे बालों को हटाने के घरेलू उपाय



**अधिकतर लड़कियों और लड़कों में माथ काला दिखाई देता है। कुछ तो इसे थेड से क्लीव करवा लेते हैं लेकिन कुछ लोग ऐसा करने से बचते हैं। कुछ महिलाएं अपने माथे को साफ करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों को खोजती रहती है। अगर आप माथे के बालों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो आप भी इन घरेलू चीजों को अपना सकते हैं। ये पूरी तरह से नेचुरल है और इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। आइए जानते हैं।**

### आलू और शहद

आलू और शहद दोनों ही स्किन की खूबसूरती बढ़ाने के लिए काम करते हैं। इसे बनाने के लिए आलू को पीस लें और फिर उसमें शहद में मिक्स करें। फिर इस पेस्ट में दो से तीन बूंद नींबू का रस मिलाएं और माथे पर लगाएं। जब यह सूख जाए तो उंगलियों की मदद से रगड़ते हुए इसे निकालें।

### बेसन और दूध

इसकी मदद से अनचाहें बालों को हटाने के लिए आप बेसन और दूध को मिला कर एक गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। अब इसे अपने माथे पर लगे लें, जब यह सूखने लगे तो इसे उंगलियों से रगड़कर उसे साफ करें। इससे न सिर्फ गंदगी साफ होगी बल्कि माथ से अनचाहे बाल भी निकलेंगे। इसे हफ्के में 2 बार ट्राई करें।

### एलोवेरा और अंडा

माथे से अनचाहे बालों को हटाने के लिए आप एलोवेरा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक बाउल में एग वाइट लें और उसमें एक चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स करें। दोनों इनग्रेडिएंट को अच्छे से मिक्स करें और फिर कॉटन बॉल की मदद से लगाएं और सूखने दें। जब यह सूख जाए तो उंगलियों की मदद से पील ऑफ मास्क की तरह हटाएं।

# ऑयली स्किन पर जल्दी नहीं पड़ती झुर्रियां

### एजिंग की समस्या रहती है दूर

अगर बात एजिंग की करें तो नॉर्मल या ड्राई स्किन वालों को जल्दी झुर्रियां पड़ती है। मगर ऑयली स्किन वाली महिलाओं की स्किन लंबे समय तक जवां रहती है। इनकी स्किन पर जल्दी बुढ़ापा नहीं आते हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट के अनुसार, तैलीय त्वचा वालों के स्किन सेल्स पर नेचुली ऑयल रहता है। ऐसे में इनकी स्किन में खिंचाव होने की परेशानी नहीं होते हैं। स्किन में खिंचाव होने से झुर्रियां होने की समस्या दूसरों की तुलना में देरी से होती है।

### स्किन रहती है ग्लोइंग

शायद आपने कभी इस बात पर ध्यान नहीं दिया होगा, मगर तैलीय त्वचा वालों वालों का चेहरा ड्राई या अन्य स्किन टाइप वालों से अधिक ग्लो करता है। ऑयली स्किन वालों का स्किन टोन चाहे डार्क या नहीं फिर भी वे ग्लोइंग नजर आते हैं।

### अधिक केयर की नहीं जरूरत

ऑयली स्किन वालों अधिक केयर की जरूरत भी नहीं होती है। इनके चेहरे पर भले हगी पिंपल्स, एक्ने आदि हो। मगर ये थोड़ी सी केयर करके इससे छुटकारा पा लेते हैं। इन्हें बस डेली मॉर्निंग और नाइट स्किन क्लीनिंग की जरूरत होती है।

### जल्दी दूर होते हैं दाग धब्बे

वैसे तो ड्राई व अन्य स्किन टाइप की तरह ऑयली त्वचा वालों को भी पिंपल्स, दाग, धब्बे की समस्या होती है। मगर ये थोड़ी सी केयर करके ही इस समस्या से छुटकारा पा सकती है। इतना ही नहीं स्किन पर चोट लगने या टैनिंग होने पर भी इनके चेहरे पर पड़े दाग जल्दी ही साफ हो जाते हैं। असल में, इनकी त्वचा में ऑयल प्रोड्यूसिंग ग्लैंड्स लगातार जिस प्राकृतिक तेल का उत्पादन करते हैं, वे अपने आप ही स्किन सेल्स को हील करने में मदद करते हैं।

### ऐसे करें ऑयली स्किन की देखभाल

- दिन में 2-3 बार चेहरा धोएं।
- कहीं बाहर जाने से पहले सनसक्रीन लगाएं।
- आप चेहरे को किसी कॉटन के कपड़े से कवर भी कर सकती है।
- खूब सारा पानी पीएं।

फेसपैक लगाएं

आप अपनी ऑयली स्किन को साफ, ग्लोइंग व जवां बनाएं रखने के लिए फेसपैक भी लगा सकती है। इसके लिए एक कटोरी में 2 बड़े चम्मच मुल्तानी मिट्टी, जरूरत अनुसार गुलाब जल और नींबू रस की कुछ बूंदें मिलाएं। तैयार पेस्ट को चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाएं। बाद में पानी से मुंह धो लें। अच्छा रिजल्ट पाने के लिए इसे हफ्ते में 2-3 बार लगाएं।



# सब्जी ज्यादा तीखी हो जाए तो इन टिप्स से कम करें



**सब्जी या दाल कितनी भी टेस्टी बनी हो लेकिन अगर उनमें ज्यादा मिर्च पड़ जाए, तो टेस्ट खराब हो जाता है। ऐसे में सब्जी में ज्यादा नमक को ठीक करने के उपाय तो ज्यादातर लोगों को पसंद होता है लेकिन मिर्च ज्यादा होने पर क्या करें, इसका उपाय ज्यादातर लोगों को पता नहीं होता। ऐसे में जानते हैं कुछ टिप्स–**

- सब्जी का तीखापन कम करने के लिए आप मलाई, दही और फ्रेश क्रीम डाल सकते हैं।
- अगर तरी वाली सब्जी है तो इसमें टमाटर की प्यूरी भी डाल सकते हैं, लेकिन प्यूरी को पहले ही थोड़ा-सा तेल डालकर अलग बर्तन में पका लें।
- उबले हुए आलू को मैश कर सब्जी में मिक्स कर देने से इसमें से मिर्च को कम किया जा सकता है इसका स्वाद भी बढ़ जाएगा।
- अगर सब्जी सूखी है, तो इसमें थोड़ा-सा बेसन भूनकर मिला दें फिर देखिए तीखापन कैसे गायब होता है।
- सब्जी में नारियल का तेल मिलाने से भी तीखापन कम हो जाता है।
- अगर कहीं कढ़ी ज्यादा तीखी हो गई है, तो 4-5 चम्मच दही फेंटकर मिला देने से तीखेपन को बैलेंस किया जा सकता है।
- अगर ग्रेवी वाली सब्जी ज्यादा तीखी हो गई है तो इसमें थोड़ा दूध, घिसा हुआ मावा (खोया), काजू का पेस्ट, ताजी क्रीम आदि डालकर स्वाद बैलेंस किया जा सकता है। एक बार चखकर जरूर देख लें और जरूरत हो तो जरा-सा नमक और खटाई डाल लें।
- अगर आलू की सब्जी है और सब्जी गाढ़ी है, तो इसमें उबला पानी डाल सकते हैं। पानी डालने के बाद एक उबाल लीजिए और चखकर नमक देख लीजिए।

## आज की रेसिपी

# काले चने के कबाब



वीकली गिल्ट फ्री कॉटेंस्ट की इस रेसिपी को हम आपके साथ शेयर कर रहे है जिसे काले चने, ब्राउन ब्रेड और मसाले डालकर तैयार किया गया है.

**सामग्री :**

- 250 gms काले चने
- 3-4 ब्राउन ब्रेड
- 1 प्याज, बारीक कटा हुआ
- 3-4 लहसुन
- 1/2 इंच टुकड़ा अदरक, कद्दूकस किया हुआ
- 2-3 हरी मिर्च, बारीक कटी हुई
- धनिया, बारीक कटा हुआ
- 1 टी स्पून गरम मसाला
- स्वादानुसार नमक
- तलने के लिए तेल

**विधि :**

- काले चने को कम से कम 5 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखें.
- चने के फूड प्रोसेसर में थोड़े से पानी के साथ पीस लें.
- इसमें अब बची हुई सामग्री जैसे प्याज, हरी मिर्च, अदरक और मसाले डालें.
- अब मिश्रण में मौजूद पानी को ब्राउन ब्रेड डालकर सोख लें.
- मिश्रण को स्थिरता में लाने का एक बहुत बढ़िया तरीका है.
- अब इसमें गरम मसाला डालें.
- कबाब के मिश्रण को कुछ देर के लिए एक तरफ रख दें.
- नॉनस्टिक तवे पर तेल गर्म करें.
- मिश्रण से हाथ से कबाब बनाएं
- नॉनस्टिक तवे पर बहुत ही कम तेल का इस्तेमाल करते हुए दोनों तरफ से कबाब को रोस्ट करें.
- पुदीने की चटनी के साथ सर्व करें.